नई दिल्ली
बुधवार, 8 मई 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, अमावस्या वर्ष : 28, अंक : 27
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 41
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## प्रधानमंत्री मोदी ने गांधी नगर और अमित शाह ने अहमदाबाद में वोट डाला

# 11 राज्यों की 93 सीटों पर 65% वोटिंग, असम में सबसे ज्यादा 76% तो सबसे कम गुजरात में 57%

### वोट देने के बाद बच्चे को दुलारते पीएम





पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान



पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह



ग्वालियर में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य



पूर्व सीएम बसवराज बोम्मई



पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार

### कहां- कितने प्रतिशत मतदान

| | |
|---|---|
| बिहार | 58.16 |
| छत्तीसगढ़ | 68.62 |
| महाराष्ट्र | 61.44 |
| असम | 77.06 |
| गोवा | 75.13 |
| कर्नाटक | 69.43 |
| उत्तर प्रदेश | 57.34 |
| मध्य प्रदेश | 66.50 |
| पश्चिम बंगाल | 73.96 |
| गुजरात | 57.62 |
| दमन दीव | 65.62 |

जिन 93 सीटों पर वोटिंग हुई है उनमें 2019 में 66.89% मतदान दर्ज किया गया था। तब सबसे ज्यादा 90.66% मतदान असम की धुबरी सीट पर हुआ था। सबसे कम 54.53% मतदान मध्य प्रदेश की भिंड सीट पर हुआ था।

## बिहार-छत्तीसगढ़ में 3 की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 93 निर्वाचन क्षेत्रों में 63 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में छिटपुट हिंसा की सूचना मिली हैं। निर्वाचन आयोग के रात 10:40 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक असम में सबसे अधिक 77.06% मतदान हुआ, गोवा में 75.13% और पश्चिम बंगाल में 73.96% मतदान हुआ, जबकि उत्तर प्रदेश में सबसे कम 57.34% मतदान हुआ। आयोग के आंकड़ों के मुताबिक बिहार 58.16%, गुजरात 57.62% और महाराष्ट्र 61.44% के साथ थोड़ा बेहतर प्रदर्शन कर रहा। आयोग के मुताबिक कुल मत प्रतिशत 63.53 रहा।

बिहार में वोटिंग के दौरान पीठासीन अधिकारी और होमगार्ड जवान की मौत हो गई है। छत्तीसगढ़ के जशपुर में मतदान करने पहुंचे एक बुजुर्ग वोटर की मौत हो गई। वहीं, पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के भाजपा कैंडिडेट और टीएमसी समर्थक के बीच झड़प हुई है। यूपी के संभल में पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कुछ लोग घायल हो गए। गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया समेत सात मंत्रियों सहित सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी और मैनपुरी सांसद डिंपल यादव की किस्मत भी इसी चरण में ईवीएम में बंद हो गई।

### अहमदाबाद में पीएम मोदी ने किया वोट



### शाह ने परिवार सहित किया वोट



### पीएम ने बच्ची को गोद में लेकर हवा में उछाला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधी नगर स्थित एक मतदान केंद्र पर वोट डाला। उनके साथ गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री सफेद कुर्ता-पायजामा और भगवा जैकेट पहने हुए थे। वहीं अमित शाह सफेद कुर्ता-पायजामा के साथ भगवा रंग का गमछा लिए हुए थे। पीएम मोदी कार से उतरने के बाद अमित शाह के साथ पैदल ही लोगों का अभिवादन करते हुए बूथ तक पहुंचे और मतदान किया। वोट डालने के बाद प्रधानमंत्री ने बच्चों के हाथ पर ऑटोग्राफ दिया। लोगों के साथ तस्वीरें क्लिक करवाईं। एक बच्ची को गोद में लेकर हवा में उछाला। इस दौरान एक बुजुर्ग महिला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मतदान के बाद बोले पीएम मोदी...

#### भारत की चुनाव प्रक्रिया दुनिया के लोकतंत्रों के लिए सीखने का एक उदाहरण

भारत की चुनाव प्रक्रिया, चुनाव प्रबंधन दुनिया के लोकतंत्रों के लिए सीखने का एक उदाहरण है। दुनिया के सबसे बड़े विश्वविद्यालयों को एक केस स्टडी करनी चाहिए। लगभग 64 देशों में चुनाव हैं और वहां उन सभी की तुलना होनी चाहिए। यह वर्ष लोकतंत्र के उत्सव की तरह है...इससे पहले उन्होंने अहमदाबाद में एक आवासीय सोसायटी में लोगों से मुलाकात की। इससे पहले अमित शाह ने अपनी पत्नी सोनल शाह के साथ कामेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### हुबली




केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने अपनी पत्नी ज्योथि के साथ कर्नाटक के हुबली में मतदान किया।

### अमरेली गुजरात



केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रुपाला ने परिवार के सदस्यों के साथ गुजरात के अमरेली जिले के ईश्वरीया में मतदान किया।

### कलबुर्गी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कलबुर्गी में मतदान किया।

### बारामती



बारामती में नेशनल कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने मतदान किया।

### गोवा




गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई ने पत्नी रीटा के साथ मतदान किया।

### पूर्वोत्तर में महिलाओं में उत्साह



गुवाहाटी में बारिश के बीच उत्साहित मतदाताओं विशेष रूप से महिलाओं ने मतदान किया।




## आकाश की नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से छुट्टी

लखनऊ। सीतापुर में भड़काऊ भाषण देना बसपा के नेशनल कोआर्डिटनेटर और बसपा सुप्रीमो मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद पर भारी पड़ गया। मायावती ने मंगलवार देर रात उन्हें दोनों अहम जिम्मेदारियों से अलग कर दिया। इसकी वजह उनका अपरिपक्व होना बताई गई है।



### चुनाव की 'नई धार' : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार में कहा- मोदी को '400 सीटें' चाहिए

# ताकि... कांग्रेस 370 वापस न लाए राम मंदिर पर बाबरी ताला न लगा दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में कहा कि कांग्रेस के लोग एक नई अफवाह उड़ा रहे हैं कि मोदी को 400 सीटें मिल गईं, तो वो संविधान बदल देगा।ऐसा लगता है जैसे कांग्रेस वालों की बुद्धि पर वोट बैंक का ताला पड़ गया है। अरे, इनको पता होना चाहिए कि 2014 से 2019 और 2019 से 2024 मोदी के पास एनडीए और एनडीए प्लस के रूप में 400 सीटों का समर्थन तो था ही। धार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को अपमानित करने का आरोप लगाया। बोले कि विपक्षी दल ने यह कहना ▶▶ शेष पेज 5 पर



पीएम ने कहा कि कांग्रेस की चली तो कांग्रेस कहेगी कि भारत में जीने का पहला हक भी उसके वोट बैंक का है। लेकिन जब तक मोदी जिंदा है, नकली सेक्युलरिज्म के नाम पर भारत की पहचान मिटाने की कोई भी कोशिश मोदी सफल नहीं होने देगा, और ये हजारों वर्ष पुराने भारत को, उसकी इस संतान की गारंटी है।

विपक्ष के इंडी गठबंधन के सहयोगियों को जनता के भाग्य की चिंता नहीं

इंडी गठबंधन अपने परिवार को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं



### कांग्रेस चाहती है कि संविधान बनाने का श्रेय बाबा साहेब को न मिले

मोदी ने कहा कि सच्चाई यह है कि कांग्रेस परिवार डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर से बेहद नफरत करता है। इसी नफरत में अब कांग्रेस ने एक और चाल चली है। कांग्रेस चाहती है कि संविधान बनाने का श्रेय बाबा साहेब को न मिले। कांग्रेस ने कहना शुरू कर दिया है कि संविधान बनाने में बाबा साहेब का योगदान तो कम था, संविधान बनाने में नेहरू जी ने सबसे बड़ी भूमिका निभाई थी। यही नहीं, कांग्रेस के लोग एक नई अफवाह उड़ा रहे हैं कि मोदी को 400 सीटें मिल गईं, तो वो संविधान बदल देगा।

### तय करना होगा कि देश 'वोट जिहाद' से चलेगा या 'राम राज्य' से

मोदी ने मंगलवार को कहा कि लोगों को यह तय करना होगा कि देश 'वोट जिहाद' से चलेगा या 'राम राज्य' से। खरगोन में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने विपक्षी कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि उसकी मंशा बहुत खतरनाक है और वह उनके खिलाफ 'वोट जिहाद' का आह्वान करती है। उन्होंने कहा कि भारत इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है,आपको ▶▶ शेष पेज 5 पर

### केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर कोर्ट में चल रही थी बहस, फिर बिना फैसला दिए उठ गई बेंच

## अगर जमानत मिलती है तो आप फाइलें 'साइन' नहीं कर सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कोई फैसला नहीं दिया है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद बिना कोई आदेश दिए उठ गई। अब इस मामले में अगली सुनवाई नौ मई को हो सकती है।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना ने सुनवाई के दौरान कहा कि हम साढ़े बारह बजे अंतरिम बेल के सवाल पर विचार करेंगे। जिस पर सरकार की तरफ से पेश हुए एएसजी एसवी राजू की तरफ से आपत्ति जताई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के ▶▶ शेष पेज 5 पर



### 20 मई तक न्यायिक हिरासत बढ़ी

*दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी है। सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी। इससे पहले, आम आदमी पार्टी (आप) के नेता को उनकी पूर्व में दी गई हिरासत की अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत के समक्ष पेश किया गया था।*

### हरियाणा में भाजपा को झटका

## तीन निर्दलीय विधायकों ने सैनी सरकार से वापस लिया समर्थन

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ

लोकसभा चुनाव के बीच हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार बड़ा झटका लगा है। कारण, तीन निर्दलीय विधायकों ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने राज्य में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। तीन विधायकों सोमबीर सांगवान, रणधीर गोलेन और धर्मपाल गोंदर ने ये भी कहा कि उन्होंने चुनाव के दौरान कांग्रेस को समर्थन देने का फैसला किया है।



■ किसानों से जुड़े मुद्दों पर लिया फैसला

तीनों विधायकों ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा और राज्य कांग्रेस प्रमुख उदय भान की मौजूदगी में रोहतक में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह घोषणा की। निर्दलीय विधायक गोंडर ने कहा, हम सरकार से समर्थन वापस ले रहे हैं। हम कांग्रेस को अपना समर्थन दे रहे हैं। हमने किसानों से जुड़े मुद्दों सहित विभिन्न मुद्दों पर यह निर्णय लिया है।

### जम्मू-कश्मीर में सेना का बड़ा एक्शन

## एनकांउटर में लश्कर कमांडर बासित डार सहित 2 आतंकी ढेर



बसित अहमद डार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना को जम्मू-कश्मीर में जारी एनकाउंटर के दौरान बड़ी सफलता मिली। सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर बसित अहमद डार सहित कुल दो अतंकियों को लंबी मुठभेड़ के बाद मार गिराया। उसके सिर पर था 10 लाख रुपए का इनाम था। उसका नाम आतंकियों की ए++ श्रेणी में था।

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच यह मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने मंगलवार को यहां बताया कि जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सोमवार देर रात रेडवानी गांव में घेराबंदी की थी। वहां तलाशी अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी अभियान मुठभेड़ में ▶▶ शेष पेज 5 पर



## बैन आतंकी संगठन से चंदा लेने का काम करती है आप : सचदेवा

# प्रदेश भाजपा ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यह जग जाहिर है कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार एवं दलाली में लिप्त हैं लेकिन इससे अधिक शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता कि जो लोग देश को तोड़ने की बात करते हैं आज आप उसी टुकड़े-टुकड़े गैंग का साथ देती है और जो आतंकी संगठन बैन है उससे चंदा लेने का काम करती है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी मुख्यालय के सामने आतंकवादी संगठन से आम आदमी पार्टी द्वारा फंड लिए जाने के खिलाफ प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान उक्त संबोधन दिया। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि देश के दुश्मन से 134 करोड़ रुपये लेकर आम आदमी पार्टी ने देशद्रोह का काम किया है, इसके लिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। सचदेवा ने दिल्ली के उपराज्यपाल का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस मामले में जांच कराने के आदेश दिए हैं।






### आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस दोनों पार्टियां माओवादी विचारधारा की हैं

इस दौरान विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस दोनों पार्टियां माओवादी विचारधारा की हैं और उसी के अनुसार काम करती है, यह सिर्फ जातीय हिंसा फैलाने का काम करती हैं। वहीं, सरदार आर.पी. सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल दिल्ली सरकार में भ्रष्टाचार के जनक हैं, दिल्ली सरकार के हर भ्रष्टाचार का उनसे सीधा रिश्ता है और आतंकवादी संस्था तक से पैसे लेकर केजरीवाल ने दिखा दिया की की उनके नैतिक मूल्यों का पूरी तरह पतन हो चुका है।

### पुलिस आईपी एक्सटेंशन थाना ले गई, बाद में चेतावनी दे कर छोड़ दिया

प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार प्रदर्शनकारियों ने पुलिस द्वारा लगाए गए बेरीगेड को तोड़कर आम आदमी पार्टी कार्यालय की ओर बढ़ने की कोशिश की जिसके बाद दूसरे बेरीगेट्स के सामने उन्हें रोका गया और पुलिस ने उन्हें डिटेन करके थाना आईपी एक्सटेंशन ले गई जहां से कुछ देर बाद चेतावनी दे कर छोड़ दिया। प्रदर्शन को भाजपा नेता सरदार आर पी सिंह, विजेन्द्र गुप्ता, मोहन सिंह बिष्ट, अनिल बाजपेयी, अमित गुप्ता, जिला अध्यक्ष सहित बड़ी की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### देश की सुरक्षा के साथ कभी भी हम समझौता नहीं कर सकते

सचदेवा ने कहा कि राजनीति में मनभेद या मतभेद हो सकता है लेकिन देश की सुरक्षा के साथ कभी भी हम समझौता नहीं कर सकते और आज आम आदमी पार्टी की राजनीति चरित्र को इसी समझा जा सकता है कि वह आतंकी संगठन से चंदा लेने से भी पीछे नहीं हटे। उन्हें शहीद-ए-आजम भगत सिंह का नाम लेने वाले अरविंद केजरीवाल और उनके मंत्री को शर्म आनी चाहिए कि वह देश के दुश्मनों के साथ मिलकर शहीदों की शहादत को शर्मसार कर रहे है।

### आप का छात्र संगठन सीवाईएसएस का भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन सीवाईएसएस ने दिल्ली के फिरोजशाह कोटला स्टेडियम में आईपीएल मैच के दौरान विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को हुए इस विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने 'जेल का जवाब वोट से' लिखी हुई टी शर्ट पहनी हुई थी। छात्रों ने जमकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रिहा करो, भाजपा सरकार की तानाशाही नहीं चलेगी, जेल के ताले टूटेंगे अरविंद केजरीवाल छूटेंगे और अरविंद केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाए। छात्रों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को अवैध ठहराया और कहा कि मोदी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी काम करने वाले हमारे मुख्यमंत्री को बिना किसी सबूत के जेल के अंदर बंद कर रखा है। छात्रों के विरोध प्रदर्शन पर आम आदमी पार्टी की यूथ विंग की नेता वंदना सिंह ने कहा कि एक आईआईटी इंजीनियर और आईआरएस ऑफिसर अपना सब कुछ दांव पर लगा कर, कई सालों तक झुग्गियों में काम करके, दिल्ली और देश के लोगों की आवाज उठाते हुए, दिल्ली का मुख्यमंत्री बना। उन्होंने मुख्यमंत्री बनकर भी दिल्ली के लोगों की भलाई के लिए काम करना जारी रखा। उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षा के छेत्र में बेहतरीन काम किया। उन्होंने महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा और गरीबों को फ्री बिजली पानी मुहैया कराया। वंदना सिंह ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि एक कट्टर ईमानदार मुख्यमंत्री को भाजपा सरकार ने केवल कुछ बयानों के आधार पर जेल में बंद कर दिया।

# नाबालिग से बलात्कार के आरोप में बिहार से एक व्यक्ति दबोचा



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 13 साल की एक नाबालिग लड़की से कथित रूप से बलात्कार करने को लेकर बिहार में नेपाल की सीमा के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पश्चिम) रोहित मीणा ने बताया कि एक मई को यह मामला तब सामने आया जब इस लड़की की मां उसे जांच के लिए अस्पताल ले गयी और वहां उसे पता चला कि उसकी बेटी गर्भवती है। उन्होंने बताया कि सफदरजंग अस्पताल से ऐसी सूचना मिलने के बाद दिल्ली छावनी थाने के पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने लड़की की मां का बयान दर्ज किया। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि चूंकि पीड़िता नाबालिग है, इसलिए वह आरोपी के नाम के सिवा उसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता पायी। उन्होंने कहा कि पीड़िता के परिवार के लोग भी आरोपी का ब्योरा नहीं दे पाये क्योंकि उनके पास उसका मोबाइल नंबर एवं अन्य जानकारी नहीं थी। मीणा के मुताबिक तब पुलिस ने अपने मुखबिरों को सक्रिय किया और उसे पता चला कि आरोपी नेपाल में छुपा है। उनके अनुसार तब पुलिस ने जाल बिछाया और उसे संपत्ति संबंधी किसी काम के बहाने बुलाया। पुलिस उपायुक्त ने कहा, ''जब आरोपी सीमा पर पहुंचा तब पुलिसकर्मियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया और वे फिर उसे लेकर दिल्ली आ गये।'' पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ भादंसं की धारा 376 (बलात्कार) एवं बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे मंगलवार को अदालत में पेश किया गया और अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### अमानतुल्लाह के बेटे की गुंडई पर आप नेताओं को देना चाहिए जवाब : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान के बेटे द्वारा एक पैट्रोल पंप पर मारपीट एवं गुंडई का जो वीडियो सामने आया है उससे दिल्ली एवं नोयडा के नागरिक स्तब्ध हैं। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता कपूर ने कहा है कि अमानतुल्लाह खान स्वयं इसी प्रकार की दबंगई के लिए जाने जाते हैं और उनके बेटे ने बिल्कुल उनके व्यवहार का अनुसरण किया है। कपूर ने कहा है कि किसी भी शहर की कानून व्यवस्था को ऐसे दबंग ही बिगाड़ते हैं और मंगलवार की घटना के बाद कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने वाले आम आदमी पार्टी नेताओं को अपने साथी विधायक अमानतुल्लाह खान के बेटे की गुंडई पर जवाब देना चाहिए।

## मच्छर जनित बीमारियों की चपेट में दिल्ली : इकबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ आप सरकार जनता को मच्छरों के हवाले छोड़ चुनावी कार्यक्रमों में व्यस्त

दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार के आने के बाद पूरी दिल्ली मच्छर जनित बीमारियों की चपेट में आ गई है और महापौर डॉ. शैली ओबरॉय के कार्यभार संभालते ही डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों से संबंधित डेंगू रिपोर्ट भी सार्वजनिक नहीं की जाती है। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने महापौर पर निशाना साधते हुए मंगलवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि निगम की आप सरकार जनता को मच्छरों के हवाले छोड़ चुनावी कार्यक्रमों में व्यस्त है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की आप सरकार के कुप्रबंधन के चलते मच्छर जनित बीमारियों की दिन ब दिन बदतर स्थिति हो रही है। जब से निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है दिल्ली नगर निगम के हर विभाग में अव्यवस्था फैली हुई है और जनता के हक की बात करने वाला कोई भी नहीं है। निगम की आप सरकार मच्छरों को रोकथाम के मोर्चे पर बुरी तरह विफल साबित हुई है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली में मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप चरम पर है। दिल्ली नगर निगम के जनस्वास्थ्य विभाग के पास न तो पर्याप्त मात्रा में दवाइयां एवं कीटनाशक हैं तथा न ही मच्छरों से निपटने के लिए कोई कार्य योजना है। उन्होंने कहा कि अपनी नाकामयाबी पर पर्दा डालने के लिए निगम की आप सरकार ने साप्ताहिक डेंगू रिपोर्ट को भी छुपाना आरंभ कर दिया है।

## एमसीडी शिक्षक यूनियन ने शिक्षा विभाग पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ शिक्षा विभाग से नहीं मिली कोई प्रतिक्रिया

दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग पर निगम के ही एक शिक्षक संगठन, शिक्षक न्याय मंच नगर निगम ने शिक्षा व्यवस्था में हो रही अनियमितताओं को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संगठन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह खत्री ने मंगलवार को बताया कि निगम शिक्षा विभाग के आरआर बदलकर निदेशक शिक्षा का पद केवल ऑन डेपुटेशन से भरा जाएगा। इसके आदेश किए जो कि नियम विरुद्ध है इसका मतलब ये नहीं चाहते है कि कोई भी निगम शिक्षा विभाग का अधिकारी निदेशक शिक्षा के पद पर प्रमोशन ले सके। इनके इस आदेश से निगम शिक्षा विभाग में प्रमोशन पर बैठे अधिकारी का हक मारा गया जिस कारण उन्हें जगह जगह अपनी प्रमोशन के लिए आवाज उठानी पड़ रही है। निगम से प्राथमिक स्तर तक की मान्यता लेने वाले स्कूलों की मान्यता बिना किसी जमीनी जांच और मान्यता के लिए निर्धारित मापदंडों को पूरा किए दिए जाने के लिए निगम के सभी 12 जोनों के शिक्षा अधिकारियों पर दबाव बनाने की जांच की जानी चाहिए। इसमें बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। वहीं, इस संबंध में दिल्ली नगर निगम के जनसंपर्क विभाग से शिक्षा विभाग की तरफ से पक्ष जानना चाहा तो उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

संगठन के अध्यक्ष खत्री ने बताया कि 2022 की जून, जुलाई और अगस्त माह में सैकड़ों ट्रांसफर हुए जिसमें भ्रष्टाचार हुआ जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी तत्कालीन शिक्षा निदेशक विकास त्रिपाठी की बनती थी, सब कुछ जानते हुए यह मामला दबाए रखा। इससे साफ है कि इस सब में इनका हाथ था तभी शिक्षकों के भारी संख्या में तबादले हुए जिसकी लिस्ट तक जारी नहीं की। सीधे शिक्षकों को बुलाकर एक एक घंटे में चुप चाप आदेश दिए गए। साथ ही इनके कार्यकाल में निगम स्कूलों की जमीनों पर चल रहे केसों को हारा गया। शिक्षक संगठन ने इसकी जांच की मांग की है कि कैसे अनेकों केस इनके कार्यकाल में हारे गए।

## मेमवती बरवाला कांग्रेस में शामिल देवेंद्र यादव ने किया पार्टी में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने पूर्व निगम पार्षद मेमवती बरवाला को कांग्रेस का पटका पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। बरवाला के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि मेमवती बरवाला कांग्रेस की मजबूत नेता रही है और निगम पार्षद भी बनी थी। उनके पार्टी में शामिल होने पर उत्तर पश्चिम दिल्ली कांग्रेस उम्मीदवार उदित राज को चुनाव में विशेष फायदा मिलेगा। बरवाला बवाना विधानसभा दिल्ली देहात की नेता है और लोकसभा चुनाव में हमें दिल्ली देहात के लोगों का समर्थन अधिक मिलेगा क्योंकि यहां की जनता कांग्रेस मेनिफेस्टो न्याय संकल्प में दी गई कांग्रेस की गारंटियों में विश्वास जताते हुए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में वोट करने के लिए आश्वस्त दिखाई दे रही है। इस मौके पर मेमवती के पति बलदेव बरवाला भी मौजूद थे। मेमवती बरवाला ने कहा कि उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट पर गठबंधन के उम्मीदवार उदित राज की जीत के लिए जनता और कांग्रेस-आप कार्यकर्ता एकजुट हैं।

### संजय सिंह के तंज के बाद आनंद बोले, आम आदमी पार्टी दलितों से करती है नफरत

**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी से नई दिल्ली लोकसभा सीट से उम्मीदवार राजकुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के बयान पर कड़ी टिप्पणी देते हुए कहा कि उनका बसपा को लेकर दिया गया बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके लिए वह आप और संजय सिंह माफी मांगे नहीं तो हम लोग इसके खिलाफ आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि आप दलित विरोधी है और वह दलितों से नफरत करती है। गौरतलब है कि कल संजय सिंह ने अपने ट्वीटर पर आनंद को लेकर एक टिप्पणी की वह हाथी की सूंड में कमल का फूल हैं। इस टिप्पणी पर मंगलवार को राजकुमार आनंद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर संजय सिंह पर निशाना साधा।

## महिला मोर्चा सभी 14 संगठनात्मक जिलों में करेगा सम्मेलनों का आयोजन : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ आज उत्तर पश्चिम जिले के सम्मेलन से होगी शुरूआत

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर दिल्ली भाजपा का महिला मोर्चा सभी 14 संगठात्मक जिलों में सम्मेलनों का आयोजन करेगा। सचदेवा ने कहा है की महिला सम्मेलनों को हम केवल पार्टी कार्यकर्ताओं तक सीमित नही रखेंगे, इनमे विभिन्न कार्य क्षेत्रों की समाज की प्रतिष्ठित महिलाओं के साथ सोशल मीडिया पर सजग महिलाओं को भी जोड़ा जायेगा। प्रत्येक सम्मेलन में तीन हजार से पांच हजार महिलाओं को जोड़ने का प्रयास है। महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पाण्डेय मिश्रा के अनुसार 8 से 14 मई के बीच दिल्ली के सभी 14 संगठनात्मक जिलों में सम्मेलन होंगे। सम्मेलनों की श्रृंखला आज, आठ मई को उत्तर पश्चिम जिले के सम्मेलन से होगी। मिश्रा ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता महिला सम्मेलनों को सम्बोधित करेंगे।

इन सम्मेलनों को भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्षा वनाथी श्रीनिवासन, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रदेश सह प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर, सांसद सुनीता दुग्गल, सांसद कल्पना सैनी के अलावा राष्ट्रीय पदाधिकारी दीप्ति रावत, रेखा गुप्ता, उषा वाजपेयी जैसी अनेक राष्ट्रीय महिला नेता कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी।

## कई पार्टियों के गणमान्य भाजपा में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं सांसद मनोज तिवारी की उपस्थिति में मंगलवार को कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और स्वराज इंडिया से कई गणमान्य व्यक्ति भाजपा में शामिल हुए। वहीं, प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार आम आदमी पार्टी के नेता संजय कुमार गहलोत, जितेन्द्र वैसला, विशाल बेदी एवं गौरव शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता सरदार हरपाल सिंह जग्गी, 2017 में निगम एवं 2020 विधानसभा प्रत्याशी मंजू यादव, कांग्रेस नेता शेर सिंह, बलविन्दर सिंह, मंगल सेन, संजय शर्मा, भीम सिंह अरोड़ा, अंकुश मलिक एवं राकेश प्रभारकर सहित बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व महापौर आरती मेहरा, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, प्रवक्ता शुभेंदु शेखर अवस्थी एवं पूर्व विधायक जगदीश प्रधान आदि उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पार्टी में सम्मलित हो रहे नये कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ सबका विकास अभियान से जो साथी अब जुड़ रहे हैं यह भाजपा को एक स्फूर्ति दे रहे हैं और पार्टी के 400 पार के लक्ष्य को पूर्ण करने का माध्यम बनेंगे। वहीं, सांसद मनोज तिवारी ने पार्टी में शामिल होने वालों का स्वागत किया और कहा कि भाजपा में नये कार्यकर्ताओं का स्वागत के साथ सम्मान भी होता है।

### भाजपा प्रत्याशी ने गिनाएं मोदी सरकार के कार्य

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली भाजपा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत ने मंगलवार को तिलक नगर में एक जनसभा को संबोधित किया और वहां के व्यापारियों एवं सिख समुदाय के लोगों से बात कर उन्हें मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया। तिलक नगर में लोगों की भीड़ इस बात की गवाह थी कि इस बार पश्चिमी दिल्ली क्षेत्र में कमल का फूल खिलेगा और एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है। रोड शो में तिलक नगर के लोग आसपास की छतों से पुष्प वर्षा करते हुए दिखे और व्यापारी अपनी दुकानों से बाहर निकल ताली बजाते दिखे। ढोल नगाड़ो के साथ निकाले रोड शो में सहरावत ने सबका अभिवादन स्वीकार किया और मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबके प्रयास की नीति पर चलती है।

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नामः नामालूम, पुत्रः नामालूम, पताः नामालूम, उम्रः लगभग 40 वर्ष, कदः 5'6'', रंगः साँवला, पहनावाः ग्रे रंग की शर्ट पहने हुए है। जोकि बारापूला नाला रोड के नीचे पुलिस बूथ हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली से मृत अवस्था में पाया गया। जिसके संदर्भ में DD No. 49-A दिनांक 30.04.2024 से थाना हज़रत निज़ामुद्दीन, नई दिल्ली में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी को भी इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो वह तुरन्त अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना हज़रत निज़ामुद्दीन नई दिल्ली
फोनः 8750870929

DP/5408/SE/2024

## पांच करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त

# मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त पांच गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त पांच लोगों गिरफ्तार कर पांच करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, अपराध शाखा ने उत्तर प्रदेश और झारखंड निवासी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 2.26 किलोग्राम हेरोइन के अलावा अन्य मादक पदार्थ बरामद किये। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान मोहम्मद आतिफ, अशरफ, आरिफ अली, रुखसार और मोहम्मद मुख्तार अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल ने कहा, "हमें सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ तस्कर आतिफ छत्ता रेल चौक फ्लाईओवर क्षेत्र के निकट बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ की आपूर्ति के लिए आएगा। हमने जाल बिछाया और फरवरी में आतिफ को एक किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया।" पुलिस ने कहा कि उसने खुलासा किया कि बरामद हुआ मादक पदार्थ उसे बरेली निवासी अशरफ ने नरेला क्षेत्र की अनाज मंडी में एक किसी को आपूर्ति करने के लिए दिया था। पुलिस ने दल गठित किये और बरेली में अशरफ के ठिकानों पर छापे मारे। उन्होंने बताया कि पांच फरवरी को उसे एक अस्पताल से गिरफ्तार किया गया और उससे 490 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। उन्होंने बताया कि उसने बरेली निवासी आरिफ और रुखसार के नाम बताये। जांच के दौरान 23 मार्च को आरिफ अली को उसके किराये के मकान से गिरफ्तार किया गया और उसके घर से 403 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया। डीसीपी ने कहा कि रुखसार को 12 अप्रैल को लखनऊ से गिरफ्तार किया गया और उसके घर से 200 ग्राम हेरोइन समेत मादक पदार्थ तैयार करने वाली सामग्री और अन्य सामान बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि बाद में अंसारी को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि मामले में जांच जारी है और अन्य आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जहांगीरपुरी में करंट से एक की मौत के बाद फिर ट्रांसफार्मर में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में 11 हजार वोल्टेज के तार और ट्रांसफॉर्मर लोगों के लिए भारी परेशानी का सबब बन रहे हैं। मेरा अधिकार संस्था के पदाधिकारी एवं स्थानीय निवासी अश्विनी बागड़ी ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यहां बी ब्लॉक में 29 अप्रैल को एक खंभे से चिपककर एक आदमी की मृत्यु हुई है, जिसका कारण जहांगीरपुरी में 11 हजार वोल्टेज की तार और ट्रांसफार्मर होना है। अगर यह तार 440 वोल्टेज की होती तो यह घटना नहीं होती। वहीं, दूसरी घटना का जिक्र करते हुए बताया कि ट्रांसफार्मर में आग भी लग जाती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और क्षेत्रीय विधायक को इस पर ध्यान देना चाहिए। मृत्यु की घटना के बाद उन्होंने दिल्ली के उपराज्यपाल को भी पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि यहां की गलियों में 11 हजार वोल्टेज की तार लगी हुई हैं जिससे आए दिन जान लेवा दुर्घटना का खतरा बना रहता है तथा हाल ही में 29 अप्रैल को गोलू सुपुत्र पप्पू कुशवाहा की करंट लगने की वजह से मृत्यु हो गई। इससे देखते हुए यहां 440 वोल्ट की तारें लगाई जाए। घर के साथ खम्बे पर ट्रांसफार्मर लगे होने के कारण जहांगीरपुरी में दूसरी मंजिल पर मीटर भी लगने में दिक्कत आती है। टाटा पावर डीडीएल के अधिकारियों का कहना है कि हमने कई बार दिल्ली सरकार एवं क्षेत्रीय विधायक से इन तारों को बदलने का फंड मांगा है परन्तु दिल्ली सरकार व क्षेत्रीय विधायकों ने इन तारों को बदलने का फंड जारी नहीं किया है।

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका **नाम** : नामालूम **पुत्र** : नामालूम, **पताः** नामालूम **उम्र** : लगभग 55–60 साल, **कद** : 5'4'', **रंग** : गेंहूँआ, **पहचान चिन्हः** दाहिने हाथ पर V.S का टैटू। **पहनावा** : हरे रंग की जैकेट और काले रंग फॉर्मल पैंट पहने हुए जो हल्दीराम के पास बैंक ऑफ इंडिया के सामने चांदनी चौक, दिल्ली में दिनांक 05.05.2024 के दोपहर 12.05 बजे मृत पाया गया। इस संदर्भ में **डीडी नं. 39ए, दिनांक 05.05.2024** थाना कोतवाली, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना : कोतवाली, दिल्ली
फोनः 9873494176, 8750870121

DP/5422/N/2024

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की प्रेसवार्ता

# दिल्ली में 25 मई को होगा मतदान, एक लाख से ज्यादा कर्मचारी होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा और इसमें एक लाख से ज्यादा कर्मचारी तैनात होंगें जो चुनाव संबंधी प्रक्रिया में अपनी महत्वूपर्ण भूमिका निभाएंगे। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी कृष्णमूर्ति ने मंगलवार को एक प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि इस छटे चरण में डेढ़ करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग ने 13 हजार 667 मतदान केन्द्र बनाए हैं।

सुचारु मतदान के लिए एक लाख से ज्यादा कर्मियों की तैनाती की गई है और शांतिपूर्ण मतदान के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती भी की गई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा चुनाव आचार संबंधी शिकायतों के मिलने पर उनका 24 से 48 घंटे में समाधान किया जाता है।



### 265 उम्मीदवारों ने 367 नामांकन दाखिल किए

सीईओ पी कृष्णमूर्ति ने बताया कि दिल्ली में 2627 स्थानों पर 13,637 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मतदाताओं की संख्या को देखते हुए 4 अतिरिक्त मतदान केन्द्र भी बनाए गए हैं। करीब 1.03 लाख कर्मियों की चुनाव तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि सोमवार को नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई थी। 265 उम्मीदवारों ने 367 नामांकन दाखिल किए हैं। अब नामांकन की जांच होगी और 9 मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसके बाद चुनावी स्थिति स्पष्ट होगी।

### इस बार 8.85 प्रतिशत अधिक मतदाता

सीईओ ने मतदाताओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली में कुल 1 करोड़ 52 लाख 1 हजार 936 मतदाता हैं। 2019 के मुकाबले इस बार 8.85 प्रतिशत अधिक मतदाता हैं। इनमें से 82 लाख 72 हजार 794 पुरुष और 69 लाख 87 हजार 940 महिला और 1228 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। महिला पुरुष अनुपात में भी इस बार सुधार हुआ है और यह एक हजार पुरुषों पर 818 महिलाओं से बढ़कर 851 महिला हो गया है। इसके अलावा आबादी और मतदाता अनुपात में भी सुधार हुआ है। चुनाव आयोग के प्रयास से ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 669 से बढ़कर 1228 हुई है।

### आठ हजार अतिरिक्त स्वयंसेवकों की तैनाती की

सीईओ कृष्णमूर्ति ने बताया कि मतदान और मतगणना दोनों से जुड़े कर्मचारी शामिल हैं। 6833 मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। 8 हजार अतिरिक्त स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। यह दिव्यांग और उम्रदराज मतदाताओं की सहायता करेंगे।

### सुरक्षा बलों की 46 कंपनियां तैनात

सीईओ कृष्णमूर्ति ने बताया कि दिल्ली में 25 मई को होने वाले मतदान के लिए केंद्रीय सुरक्षाबलों की 46 कंपनियां तैनात की जायेंगी। 19 हजार दिल्ली और आसपास के राज्यों से होमगार्ड की तैनाती होगी और 78 हजार दिल्ली पुलिसकर्मी भी तैनात होंगे। इनमें से 33 हजार सक्रिय तौर पर मतदान प्रक्रिया में सहयोग करेंगे।

# दिल्ली सरकार के कामों पर उपदेश देने वाले एलजी अपने कामों में हो रहे हैं फेल : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




■ पिछले कुछ महीनो में दिल्ली में कानून व्यवस्था बद से बदतर हो गई है, दिनदहाड़े हो रही हैं आपराधिक घटनाएं : भारद्वाज

आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना पर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के कामों पर उपदेश देने वाले उपराज्यपाल अपने कामों में ही फेल हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को प्रैसवार्ता में उपराज्यपाल विनय सक्सेना से अनुरोध किया कि वह अपने विभागों पर ध्यान दें। जो उनको जिम्मेदारियां मिली हैं, अपनी जिम्मेदारियां को सही तरीके से निभाएं और हमें अपना काम करने दें।

सौरभ भारद्वाज ने उपराज्यपाल पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रैसवार्ता में कहा कि बीते कुछ दिनों से यह देखा जा रहा है, कि दिल्ली में बड़ी ही खतरनाक किस्म की वारदातें हो रही हैं और दिल्ली की कानून व्यवस्था हालात बद से बदतर होती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था पिछले कुछ महीनों से लगभग चौपट सी हो गई है। एनसीआरबी का डाटा यदि देखा जाए तो इस समय पूरे देश में दिल्ली में क्राइम रेट सबसे उच्च स्तर पर है। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक आज दिल्ली में एक लाख की आबादी पर लगभग 1832 वारदातें हो रही हैं, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह औसत लगभग 258 वारदातें प्रति एक लाख हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आपराधिक मामलों की औसत देश की वारदातों की तुलना में 7 गुना अधिक है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि लगभग 1189 अपराधी मामले प्रतिदिन दिल्ली में रजिस्टर हो रहे हैं। बीते कल दिल्ली में हुई कुछ भयावह घटनाओं का उदाहरण देते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कल एक वीडियो सामने आया जिसमें यह देखा गया, कि जाफराबाद इलाके में एक हत्या केस के गवाह को पांच व्यक्तियों ने दिनदहाड़े पब्लिक के सामने चाकू से गोद डाला। इसी प्रकार दिल्ली के आरके पुरम जैसे वीआईपी इलाके में एक ऑटो रिक्शा ड्राइवर ने किराए को लेकर हुई कहासुनी के मामले में सीमा सुरक्षा बल के एक जवान को धारदार हथियार से गला रेत कर मार डाला। वहीं तिलक नगर इलाके में एक कार शोरूम के मालिक से 5 करोड़ रुपए रंगदारी मांगी जाती है और डराने के लिए कार शोरूम के बाहर पांच राउंड फायरिंग की गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार की ही खबर है कि एक व्यक्ति की हत्या करके शव को नहर में फेंका। वहीं उन्होंने कहा कि तमाम मामलों की चार्ज शीट की बात की जाए तो जितने मुकदमे दर्ज होते हैं मात्र 30 प्रतिशत मुकदमों में ही चार्ज शीट हो पाती है। यानी 70 प्रतिशत मामले कोर्ट तक पहुंच ही नहीं रहे हैं तो अपराधियों को सजा कैसे मिलेगी और पीड़ितों को न्याय कैसे मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से तो अपराधियों के हौसले और अधिक बुलंद होंगे तथा अपराध और अधिक बढ़ेगा।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में बढ़ते आपराधिक मामले दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना की प्रत्यक्ष रूप से असफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल के पास केवल दो ही काम है पहला दिल्ली पुलिस और दूसरा डीडीए। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने दिल्ली की पुलिस व्यवस्था को चौपट कर दिया है।

## दिल्ली में खड़गे, सोनिया,राहुल सहित अन्य करेंगे प्रचार, 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में दिल्ली में प्रचार के लिए कांग्रेस की स्टार प्रचारकों की सूची जारी हो गई है। इसी सूची में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित कुल 40 नाम है। इस सूची में कांग्रेस के अन्य नेताओं में पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, इमरान प्रतापगढ़ी, अजय माकन, रणदीप सिंह सुरजेवाला, दीपक बाबरिया, मुकुल वासनिक, सचिन पायलट, सुखविंदर सिंह सुक्खू , ए रेवंत रेड्डी, डॉ. शशि थरूर, अलका लांबा, प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, अशोक गहलोत, भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, डी.के. शिवकुमार, हरीश रावत, चौ. बीरेंद्र सिंह, प्रमोद तिवारी, राजेश लिलोठिया, सुभाष चोपड़ा, चौ. अनिल कुमार, हारून यूसुफ, कृष्णा तीरथ, डॉ. नरेंद्र नाथ, योगानंद शास्त्री, मंगत राम सिंघल, रागिनी नायक, संदीप दीक्षित, वरुण चौधरी, चौ. मतीन अहमद, अनिल भारद्वाज, हसन अहमद, रमेश कुमार, छत्तर सिंह और फरहाद सूरी शामिल है। सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी दिल्ली में दो रैलियां कर सकते है। इसमें एक रैली यमुना पार होगी और दूसरी रैली रामलीला मैदान या पश्चिम दिल्ली में आयोजित की जा सकती है। सूत्रों को कहना है कि अगर जरूरत हुई तो राहुल और प्रियंका गांधी के अलग अलग रोड शो भी कराए जा सकते है। सूत्रों की मानें तो खड़गे, सोनिया, राहुल व प्रियंका की रैलियों में आम पार्टी के शीर्ष नेताओं को भी शामिल किया जाएगा, जिसमें सुनीता केजरीवाल व पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान प्रमुख रूप से मौजूद रह सकते है।

## कांग्रेस ने विवि में रन फॉर विकसित भारत को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में आज 8 मई को प्रस्तावित रन फॉर विकसित भारत कार्यक्रम को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कहा कि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। यादव ने लिखा कि भाजपा विकसित भारत एजेंडे के तहत लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार कर लाभ लेने के लिए सीधे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। इस आयोजन में बैडमिंटन चैंपियन साइना नेहवाल, फिल्म अभिनेता राजकुमार राव और दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह उपस्थित होंगे। उन्होंने लिखा कि कार्यक्रम में छात्रों को शामिल करके दिल्ली में लोकसभा चुनावों में अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए भाजपा चुनावी प्रचार का एजेंडा लागू कर रही है। उन्होंने लिखा कि विभिन्न कॉलेजों के लगभग 5000 छात्र इस दौड़ में भाग लेगें। जबकि विकसित भारत 2047 सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और भाजपा नेता कुलजीत जो कि नमो एप के राष्ट्रीय संयोजक भी हैं। यह एप प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का एक व्यक्तिगत ऑनलाइन इंटरफेस है, जो उनकी दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों पर अपडेट देने के लिए समर्पित है।

## दिल्ली में पारा पहुंचा 44 डिग्री के करीब वीकेंड के आते आते बारिश की संभावना

**नई दिल्ली।** दिल्ली में दूसरे ही दिन मंगलवार को सूरज के तेवर और सख्त हो गए जिससे नजफगढ़ में पारा 44 के करीब पहुंच गया। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में सबसे ज्यादा तापमान नजफगढ़ में 43.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी ने बताया कि जबकि दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री ऊपर 24.2 डिग्री सेल्सियस रहा। भीषण गर्मी के चलते लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। आईएमडी ने संभावना जताई कि शुक्रवार से दिल्ली में मौसम का मूड बदल सकता है। यानी शुक्रवार से सोमवार तक राजधानी एनसीआर क्षेत्र में हल्की बारिश व तेज हवाएं कुछ राहत दे सकती है। जबकि आज सुबह से ही दिल्ली के आसमान पर सूरज के कड़े तेवर लोगों को परेशान करने वाले रहे। हालांकि शाम के बाद मौसम ने कुछ करवट जरूर ली और हवाएं चलने लगी।

## लगातार तीसरे दिन बिजली की मांग में इजाफा, 6 हजार मेगावाट पार खपत हुई दर्ज

**नई दिल्ली।** गर्मी बढ़ने से दिल्ली में लगातार दूसरे दिन बिजली की मांग में इजाफा हुआ और मांग का आंकड़ा 6 हजार मेगावाट पार कर गया। इस सीजन में पहली बार मंगलवार को बिजली की खपत 6188 मेगावाट के उच्च स्तर पर पहुंची है। वहीं सोमवार की 11.03 बजे बिजली की मांग का अधिकतम आंकड़ा रात 6041 पर पहुंच गया था। गर्मी के इस सीजन में 26 अप्रैल 2024 को 5447 मेगावाट दर्ज हुई थी। जबकि 4 मई 2024 को मांग रही 5442 मेगावाट, 5 मई 2024 को 5959 मेगावाट,6 मई 2024 को 6041 और आज 7 मई 2024 को बिजली की मांग सबसे ज्यादा 6188 मेगावाट दर्ज हुई। जहां एक तरफ बिजली की मांग में लगातार बढ़ोतरी होने से उपभोक्ताओं ने कटौती की शिकायत शुरू कर दी है। वहीं दूसरी तरफ निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस पावर और टीपीडीडीएल का कहना है कि बेशक बिजली की मांग बढ़ रही है, लेकिन आपूर्ति कटौती का कोई सवाल ही नहीं है।




**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-29963627/28, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 955500730; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

## खबर संक्षेप

### स्क्रूटनी के बाद 25 के नामांकन पत्र सही पाया

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा चुनाव के लिए 25 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही मिले।उन्होंने बताया कि स्क्रूटनी के दौरान 3 के नामांकन पत्र रद्द हुए हैं। सही पाए जाने वाले नामांकनों में से बसपा से किशन ठाकुर, भाजपा से कृष्णपाल गुर्जर, जेजे पार्टी से नलिन हुड्डा, कांग्रेस से महेंद्र प्रताप और इनेलो से सुनील तेवतिया के नामांकन हैं।



### वाहन चोरी करने वाले 2 को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर प्रभारी जितेन्दर की टीम ने वाहन चोरी करने वाले 2 को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोमनाथ को अपराध शाखा ने एनआईटी से चोरी की बाइक बाइक सहित काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर देशी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना एनआईटी में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है।



### देशी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा उंचा गांव प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज कुमार की टीम ने देशी कट्टे के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सन्नी को सेक्टर-2 हुड्डा मार्किट के पास से काबू किया है। तलाशी लेने पर आरोपी से देशी कट्टा बरामद हुआ है। उसके खिलाफ थाना बल्लबगढ़ में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है।



### शादी की कवरेज करने के नाम पर 57 हजार ठगे

**गुरुग्राम ।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में शादी की फोटोग्राफी करने नाम पर युवक ने 57 हजार रुपए की ठगी कर ली। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। संजय वालिया ने कहा कि बेटी की शादी थी। विशाल सैनी 90 हजार रुपए में फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कवरेज करने के लिए तैयार हुए। उन्होंने 57 हजार रुपए अग्रिम दे दिए। उसके बाद विशाल ने उसका फोन उठाना ही बंद कर दिया।




### ट्रक से टकराने पर कैंटर चालक की मौत

**गुरुग्राम ।** सिविल लाइन एरिया में तेज रफ्तार ट्रक के ब्रेक लगाने पर पीछे चल रहा कैंटर टकरा गया। हादसे में कैंटर चालक की मौत हो गई, हेल्पर की हालत गंभीर है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और ट्रक चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जोधसिंह ने कहा कि वह मारुति कंपनी से सामान लोड कर मानेसर से उद्योग विहार स्थित मारुति प्लांट के लिए चला था।



## हथीन में आयोजित रैली में उमड़ा जनसैलाब

# चुनाव में जाति-धर्म की राजनीति करने वालों को जनता वोट की ताकत से सिखाए सबक

अब समय आ गया है कि भाजपा को वोट की ताकत का अहसास कराकर अंहकार को करारा जवाब दिया जाए। आने वाला समय प्रदेश की दशा और दिशा बदलने वाला है ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान ने भाजपा पर जाति-धर्म की राजनीति कर लोगों को बांटकर राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि भाजपा को वोट की ताकत का अहसास कराकर अहंकार को करारा जवाब दिया जाए। उन्होंने कहा है कि आने वाला समय प्रदेश की दशा और दिशा बदलने वाला है क्योंकि लोगों ने हरियाणा में भाजपा के खिलाफ कांग्रेस के पक्ष में बदलाव करने का पक्का मन लिया है। सभाओं में लोगों की हजारी बता रही है कि भाजपा जा रही है और कांग्रेस आ रही है।



### दमनकारी नीति अपनाकर लोकतंत्र को कमजोर कर रही भाजपा

उन्होंने हरियाणा के आखिरी छोर पर स्थित हथीन की धरती से हरियाणा में परिवर्तन की हुंकार भरते हुए कहा कि देश-प्रदेश में भाजपा ईस्ट इंडिया कंपनी की तर्ज पर कार्य करते हुए दमनकारी नीति अपनाकर लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। लेकिन अब देश की जनता इनके जोर-जुमलों के आगे झुकने वाली नहीं है और आने वाले चुनावों में वोट की चोट से चलता करेगी।

#### कांग्रेस की सरकार बनते ही भाईचारे को कायम किया जाएगा

लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस ही सही मायनों में हर वर्ग के हितों की पार्टी है जबकि भाजपा ने गरीबों के हकों को छीनने का कार्य किया है। कहा कि जात-पात व धर्म की राजनीति करने वाली भाजपा की सच्चाई अब सबके सामने आ गई है कि किस प्रकार ये लोगों की भावनाओं से अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकते हैं। उन्होंने कहा कि हथीन विधानसभा क्षेत्र सहित समूचा फरीदाबाद लोकसभा विकास के मामले में अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। बेरोजगारी आज बडी समस्या बन गई है। उन्होंने लोगों को आश्वास्त किया कि कांग्रेस की सरकार बनते ही यहां विकास और भाईचारे को कायम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि यहां लोगों का जोश व उत्साह दिखाई दे रहा है उससे साफ है कि हथीन क्षेत्र के लोगों ने कांग्रेस के पक्ष में एकतरफा मन लिया है।

## भाजपा प्रत्याशी ने जनता के समक्ष रखा फरीदाबाद के विकास का ब्योरा,कहा-

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत के सपने को पूरा करने में जुटे हैं पीएम नरेंद्र मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि बरसों पहले भारत को एक नरेंद्र मिला था, जिनका आगे चलकर नाम स्वामी विवेकानंद पड़ा, जिन्होंने श्रेष्ठ भारत की कल्पना की थी, फिर सैकड़ों साल बाद भारत को एक और नरेंद्र मिला है, नरेंद्र मोदी जो श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने के लिए बिना थके, बिना छुट्टी के देश की सेवा में लगा हुआ है इसलिए हम सभी को श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने के लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। गुर्जर अपने चुनावी अभियान के तहत तिगांव विधानसभा क्षेत्र के बड़े गांव तिगांव, गांव ढहकौला, महमूदपुर, गांव मंधावली, बदरौला, सेहतपुर आदि दर्जनों गांवों में सभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ विधायक राजेश नागर भी मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि बरसों पहले भारत को एक नरेंद्र मिला था, जिनका आगे चलकर नाम स्वामी विवेकानंद पड़ा, जिन्होंने श्रेष्ठ भारत की कल्पना की थी, फिर सालों बाद भारत को एक और नरेंद्र मिला है, नरेंद्र मोदी जो श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने के लिए बिना थके, बिना छुट्टी के देश की सेवा में लगे हैं।

**खास बातें**

- शहर से गांव की कनेक्विटी को बेहतर हुआ है
- शहर की प्रमुख सड़कें सौ-सौ करोड़ तक में बनी

**जेवर एयरपोर्ट का फायदा फरीदाबाद को मिलेगा**



बाइपास रोड पर एक बार चढ़ने के बाद आप गाजियाबाद, देहरादून, जयपुर, केजीपी सहित अनेक हाईवे से जुड़ सकते है। दिल्ली एयरपोर्ट का फायदा गुरुग्राम को मिला, जबकि जेवर एयरपोर्ट का फायदा फरीदाबाद को मिलेगा। फरीदाबाद से आधा घंटे में जेवर एयरपोर्ट जाया जा सकेगा।

#### एक-डेढ़ महीने में यह पूरी तरह से तैयार हो जाएगा मंझावली पुल

मंझावली पुल को लेकर उन्होंने कहा कि इस पुल में देरी जरूर हुई है, लेकिन आने वाले एक-डेढ़ महीने में यह पूरी तरह से तैयार हो जाएगा और इसके बनने के बाद 20 से 25 मिनट में परी चौक नोएडा पहुंचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आज 262 करोड़ की लागत से फरीदाबाद के रेलवे स्टेशनों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, उन्हें एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है।

## जात-पात को छोड़ विकास की राजनीति चाहता है मेवात : राव इंद्रजीत



फिरोजपुर झिरका में रैली को संबोधित करते गुड़गांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिरोजपुर झिरका/गुरुग्राम

गुड़गांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा है कि वे मेवात में विकास की राजनीति करना चाहते हैं जात-पात की नहीं। उन्होंने कहा कि जब भी मेवात के लोग उनके पास काम के लिए पहुंचे उन्होंने कोई फर्क नहीं समझा और हमेशा विकास के लिए मदद की है। वे मंगलवार को फिरोजपुर झिरका में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। भाजपा की सरकार ने मेवात में पीने के पानी व सिंचाई के पानी लाने के साथ-साथ केंद्र सरकार की ओर से नूंह को पिछड़ा जिला मानकर अनेक योजनाओं का क्रियान्वन किया है। राव ने कहा कि मैं मेवात के लिये कोई नया नहीं हूँ। मेवात का मेरे परिवार के साथ पीढियों का सांझा इतिहास रहा है। हमने साथ मिलकर आजादी की लड़ाई लड़ी। अपने पूरे राजनीतिक जीवन में हमने क्षेत्र विशेष के आधार कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि 10 सालों में मेवात क्षेत्र में तेज़ी से विकास के कार्य हुए हैं। अगर आप मेरा समर्थन करते हैं, तो अगले 5 साल में इससे दोगुने कार्य होंगे। राव ने कहा कि जनता के मिल रहे अपार प्यार से मेरी जीत निश्चित है, लेकिन इस बार मेरी मंशा है कि मैं मेवात की जनता भी जात-पात से ऊपर उठकर मेरा समर्थन करें। भाजपा प्रत्याशी ने कहा की आपका सहयोग मुझे रिकॉर्ड जीत लाने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। रैली को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीर हसन ख़ान मेवाती का जिक्र करते हुए कहा कि मेवात के लोग देशभक्त लोग हैं।

## वारदात में प्रयोग बाइक बरामद

# 8.35 स्मैक सहित 3 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर प्रभारी जितेन्द्र कुमार की टीम ने नशा तस्करी करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में दिव्यांशु, शिवम और सोहेल का नाम शामिल है। आरोपी दि व यां शु एनआईटी का, आरोपी शिवम मिठापुर दिल्ली का तथा आरोपी सोहेल अगवांपुर का रहने वाला है। अपराध शाखा टीम एएसआई राजेश, मुख्य सिपाही कुलदीप व सिपाही शक्ति ने आरोपी दिव्यांशु और शिवम को दीपाली कॉलोनी पल्ला के पास से काबू किया है। दोनों आरोपियो से मौके पर 8.35 ग्राम स्मैक, 2500 रुपए नकद व

▸ आरोपियों में दिव्यांशु, शिवम और सोहेल का नाम शामिल है। तीनों को अलग-अलग स्थान से काबू किया है।



वारदात में प्रयोग बाइक बरामद हुई है। आरोपियों के खिलाफ थाना पल्ला में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया है। मुकदमे में आरोपी सोहेल को दिपाली कॉलोनी पल्ला से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियो ने स्मैक बेचने का काम पिछले 15.20 दिन से किया है। आरोपी कम समय में अधिक पैसे कमाने के लालच में आकर नशा बेचने का काम करने लगे थे। आरोपी सोहेल की अपनी पिज्जा की दुकान है। आरोपी दिव्यांशु और आरोपी शिवम को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। आरोपी सोहेल को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## सड़क सुरक्षा मानदंडों पर प्रशिक्षण

# समाज सेवक के रूप में सड़क सुरक्षा सहयोगी बन सकते हैं युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस उपायुक्त यातायात उषा के द्वारा यातायात में दुर्घटना के नियंत्रण करने के लिए चलाए जा रहे सड़क़ सुरक्षा सहयोगी अभियान के तहत कोई भी आम नगरिक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में आवेदन कर सकता है।

पुलिस उपायुक्त यातायात ने बताया कि फरीदाबाद में यातायात को सुगम बनाने के लिए सड़क सुरक्षा सहयोगी अभियान चलाया




गया है। जिसके तहत आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में सडक़ सुरक्षा सहयोगी के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### सड़क दुर्घटनाओं व जाम से बचाने भागीदारी

जाम की समस्या तथा सड़क दुर्घटनाओं को मद्देनजर उसे हल करने में मदद करने के लिए लोगों की भागीदारी बढ़ाने और समुदाय में सुरक्षित ड्राइविंग संस्कृति विकसित करने एवं युवाओं को सड़क सुरक्षा मानदंडों पर प्रशिक्षित होने का अवसर प्रदान करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा यह कदम उठाया गया है। अतः यातायात पुलिस की सभी नागरिकों से अपील है कि जो नागरिक सड़क सुरक्षा संगठन के माध्यम से सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में यातायात पुलिस का सहयोग करना चाहता है वह अजरौंदा चौक स्थित सहायक पुलिस आयुक्त यातायात, कार्यालय में आवेदन कर सकता है।

## सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने निगमायुक्त ने दिए निर्देश

# गुरुग्राम में मुख्य सड़क व किसी सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी सूरत में कूड़ा न दिखे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. बलप्रीत सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मुख्य सड़कों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी सूरत में कूड़ा फैला हुआ न पाया जाए। अधिकारी नियमित रूप से कूड़े का उठान सुनिश्चित करवाने की दिशा में तेजी से कार्य करें।

सिंह ने कहा कि सभी वरिष्ठ सफाई निरीक्षक, सफाई निरीक्षक व सहायक सफाई निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्र की लगातार निगरानी करें तथा सड़कों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर फैले कूड़े का नियमित उठान सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह भी ध्यान रखें कि सेकंडरी कचरा स्थानों की संख्या न बढ़ने पाए। सफाई कार्य में लगी एजेंसियों के माध्यम से कूड़े को इधर-उधर डालने की बजाए बंधवाड़ी पहुंचाने की व्यवस्था करें।

इसके साथ ही कूड़े में आग लगाने की घटनाओं पर रोक लगाएं तथा अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है, तो उसका चालान करें। उन्होंने यह भी कहा कि दुकानदारों व स्ट्रीट वेंडर्स के यहां डस्टबिन हों तथा यह व्यवस्था करें कि उनके यहां से नियमित कूड़ा एकत्रित किया जाए। अगर कोई दुकानदार या स्ट्रीट वेंडर खुले में कूड़ा फेंकता है, तो उस पर कार्रवाई करते हुए उसका चालान करें। बैठक में उन्होंने बागवानी कचरे का सही निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में संयुक्त आयुक्त सुमन भांखड़, डॉ. नरेश कुमार व विजय यादव, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक हरीश मेहता, संदीप कुमार व देवेन्द्र बिश्नोई, सहायक अभियंता राकेश जून सहित स्वच्छता सलाहकार उपस्थित थे।

## दिल्ली के बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

# रात में सवा 11 बजे की गई थी टाटा प्रवेश के बिजनेस हेड की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

टाटा स्टील की सहयोगी कंपनी टाटा प्रवेश के बिजनेस हेड विनय त्यागी की हत्या शुक्रवार रात में करीब सवा 11 बजे लूट के लिए हुई थी। दिल्ली के बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया था। बदमाश नई स्प्लेंडर या पैशन बाइक से दिल्ली भागे थे। इस संबंध में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं।

### दिल्ली जाने वाले मार्गों के सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस



पुलिस की मानें तो अब घटनास्थल से दिल्ली जाने वाले मार्गों पर पूरा फोकस है। इन मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। कुछ अहम साक्ष्य मिले हैं। पता चला है कि बदमाश ने वारदात को अंजाम देकर दिल्ली-वजीराबाद रोड का इस्तेमाल किया है।

### पुलिस ने मृतक और उनके परिचितों के मोबाइल नंबर खंगाले

भोपुरा के बाद से वह सीमापुरी, दिल्ली में प्रवेश कर गए हैं। उसके बाद शाहदरा की ओर गए हैं। वहां तक गाजियाबाद पुलिस छानबीन करते हुए पहुंच गई है। रात होने के वजह से बदमाशों के बाइक का नंबर नहीं मिल पाया है। पुलिस ने मृतक और उनके परिचितों के मोबाइल नंबरों का विवरण खंगाला है।

किसी भी नंबर पर कोई आपत्तिजनक संदेश या बातचीत का साक्ष्य नहीं मिला है। पुलिस अब घटनास्थल के आसपास वारदात के समय सक्रिय संदिग्ध नंबरों का डाटा निकलवा रही है। जांच में नई जानकारी यह निकल कर आई है कि तीन के बजाय चार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया था।

# यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने मनाई 75वीं वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

यूथ हॉस्टल एसोसिएशन फरीदाबाद यूनिट ने अपनी 75वी वर्षगांठ एशोसिएशन के लाइफ मेंबर तथा उनके परिवार के सदस्यों के साथ मनाई। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में मानव रचना अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के चेयरमेन डा. प्रशांत भल्ला शामिल हुए। श्री भल्ला ने फरीदाबाद यूनिट द्वारा आयोजित की गई गतिविधियों की सराहना की तथा भविष्य मे एशोसिएशन की गतिविधियों मे मानव रचना विश्वविद्यालय के अपेक्षित सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में एशोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। संगठन के सचिव मनिंदर सिंह ने संगठन की गतिविधियों के बारे में एक प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया जिसमे एशोसिएशन द्वारा किये गये कार्यो का ब्योरा दिया ओर भविष्य मे आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के बारे मे बताया।

### विशेषज्ञों की टीमों के साथ समन्वय करता है यूथ हॉस्टल




यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया फरीदाबाद भी ऐसे ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता है जिसमें ट्रेकिंग, साइक्लिंग, पैरासेलिंग, राफ्टिंग, जंगल सफारी एवं पहाड़ी क्षेत्रों में कैंपिंग शामिल है। यह उपयुक्त मार्गदर्शन और संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञों की टीमों के साथ समन्वय करता है, जो सुरक्षा, अनुभव और शौर्य की गहरी जानकारी और अनुभव प्रदान करते हैं। इस अवसर पर सदस्यों व उनके परिवार के सदस्यों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन मनिंदर सिंह तथा कमलेश धीमान द्वारा किया गया।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में यूपी की 10 और बिहार की 5 सीटों पर वोटिंग

# यूपी में 57.34 और बिहार में 60 फीसदी मतदान, संभल में हुआ लाठीचार्ज फिरोजाबाद में 42 फर्जी वोटर्स पकड़े गए, कई गांवों में वोटिंग का बहिष्कार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर मंगलवार सुबह 7 बजे शुरू हुआ मतदान शाम 6 बजे तक चला। इस दौरान यूपी की 10 और बिहार की 5 सीटों पर मतदान हुआ। रात साढ़े नौ बजे तक यूपी में 57.34% वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा संभल में 62.81% और सबसे कम आगरा में 53.99% वोटिंग हुई। यूपी की 10 सीटों (संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, बरेली और आंवला) में वोटिंग हुई। 10 सीटों पर 100 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें 8 महिला प्रत्याशी हैं। इन 10 सीटों पर 1.78 करोड़ मतदाता थे।



मैनपुरी में किशनी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र नगला अहिर में 102 वर्षीय सरस्वती देवी ने मतदान किया। परिजन उन्हें चारपाई पर लिटाकर बूथ तक ले गए।




बरेली में पिंक बूथ।

## कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच मतदान

'वोटर टर्नआउट ऐप' के रात साढ़े नौ बजे तक अद्यतन किये गये आंकड़ों के मुताबिक, राज्य की 10 लोकसभा सीट पर 57.34 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें आगरा में 53.99 प्रतिशत, एटा में 59.17, आंवला में 57.08, फतेहपुर सीकरी में 57.09, फिरोजाबाद में 58.22, बदायूं में 54.05, बरेली में 57.88, मैनपुरी में 58.59, संभल में 62.81 और हाथरस में 55.36 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि तीसरे चरण के तहत उत्तर प्रदेश की 10 लोकसभा सीट संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली के लिए मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ, जो शाम छह बजे तक समाप्त हो गया। रिणवा ने संवाददाताओं से कहा कि कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों से ईमेल के माध्यम से कुछ शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका जिला अधिकारियों द्वारा तुरंत समाधान किया गया और राजनीतिक दलों को भी ईमेल के माध्यम से सूचित किया गया।

### मुलायम परिवार के सदस्यों की प्रतिष्ठा दांव पर

तीसरे चरण में मुलायम परिवार से तीन सदस्य चुनावी मैदान में हैं। मैनपुरी से डिंपल यादव, फिरोजाबाद से अक्षय यादव और बदायूं से आदित्य यादव की प्रतिष्ठा दांव पर है। मोदी सरकार के कैबिनेट मंत्री एसपी सिंह बघेल (आगरा) और योगी सरकार के दो कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह (मैनपुरी) और अनूप प्रधान वाल्मीकि (हाथरस) के सामने खुद को साबित करने की चुनौती है।

### मैनपुरी में पथराव

मैनपुरी में सुबह से चल रहे शांतिपूर्ण मतदान के बीच किशनी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 176 तेजगंज पर बवाल हो गया। बताया गया है कि विवाद भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह के बेटे के आने के बाद शुरू हुआ। देखते ही देखते पथराव होने लगा। इस दौरान मौके पर भगदड़ मच गई। कई गाड़ियां पथराव में क्षतिग्रस्त हो गईं। पथराव के दौरान भाजपा के एजेंट सुदेश कुमार और प्रधान प्रतिनिधि करण बहादुर सिंह घायल हो गए। इस दौरान मौके पर उपदेश खलीफा के पुत्र पवन सिंह चौहान भी साथ में थे।

### संभल में मतदान प्रभावित करने का प्रयास

लोकसभा चुनाव के दौरान यूपी के संभल में पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस ने लोगों को दौड़ाकर पीटा। पुलिस का कहना है कि सभी मतदान को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे, इसलिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। फिरोजाबाद पुलिस ने 42 फर्जी वोटर्स को पकड़ा है।



हाथरस के नागला फत्ता गांव और भिलोकरी में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। भिलकोरी की जानकारी मिलते ही डीएम अर्चना वर्मा और एसपी निपुण अग्रवाल मतदाताओं को समझने पहुंची।



हाथरस में भाजपा नेता अरुण चौधरी के खिलाफ जिला निर्वाचन अधिकारी ने एफआईआर के निर्देश दिए हैं। अरुण चौधरी ने बूथ के अंदर मोबाइल से मतदान करने की तस्वीर ली और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया।



आगरा के रहने वाले हिमांशु सिंगापुर से वोट डालने आए हैं। उन्होंने बाल निकेतन पब्लिक स्कूल बूथ पर वोट किया। कहा- देश के नागरिक होने के चलते वोट डालना हमारा कर्तव्य है।



हाथरस में रात रानी नाम की महिला ने अपनी 27 वर्षीय दिव्यांग पुत्री कमला के साथ पहुंचकर मतदान किया।



हाथरस के नागला फत्ता गांव में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया जिससे मतदान बूथ सूना रहा।

## बिहार में 54 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद

**पटना।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में शुक्रवार को शाम छह बजे तक बिहार की पांच संसदीय सीट- झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया पर 98.6 लाख से अधिक मतदाताओं में से लगभग 60 प्रतिशत ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एचआर श्रीनिवास ने बताया कि औसतन 60 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला। श्रीनिवास ने बताया कि झंझारपुर में 55.50 प्रतिशत, सुपौल में 62.40 प्रतिशत, अररिया में 62.80 प्रतिशत, मधेपुरा में 61.00 प्रतिशत, तथा खगड़िया में 58.20 प्रतिशत मतदान हुआ। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान इन सीट पर 61.22 प्रतिशत मतदान हुआ था। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान झंझारपुर में 57.24 प्रतिशत, सुपौल में 65.70 प्रतिशत, अररिया में 64.78 प्रतिशत, मधेपुरा में 60.86 प्रतिशत और खगड़िया में 57.68 प्रतिशत मतदान हुआ था। तृतीय चरण के चुनाव में रिजर्व सहित कुल 12,225 कंट्रोल यूनिट, 12,179 बैलेट यूनिट तथा 13,323 वीवीपैट का उपयोग हुआ है, जिसमें 57 कंट्रोल यूनिट, 40 बैलेट यूनिट तथा 71 वीवीपैट 'मॉक पोल' के दौरान बदले गये हैं। 18 कंट्रोल यूनिट, 18 बैलेट यूनिट तथा 96 वीवीपैट 'मॉक पोल' के बाद बदले गए।

## पीठासीन अधिकारी और होमगार्ड जवान की मौत

वोटिंग के दौरान सुपौल में सरायगढ़ भपटियाही प्रखंड के मनरेगा भवन चांदपीपर स्थित मतदान केंद्र संख्या 158 पर पीठासीन पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार अचानक बीमार हो गए। बाद में उनकी मौत हो गई। वह प्रोजेक्ट ललित नारायण हाई स्कूल रतनपुर के प्रिंसिपल थे। डॉक्टर हार्ट अटैक से मौत की आशंका जता रहे हैं। वहीं अररिया जिला अंतर्गत पलासी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विधालय पचैली में चुनाव ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान महेन्द्र साह अचानक बीमार हो गये। आननफानन में उन्हें उपचार हेतु सदर अस्पताल अररिया लाया गया। यहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। महेंद्र साह सीतामढ़ी में पदस्थापित थे। मतदान ड्यूटी





सुपौल के माधोपुर पंचायत बूथ नंबर 212 पर 115 साल की नसीमा खातून ने मतदान किया। मतदान के लिए लेकर आए उनके बेटे मोती अहमद ने बताया कि वोटिंग को लेकर वह सुबह से उत्साहित थीं।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में जवान की मौत, 10 घायल

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले में मंगलवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) के 25 वर्षीय एक जवान की मौत हो गई और 10 अन्य जवान घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, यह घटना झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 150 किलोमीटर दूर हेसला के पास हुई, जब सुरक्षाकर्मियों को ले जा रही एक बस सड़क के डिवाइडर से टकरा गई।



### यूपी के चार आईपीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** यूपी में चुनाव आयोग ने 4 आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए हैं। डीजी जेल एसएन साबत को हटा दिया गया है। उनकी जगह पीवी रामशास्त्री नए डीजी जेल होंगे। इसके अलावा, आईपीएस आनंद स्वरूप को अपर पुलिस महानिदेशक के पद पर पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। डॉ. एन रविंदर को अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक जीएसओ पद पर तैनाती दी गई।




सीतापुर की चुनावी जनसभा में विपक्ष पर जमकर बरसे सीएम योगी

# राम पर आस्था रखने वाले विकास कर सकते हैं, आतंकियों के मुकदमे वापस लेने वाले नहीं

एजेंसी ▶▶ सीतापुर

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सीतापुर के नैमिषराण्य में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार विकास कर रही है। भगवान राम के अस्तित्व को नकारने वाले विकास नहीं कर सकते। उन्होंने कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत रामचरितमानस की पंक्तियों के साथ की है। उन्होंने कहा कि तीर्थवर नैमिष विख्याता। मैं नैमिष की इस पवित्र धरा को प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि आज मुझे एक बार फिर भारत के वैदिक ज्ञान की परंपरा को प्रदान करने वाली पावन धरा, मां ललिता की इस दैवीय शक्ति वाली धरा में आने का सौभाग्य मिला। यह नैमिष का ही महत्व है कि आज दुनिया जनपद सीतापुर और उत्तर प्रदेश की ओर देख रही है।

**खास बातें**

- प्रभु श्रीराम की सत्ता को चुनौती देने वाले कहां ठहर पाएंगे
- मां ललिता के धाम के पुनरुद्धार के लिए सरकार कार्य कर रही
- 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया
- 12 करोड़ लोगों को शौचालय दिए
- 12 करोड़ लोगों को किसान सम्मान निधि दी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सीतापुर के नैमिषराण्य में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम के अस्तित्व को नकारने वाले विकास नहीं कर सकते। भगवान राम के अस्तित्व, कृष्ण के अस्तित्व को चुनौती देना एक फैशन सा बन गया है। इसके बारे में यही कहूंगा विनाशकाले विपरीत बुद्धि।



### इंडी गठबंधन धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाह रहा

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन के दल, एस-एससी व ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण को मुसलमानों को देना चाहते हैं। धर्म के आधार पर आरक्षण देना विभाजन की सोच को बढ़ावा देना है। जनता को अपने वोट से इनका जवाब देना चाहिए। सीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन का घोषणापत्र इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस, सपा, राजद को जब भी मौका मिलेगा ये अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ी जाति के आरक्षण में सेंध लगाकर इन्हें जबरन अल्पसंख्यकों को देने का प्रयास करेंगे।

### भगवान राम और कृष्ण को चुनौती देना फैशन सा

जब भी कोई राम के अस्तित्व को नकारने का काम करता है तो नैमिषारण्य की धरती प्रमाण के साथ खड़ी होती है। भगवान राम के अस्तित्व, कृष्ण के अस्तित्व को चुनौती देना एक फैशन सा बन गया है। इसके बारे में यही कहूंगा विनाशकाले विपरीत बुद्धि। जब किसी की बुद्धि भ्रष्ट होती है तो वह आपके सनातन धर्म को अपशब्द कहता है। यहां प्रभु श्रीराम की सत्ता को चुनौती देने वाले कहां ठहर पाएंगे।

### नया नैमिषारण्य बनकर तैयार हो रहा

सीएम योगी ने कहा कि बीते 10 साल में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। जैसे एक नई अयोध्या तैयार हो गई है, ऐसे ही एक नया नैमिषारण्य बनकर तैयार हो रहा है। मां ललिता के धाम के पुनरुद्धार के लिए सरकार कार्य कर रही है। जिस दिन नया नैमिषारण्य पूरी तरह उभर कर आएगा, रोजगार भी सृजित होगा। यह काम वही कर सकता है जो राम पर आस्था रखता हो। जो राम भक्त है। यह काम भाजपा ही कर सकती है। यह वो नहीं कर सकते जो आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेते हैं।

**अबकी बार फिर मोदी सरकार:** योगी ने कहा कि आज तीसरे चरण में फिर से मतदान हो रहा है। यह 400 पार करने का लक्ष्य नजदीक आ गया है। अबकी बार मोदी सरकार फिर आएगी। 400 का लक्ष्य भी पूरा होगा। आज की पीढ़ी सौभाग्यशाली है, जिसने बदलते भारत को देखा है।

राम मंदिर पर सपा नेता का विवादित बयान

# रामगोपाल यादव बोले- ये बेकार मंदिर है, वास्तु के हिसाब से नहीं



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने राम मंदिर को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने राम मंदिर पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वो मंदिर बेकार का है। मंदिर ऐसे नहीं बनते। राम मंदिर का नक्शा ठीक नहीं बना है। वास्तु के हिसाब से ठीक नहीं बनाया गया है। वहीं रामगोपाल यादव के बयान पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने पलटवार करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी आस्था का सम्मान नहीं करती है। ये राम के अस्तित्व को नकारने वाले लोग हैं।

### सनातन आस्था का किया अपमान

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा नेता रामगोपाल यादव और राजद प्रमुख लालू यादव के बयानों पर भी उन्होंने खूब लताड़ा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी-कांग्रेस का चरित्र हिंदू और राम विरोधी है। 'जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखि तिन तैसी'। उन्होंने कहा कि ये लोग वोट बैंक के लिए न केवल भारत की आस्था के साथ खेल रहे हैं, बल्कि भगवान श्री राम की दिव्य सत्ता को भी चुनौती दे रहे हैं। इतिहास इस बात का गवाह है कि जिसने भी दिव्य सत्ता को चुनौती दी है, उसे दुर्भाग्य का सामना करना पड़ा है।

सीएम ने कहा कि राम गोपाल यादव का बयान लाखों राम भक्तों की सनातन आस्था का अपमान है। जिन लोगों ने अपना पूरा जीवन राम मंदिर के लिए समर्पित कर दिया है, उनकी आस्था पर हमला किया जा रहा है।

### पहले भी कर चुके अनर्गल टिप्पणी

बता दें कि इससे पहले रामनवमी के मौके पर रामगोपाल यादव ने अनर्गल टिप्पणी की थी। उस समय उन्होंने कहा था कि रामनवमी हमेशा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती रही है। रामनवमी के कुछ लोगों ने पेटेंट करा लिया है। यह उनकी बपौती नहीं है। इसके अलावा उन्होंने कहा था कि करोड़ों लोग हजारों वर्षों से रामनवमी मनाते आ रहे हैं और इस देश में केवल एक राम मंदिर नहीं है। उन्होंने अधूरी प्राण-प्रतिष्ठा की है और शंकराचार्य इसके खिलाफ थे। भाजपा को सजा देंगे। मैंने कभी किसी की पूजा नहीं की। मैं दिखावा नहीं करता हूं। मैं भगवान का नाम लेता हूं। लेकिन पाखंडी नहीं हूं। पाखंडी लोग ये सब करते हैं।

## पेज एक का शेष

### पीएम ने बच्ची को ...

की कलाई पर राखी भी बांधी। मीडिया से बातचीत में उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में वोटिंग की अपील की। साथ ही गर्मी को देखते हुए खूब सारा पानी पीने को कहा।

### ताकि... कांग्रेस 370...

शुरू कर दिया है कि संविधान बनाने में बाबासाहेब की बहुत कम भूमिका थी। साथ ही कहा कि लोकसभा चुनाव में 400 सीट इसलिए जीतना चाहता हूं कि ताकि कांग्रेस अयोध्या के राम मंदिर पर बाबरी ताला न लगा दे। उन्होंने कहा कि मोदी 400 सीटें चाहते हैं ताकि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की हर साजिश को रोक सकें। ताकि कांग्रेस कश्मीर में धारा 370 फिर से लागू न कर दे। ताकि कांग्रेस देश की खाली जमीन, खाली द्वीप दूसरे देशों को न सौंप दे। ताकि एससी-एसटी-ओबीसी को मिले आरक्षण पर कांग्रेस वोट बैंक के लिए डाका न डाले। ताकि कांग्रेस अपने वोट बैंक की सभी जातियों को रातों-रात ओबीसी न घोषित कर दे। देश के लोगों के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के पास पहले से ही संसद में 400 से अधिक सीटें हैं। हमने इस संख्या का उपयोग अनुच्छेद 370 को खत्म करने के लिए किया था. एससी-एसटी के आरक्षण को 10 साल आगे बढ़ाने के लिए किया। एक आदिवासी बेटी को पहली बार देश का राष्ट्रपति बनाने के लिए किया। महिला आरक्षण के लिए किया।

**मेरी चुनौती पर कांग्रेस खामोश है:** पीएम ने कहा कि करीब 14 दिन पहले उन्होंने कांग्रेस को चुनौती दी थी कि वह देश के 140 करोड़ लोगों को लिखकर दे कि वह धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देंगे। दूसरा, मैंने उनसे लिखित में देने को कहा कि वे एससी, एसटी और ओबीसी को दिया जा रहा आरक्षण कभी नहीं छीनेंगे और तीसरा, यह लिखित देने को कहा कि वे मौजूदा ओबीसी कोटा में डकैती करके मुसलमानों को आरक्षण कभी नहीं देंगे। लेकिन वे कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं और अपने मुंह पर ताला लगाकर चुपचाप बैठे हैं।

### तय करना होगा...

यह तय करना होगा कि देश वोट जिहाद से चलेगा या राम राज्य से। पीएम मोदी ने कहा कि विपक्ष के इंडी गठबंधन के सहयोगियों को जनता के भाग्य की चिंता नहीं है... वे अपने परिवार को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। अपने राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जैसे ही उन्होंने विपक्ष के एजेंडे को उजागर किया है, विपक्ष ने उनके खिलाफ अपना पूरा गालियों का शब्दकोश खाली कर दिया है।

### अगर जमानत मिलती है...

जस्टिस खन्ना ने कहा कि वह दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री हैं। चुनाव चल रहे हैं। ये असाधारण हालात हैं। वह आदतन नहीं हैं। जिसपर एसजी तुषार मेहता ने दलील दी कि हम क्या उदाहरण दे रहे हैं। क्या आम आदमी सीएम से कम महत्वपूर्ण है। सिर्फ इसलिए कि वह सीएम हैं, कोई डेविएशन नहीं हो सकता। क्या हम राजनेताओं के लिए एक्सेप्शन बना रहे हैं? क्या चुनाव प्रचार ज्यादा महत्वपूर्ण है? इस पर जस्टिस खन्ना की तरफ से कहा गया है कि यह अलग है। चुनाव पांच साल में एक बार आते हैं। हम इसकी प्रशंसा नहीं करते। उन्होंने यह भी कहा कि हम निश्चित ही यह नहीं चाहते कि क्राइम में लिप्त सियासतदानों को अलग तरह से ट्रीट किया जाए। मान लीजिए कि हम आपको रिहा करते हैं, और आपको चुनाव में भाग लेने की अनुमति दी जाती है, तो आप (भी) आधिकारिक कर्तव्यों का पालन करेंगे। इसके व्यापक प्रभाव हो सकते हैं। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से कई महत्वपूर्ण सवाल पूछे। सुप्रीम कोर्ट ने जांच में देरी पर ईडी से सवाल किया कि दिल्ली आबकारी नीति मामले में गवाहों, आरोपियों से सीधे प्रासंगिक सवाल क्यों नहीं पूछे गए? कोर्ट ने ईडी द्वारा जांच में लिए गए समय पर सवाल उठाया और कहा कि उसने चीजों को सामने लाने में दो साल लगा दिए। सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल से कहा कि जमानत मिलने पर आप फाइलों पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते हैं।

**कोर्ट ने कहा-गिरफ्तारी के मानक बहुत ऊंचे:** सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि अगर एक किसान को अपने खेत की देखभाल करनी है और एक किराना दुकान के मालिक को अपनी दुकान पर जाना है, तो एक मुख्यमंत्री को आम आदमी से अलग कैसे माना जा सकता है? क्या हम राजनेताओं के एक वर्ग के लिए ए वर्ग के रूप में एक अपवाद बना रहे हैं। क्या चुनाव प्रचार उस व्यक्ति से अधिक महत्वपूर्ण होगा जो किराना दुकान चलाना चाहता है। जस्टिस खन्ना ने राजू से कहा, सारी सामग्री देखनी होगी। गिरफ्तारी के मानक बहुत ऊंचे हैं।

**हर आदमी बराबर : एसजी तुषार मेहता:** एसजी तुषार मेहता ने कहा कि सवाल ये है कि आप अंतरिम जमानत दे या न दें। उन्हें छह महीने पहले बुलाया गया था, वह अपने मामले में खुद जज बन गए। अगर उन्होंने सहयोग किया होता तो शायद उनकी गिरफ्तारी नहीं होती। अब वो कह रहे हैं कि उन्हें प्रचार करना है। हर आदमी बराबर है। इसके बाद जस्टिस खन्ना ने कहा कि उनकी तरफ से बड़े परिप्रेक्ष्य में तर्क आया है। बहस के दौरान जस्टिस खन्ना ने ये भी कहा कि उन्हें यह कहने का अधिकार है कि गिरफ्तारी चुनाव से ठीक पहले हुई थी।

### एनकाउंटर में लश्कर ...

बदल गया। आतंकियों की तरफ से फायरिंग की गई। जवाब में सेना ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। बताया गया कि मंगलवार सुबह दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी के दौरान जिस घर में आतंकवादी छिपे हुए थे, उसमें आग लग गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ स्थल पर कम से कम दो शव देखे गए हैं और उन्हें निकालने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि शव बरामद होने के बाद ही मारे गए आतंकियों की पहचान और समूह संबद्धता का खुलासा किया जा सकता है।

लोकसभा चुनाव के दौरान राजद पर हमलावार हुई भाजपा

# लालू यादव ने कहा- मुसलमानों को धर्म आधारित आरक्षण मिले

एजेंसी ▶▶ पटना

इंडी गठबंधन के वरिष्ठ नेता, राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो और बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को कहा कि वह मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देने के पक्षधर हैं। लालू ने मुसलमानों को आरक्षण का लाभ दिए जाने की वकालत करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संविधान और लोकतंत्र को खत्म करके आरक्षण समाप्त करना चाहती है। प्रसाद यहां विधान परिषद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। प्रसाद विधान परिषद परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भाग ले रहे थे जहां उनकी पत्नी राबड़ी देवी ने विधान पार्षद (एमएलसी) के रूप में शपथ ली। शपथ लेने वाले अन्य लोगों में सीएम और जद (यू) प्रमुख नीतीश कुमार भी शामिल थे।



### भाजपा डराने में लगी

लालू ने कहा कि भाजपा संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। यह बात जनता के जेहन में आ चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनावी रैलियों में 'जंगल राज' का हौवा खड़ा कर लोगों को डराने में लगी हुई है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के 'अबकी बार 400 पार' नारे पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि चुनाव परिणाम विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के पक्ष में रहेंगे।

### मुस्लिम यादव समीकरण में यादव पीछे रह गया

राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने लालू के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा और पीएम मोदी जिन आशंकाओं को व्यक्त कर रहे थे वे अब पूरी तरह से सच साबित होती दिख रही है। मुस्लिम आरक्षण का जिन्न इंडी गठबंधन के चिराग से बाहर निकल कर दक्षिण से लेकर अब गंगा के मैदान तक पहुंच कर भारत के आकाश पर दिख रहा है। लालू ने जो बयान दिया है उसमें गौर करने लायक बात ये है कि हां मिलना चाहिए। आगे सबसे गंभीर शब्द था पूरा का पूरा यदि पूरा का पूरे मुस्लिम समाज को आरक्षण मिलना चाहिए तो ये साफ हो गया कि एससी, एसटी और ओबीसी का हिस्सा मारकर वे मुस्लिम समाज को आरक्षण देना चाहते हैं। ये आशंका सत्य साबित हो गई। इससे एक और बात साफ हो गई की अब राजद के एमवाय समीकरण में एम प्राथमिक हो गया और वाय पीछे रह गया। प्रचलित धारणा के हिसाब से एम का अर्थ मुस्लिम और वाय यादव माना जाता था।



# हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन की एंट्री ...

**नई दिल्ली।** हाउसफुल सबसे लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी में से एक है। जब से इसकी पांचवीं किस्त की घोषणा हुई है, दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मूवी लवर्स के लिए एक और अच्छी खबर है। फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। फिल्म में अक्षय कुमार, अनिल कपूर, नाना पाटेकर, रितेश देशमुख और चंकी पांडे मुख्य भूमिका में हैं। अब अभिषेक बच्चन अपनी शानदार कॉमेडी टाइमिंग के साथ बोर्ड पर आ रहे हैं। ऐसे में लोग फिल्म से और भी अधिक हंसी और मनोरंजन की उम्मीद कर सकते हैं। इसकी शूटिंग अगस्त 2024 में यूके में शुरू होगी।

## लाइफ Style



# सुष्मिता
## दुल्हन बन रैंप पर छाईं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

बॉम्बे फैशन वीक में एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने डिजाइनर रोहित वर्मा की कलेक्शन को रैंप पर उतारा। गोल्डन कलर के लहंगे में रनवे पर चलते हुए सुष्मिता बेहद खूबसूरत लग रही थीं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को कलीरों और फूलों से कंप्लीट किया, साथ ही उन्होंने बड़े करीने से बंधे जूड़े को भी सजा रखा था। डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

एक्ट्रेस ने कहा, 'आज के समय में दुनिया में समावेशी होना की बहुत जरूरत है। इसलिए मैं सौभाग्यशाली महसूस करती हूं कि उन्होंने न केवल मुझे तैयार किया, बल्कि मेरी आत्मा को भी तैयार किया और मुझे एकता, सद्भाव और अच्छाई का जश्न मनाने का मौका दिया।'

वहीं, रोहित वर्मा ने शेयर किया कि उनका पूरा कलेक्शन प्यार का जश्न मनाने के इर्द-गिर्द घूमता है। एक्ट्रेस के रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## हॉलीवुड मसाला



# कान्स महोत्सव में हड़ताल का साया

**लॉस एंजिलिस।** 'कान्स फिल्म महोत्सव' फिल्मों के प्रीमियर और स्टार्स के लुक्स के अलावा अपने विवादों की वजह से सुर्खियां बटोरता आया है। इस साल भी समारोह के शुरू होने से पहले ही खबर आ रही है कि 'कान्स फिल्म महोत्सव' के कर्मचारी समारोह के दौरान हड़ताल कर सकते हैं।' यह विरोध वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर किया जाने वाला है। 'कान्स फिल्म महोत्सव 2024' में 200 से अधिक फ्रांसीसी कर्मचारी हड़ताल पर जाने की योजना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म महोत्सव के कार्यकर्ता और कान श्रमिकों ने वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन का मन बनाया है।



# एडम ड्राइवर के किरदार से उठा पर्दा

**लॉस एंजिलिस।** महान निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की लंबे समय से प्रतीक्षित जुनूनी परियोजना 'मेगालोपोलिस' एक बार फिर सुर्खियों में हैं। आखिरकार निर्माताओं ने एडम ड्राइवर की पहली झलक जारी करके दर्शकों को इसके दृष्टिकोण की एक झलक दे दी है। हाल ही में जारी किए गए टीजर में एडम ड्राइवर के किरदार सीजर नामक एक वास्तुकार को दिखाया गया है, जो एक गगनचुंबी इमारत के किनारे पर एक अनिश्चित स्थिति में खड़ा है। यह उच्च जोखिम वाला दृश्य फिल्म के भव्य पैमाने और नाटकीय तनाव के लिए माहौल तैयार करता है। 'मेगालोपोलिस' दशकों से विकास में है, और कोपोला ने महत्वाकांक्षी परियोजना को स्व-वित्तपोषित किया है।



# सुपरस्टार से शादी करके कॅरियर हुआ खत्म

**नई दिल्ली।** किसी एक्ट्रेस की पहली ही फिल्म सुपर-डुपर हिट हो जाए तो वो भूलकर भी शादी नहीं करती और अगर शादी हो जाए तो ये गलती कभी नहीं करतीं कि वो प्रेग्नेंट हो जाए। लेकिन डिंपल कपाड़िया ने करियर की पीक पर पहुंच कर मां बनने का जोखिम उठाया। सुपर स्टार राजेश खन्ना से शादी भी रचा डाली, लेकिन फिर जल्दी ही तलाक भी हो गया। इसने प्रेग्नेंट होने का फैसला तब किया जब ये पहली ही फिल्म बॉबी के बाद एक बड़ी स्टार बन गई थीं और उनके घर के बाहर निर्माता निर्देशकों की कतार लग रही थी। बॉबी फिल्म के रिलीज होने के पहले ही डिंपल राजेश खन्ना के प्यार में पड़ीं और शादी भी कर ली। इतना ही नहीं, शादी होते ही डिंपल कपाड़िया ने फिल्मी दुनिया भी छोड़ दी।



# करण से कॉमेडियन ने मांगी माफी...

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता करण जौहर ने एक टीवी शो के प्रोमो पर निराशा व्यक्त करते हुए रविवार रात एक इंस्टाग्राम पोस्ट किया। करण ने कहा कि उन्होंने एक कॉमेडियन को अभद्र तरीके से उनकी नकल करते हुए देखा, लेकिन उन्होंने शो, कॉमेडियन या चैनल का नाम नहीं लिया। हालांकि, करणका पोस्ट देखने के बाद तमाम लोगों को संदेह था कि करण केतन सिंह स्टारर फिल्म 'मैडनेस मचाएंगे' के प्रोमो के बारे में बात कर रहे थे। लिहाजा करण की आलोचना पर अब कॉमेडियन ने जवाब दिया है और विनम्रतापूर्वक माफी भी मांगी है। केतन ने एक इंटरव्यू में कहा कि उनका इरादा कभी भी करण को ठेस पहुंचाना नहीं था, 'मैं करण सर से माफी मांगना चाहूंगा।' मैं कॉफी शो में करण जौहर को बहुत देखता हूं। मैं उनके काम का फैन हूं। म

## टीवी मसाला

# बाल हनुमान' बोले- अब मैं भी शरारती

**नई दिल्ली।** बाल कलाकार दर्श अग्रवाल शो 'कर्माधिकारी शनिदेव' में बाल हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें बाल रूप हनुमान की शरारतें हमेशा आकर्षित करती हैं। बाल हनुमान के रूप में दर्श अग्रवाल की एंट्री के साथ, यह शो शनिदेव और हनुमान के बीच आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए एक नए आयाम की खोज करने के लिए तैयार है। दर्श अग्रवाल ने बातचीत में कहा, 'मेरे दादा-दादी मुझे हमेशा बाल हनुमान, श्री कृष्ण और बाल गणेश की कहानियां सुनाते थे। भगवान हनुमान के बाल रूप की शरारतें मुझे हमेशा आकर्षित करती थीं और अब मैं भी शरारती हो गया हूं। मैं अपने दोस्तों और परिवार को मुझे यह किरदार निभाते हुए देखने का और इंतजार नहीं कर सकता।' शो की कहानी शनिदेव पर आधारित है, जिसे भगवान हनुमान नारद मुनी को सुनाते हैं और बताते हैं कि कैसे शनिदेव को 'कर्माधिकारी'कहा जाता है।



## फिर शुरू होगा 'देख भाई देख'

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शेखर सुमन इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्होंने फरीदा जलाल से मुलाकात की और उनकी सेहत के बारे में पूछा। साथ ही शेखर ने कहा कि वो जब भी वह 'देख भाई देख' के किसी अभिनेता से मिलते हैं, तो वो पुरानी यादों में खो जाते हैं। उन्हें याद आता है कि वो कैसे वो एक परिवार बन गया था। शेखर सुमन ने आगे कहा, 'उन्होंने प्रीमियर में फरीदा जलाल से बात की और उन्हें बताया कि अभी फाइनल नहीं है, लेकिन शायद 'देख भाई देख' का दूसरा पार्ट जल्द ही फिर से आएगा।' उन्होंने फरीदा जलाल से कहा कि इस शो में वो जरूर रहेंगी। खास बात ये है कि शो में काम करने के लिए फरीदा जलाल ने हां भी कर दिया है। शेखर ने बताया कि वो पूरी कोशिश कर रहे हैं कि ये शो जल्द शुरू हो। उन्होंने कहा कि एक प्रोडक्शन हाउस से बातचीत चल रही है और अगर सब कुछ ठीक रहा तो लोगों को जल्द ही शो देखने को मिलेगा। 'देख भाई देख' का एक वक्त हर कोई फैन था।



# दुश्मनी भुलाकर राजकपूर की आखिरी बर्थडे पार्टी में पहुंचे थे राजकुमार...

*मुंबई। दिग्गज निर्माता-निर्देशक राज कपूर ने साल 1987 में अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। राज का आखिरी बर्थडे बहुत धूमधाम से सेलिब्रेट किया गया था। इस पार्टी में बड़े-बड़े सितारों ने शिरकत की थी। इसमें राज कुमार भी आए थे। 37 साल पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। क्लिप में रणबीर कपूर और करीना कपूर भी नजर आए। राज कपूर सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेता, निर्माता और निर्देशक रहे हैं। उन्होंने अपने अभिनय से दुनियाभर में पहचान हासिल की, फिर निर्देशन और निर्माण के जरिए कई कलाकारों को सुपरस्टार बनाया। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनसे जुड़े किस्से या पुराने वीडियो और तस्वीरें अक्सर वायरल होती रहती हैं। राज कपूर ने 2 जून 1988 में हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। इससे पहले 14 दिसंबर 1987 को राज कपूर ने अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। उनके जन्मदिन के जश्न में बॉलीवुड के कई नामी सितारे भी आये थे। सालों बाद वायरल हो रहे वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे सितारों ने जश्न को एन्जॉय किया। लाल जैकेट, व्हाइट शर्ट और पैंट में राज कपूर बैठे हुए हैं और सभी मेहमान उनसे मिलकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। ऋषि कपूर ने अपने पिता को गले लगकर और पैर छूकर जन्मदिन की बधाई दी। फिर शशि कपूर ने भी भैया के पैर छूकर और गले लगाया बधाई दी। रणधीर कपूर भी मेहमानों के साथ गपशप करते दिखे। एक जगह दिग्गज अभिनेता राज कुमार को राजकपूर के माथे को चूमते हुए देखा गया। उनकी दोस्ती और दुश्मनी खूब चर्चा में रही है। दोनों के बीच साल 1969 में लड़ाई हो गई थी। इसके अलावा जितेंद्र, अनिल कपूर, कबीर बेदी, मंदाकिनी, जैकी श्रॉफ, शत्रुघ्न सिन्हा, रेखा और विनोद मेहरा समेत कई सितारों ने जन्मदिन के जश्न में रौनक बढ़ाई थी।*



# आसिम रियाज को फिर हुआ प्यार

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' फेम आसिम रियाज और हिमांशी खुराना ने पिछले साल अपने ब्रेकअप का ऐलान किया था। कपल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में खुलासा किया था कि अलग-अलग धर्म से ताल्लुक रखने के चलते कपल ने अपनी राहें अलग कर ली। हिमांशी खुराना से ब्रेकअप को 5 महीने ही हुए थे कि अब आसिम रियाज के सोशल मीडिया पोस्ट को देखते हुए उनके फैंस कयास लगा रहे हैं कि शायद उनकी जिंदगी में प्यार ने दोबारा दस्तक दे दी है। हाल ही में 'बिग बॉस 13' के कंटेस्टेंट आसिम रियाज ने अपने सोशल मीडिया पर मिस्ट्री गर्ल संग एक फोटो साझा की है। इस फोटो को शेयर करते हुए एक्टर लिखते हैं, 'जिंदगी चलती रहती है। एक्टर की इस फोटो पर कमेंट करते हुए एक फैंन लिखते हैं, 'जो भी हो बस दोनों एक-दूसरे के लिए बेस्ट हो और इस बार बस दोनों की शादी की खबर आएं। वहीं और एक फैन लिखते हैं, 'बहुत बहुत मुबारक हो आसिम आपके लिए बहुत खुश हूं।'



## आशुतोष राणा और विजय राज के साथ चलेगा पृथ्वीराज का जादू

# ओटीटी पर इस हफ्ते लगेगा क्राइम-मिस्ट्री का तड़का

*नई दिल्ली। ओटीटी पर इस हफ्ते क्राइम-मिस्ट्री का तड़का लगेगा। कई लोग सिनेमाघरों में बैठकर फिल्मों का मजा नहीं ले पाते हैं। वे घर बैठे ही रोमांचक शो और फिल्में देखना पसंद करते हैं। दर्शकों के लिए मई का दूसरा हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होने वाली हैं।*


**आवेशम :** 'आवेशम' 2024 की मलयालम एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन जीतू माधवन ने किया है। यह नाजरिया नाजिम और अनवर रशीद द्वारा निर्मित है। 'आवेशम' तीन किशोरों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बेंगलुरु आते हैं और झगड़े के बाद एक स्थानीय गैंगस्टर से दोस्ती करते हैं। इसमें फहद फासिल, मिथुन जय शंकर और रोशन शनावास मुख्य भूमिकाओं में हैं और अन्य सहायक भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत सुशीन श्याम का है, जबकि समीर ताहिर ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है और विवेक हर्षन ने संपादन किया है। 'आवेशम' 9 मई को अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करेगा।






**रत्नम :** 'रत्नम' हरि द्वारा निर्देशित 2024 की तमिल एक्शन फिल्म है, जो स्टोन बेंच फिल्म्स, जी स्टूडियोज और इनवेनियो ओरिजिन द्वारा निर्मित है। इसमें विशाल मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ प्रिया भवानी शंकर, रामचंद्र राजू और अन्य प्रमुख भूमिका में हैं। यह फिल्म 'थमीराभरानी' और 'पूजाई' के बाद विशाल और निर्देशक हरि के बीच तीसरे सहयोग का प्रतीक है। रत्नम कथित तौर पर इस सप्ताह अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए तैयार है।

**8 एएम मेट्रो :** '8 एएम मेट्रो' एक पुरुष और एक महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रेलवे प्लेटफॉर्म पर मिलने के बाद दोस्त बन जाते हैं। फिल्म में गुलशन देवैया और सैयामी खेर मुख्य भूमिका में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 10 मई को जी5 पर रिलीज होगी।



**आडुजीविथम - द गोट लाइफ :** 'आडुजीविथम - द गोट लाइफ' 2024 का मलयालम सर्वाइवल ड्रामा है, जो ब्लेसी द्वारा निर्देशित और सह-निर्मित है। यह बेन्यामिन के 2008 के उपन्यास 'आडुजीविथम' पर आधारित है, जो सऊदी अरब में चरवाहे के रूप में गुलाम बनाए गए एक मलयाली श्रमिक नजीब की सच्ची कहानी से प्रेरित है। यह फिल्म भारत-अमेरिका सहयोग से बनाई गई है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन, जिमी जीन-लुई और केआर गोकुल हैं, जबकि तालिब अल बलुशी, रिक एबी, अमला पॉल और शोभा मोहन की सहायक भूमिकाएं हैं। यह उपन्यास के प्रतिबंध के समान संयुक्त अरब अमीरात को छोड़कर सभी खलीजी देशों में प्रतिबंधित है। 10 मई से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 'आडुजीविथम' स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।



**सरकारी स्वीमिंग पूल सिर्फ तीन, जिसमें भीड़ के कारण लोग निजी पूल में जाने को मजबूर**

# लाइफ जैकेट और सुरक्षा के बिना चल रहे राजधानी में 147 स्वीमिंग पूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वीमिंग पूल और वाटर पार्क में पिछले तीन दिन में दो मासूमों की मौत के बाद राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में जांच पड़ताल की गई तो 147 ऐसे स्वीमिंग पूल मिले, जहां लाइफ जैकेट और सुरक्षा की बात तो दूर इनकी देखभाल करने वाला तक भी कोई नहीं। वहीं नई बन रही कवर्ड कैंपस कॉलोनियों में दिखावे के पूल बनाए जा रहे हैं। वहीं मेरिज गार्डन में भी निजी स्वीमिंग पूल बिना लाइफ जैकेट और सुरक्षा के फोटो सेशन के लिए चल रहे हैं।

हर साल गर्मियों में राजधानी में 48 हजार लोग आवेदन करते हैं, लेकिन अधिकृत तीन ही स्वीमिंग पूल होने से 25 हजार से ज्यादा लोग दूसरे पूल में अपना शौक पूरा कर रहे हैं। 48 हजार लोगों में 13 हजार महिलाएं हैं। अधिकृत स्वीमिंग पूल में भेल सीनियर क्लब, कल्पना नगर का पुरुषोत्तम गौर स्वीमिंग पूल, सेकेंड स्टाप पर प्रकाश तरण पुष्कर, विट्टन मार्केट में अर्जुन तरुण पुष्कर, कोहेफिजा तरण पुष्कर शामिल हैं।

## तीन बड़े वाटर पार्क में भी भीड़ को कंट्रोल करने और सुरक्षा के नाकाफी इंतजाम



### निगम आयुक्त के अनुसार जांच की जा रही है

नगर निगम बिल्डिंग परमिशन के द्वारा अनुमति दी जाती है। इसलिए अधिकारियों से कहा गया है कि वो उस नियम के बारे में जानकारी दें, जिसके तहत दुर्घटना वाले स्वीमिंग पूल या वाटर पार्क के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

**हरेंद्र नारायण**, आयुक्त, नगर निगम भोपाल



### बिना लाइफ जैकेट के प्रवेश ही नहीं

पुरषोत्तम गौर तरण पुष्कर के प्रबंधक ब्रजभान सिंह धाकड़ के अनुसार किसी भी तैराक या सीखने वालों को बिना सुरक्षा कवच और लाइफ जैकेट के प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। कई प्रभावशाली लोग प्रवेश की कोशिश करते हैं, लेकिन उन्हें भी प्रवेश नहीं करने दिया जाता है।

### बिल्डिंग परमिशन देते हैं

*नगर निगम अधिकारियों के अनुसार राजधानी के मेरिज गार्डन या हॉल के अलावा कॉलानियों और सार्वजनिक स्थान में स्वीमिंग पूल और वाटर पार्क बनाने की अनुमति बिल्डिंग परमिशन विभाग से दी जाती है। किसी प्रकार की घटना या दुर्घटना के बाद जांच पुलिस के द्वारा की जाती है, जबकि लोगों का कहना है कि लाइसेंस निरस्त का प्रावधान होना चाहिए।*

### ज्यादा पूल पीडब्ल्यूडी की देखरेख में

राजधानी में प्रकाश तरण पुष्कर, मेट्रो पार्क, विट्टन मार्केट सहित सबसे ज्यादा स्वीमिंग पूल पीडब्ल्यूडी की देखरेख में चल रहे हैं, लेकिन वहां के अधिकारियों का कहना है कि सिर्फ मेंटेनेंस का काम विभाग देखता है।




### बड़े तालाब में भी बच्चे लगा रहे छलांग

शीतलदास की बगिया में नगर निगम के द्वारा तैनात किए गोताखोर शेख आसिफ के अनुसार तालाब में तैराकी पूरी तरह से मना है, लेकिन बच्चे छिपकर छलांग लगा देते हैं। इन्हें रोकने के लिए काफी प्रयास करना पड़ता है। इसके बाद भी सुबह से शाम तक करीब 40 से 50 बच्चे तैरते रहते हैं। वहीं सोमवार को जब देखा गया तो शीतलदास की बगिया समेत आसपास के घाटों पर बच्चे तैराकी करते मिले हैं।

## घर की दूसरी मंजिल में फांसी लगाकर युवती ने की आत्महत्या

**कोंडागांव।** कोंडागांव जिले के नहरपारा में रहने वाले श्रीवास के घर उसकी दूसरी बेटी की शादी होने वाली थी। दुल्हन ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर की दूसरी मंजिल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर पूरे घर में मातम पसर गया। मामले की जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी प्रह्लाद यादव ने बताया कि नहरपारा निवासी उमाशंकर श्रीवास की दूसरे नंबर की बेटी सुषमा श्रीवास का विवाह कांकेर के नवागांव के एक युवक से 8 मई को होने वाला था, लेकिन अचानक से दुल्हन ने 5 मई की शाम को अपने घर के दूसरे माले के कमरे में जाकर आत्महत्या कर ली।

## मतदान के बीच कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय धरने पर बैठे

**रायपुर।** रायपुर लोकसभा सीट के सभी मतदान केंद्रों में वोटिंग जारी है। इस बीच कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने पुरानी बस्ती के शिशु मंदिर स्थित मतदान केंद्र में धरने पर बैठ गए हैं। इस दौरान कांग्रेस ने रायपुर कलेक्टर और निर्वाचन अधिकारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विकास उपाध्याय ने रायपुर कलेक्टर पर आरोप लगाते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वास्थ कार्यकर्ताओं से बीजेपी का प्रचार प्रासार, नींबू शरबत बांटने के बहाने मतदाताओं से बीजेपी को वोट देने की दलाली रायपुर कलेक्टर करवा रहे है, जिसको लेकर कांग्रेस के रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय धरने में बैठ गए।

## प्रगति पेट्रोल पंप के पास हुआ विवाद, दर्जन भर घायल

# किन्नरों के दो पक्षों में वर्चस्व का विवाद, लाठी-डंडों से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित प्रगति पेट्रोल पंप के पास सोमवार दोपहर उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया, जब किन्नरो के दो पक्ष आमने-सामने हो गए। एक पक्ष द्वारा भाड़े पर लाए गए गुंडों की मदद ली गई। दूसरे पक्ष के किन्नरों के ऑटो पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडे, रॉड और चाकू छुरी लेकर पहुंचे किन्नरों और उनके साथ मौजूद बदमाशों ने ऑटो में तोड़फोड़ करते हुए उसमें बैठे किन्नरों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। प्रगति पेट्रोल पंप जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई इस वारदात के बाद आम आदमी में खौफ का माहौल निर्मित हो गया था। स्थिति यह बन गई कि लोगों को अपनी जान बचाने यहां वहां छुपना पड़ा।



### एमपी नगर में घेरकर पीटा, भाड़े पर बुलाए बदमाश

उल्लेखनीय है कि किन्नरों का यह विवाद एक दिन पहले कोलार से शुरू हुआ था। कोलार में भी दोनों पक्षों ने एक दूसरे से मारपीट की थी। पुलिस के मुताबिक बुधवारा निवासी पल्लवी किन्नर गुरू पूजा ठाकुर (40) सोमवार सुबह अपनी साथियों मनीषा, गुलशन व सलोनी किन्नर समेत दो दर्जन किन्नरों के साथ नेग मांगने के लिए निकले थे। सभी लोग पांच से छह ऑटो में सवार होकर एमपी नगर पहुंचे। प्रगति पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही काजल ठाकुर, नानू विश्वास, रितिका और मयूरी समेत 60 से 70 लोगों ने उन्हें रोक लिया। इनमें कुछ किन्नर थे और किराए पर लाए गए गुंडे थे। रोकते ही आरोपियों ने डंडे और रॉड से ऑटो पर हमला कर दिया। अंदर मौजूद किन्नरों ने भागने का प्रयास किया था, लेकिन आरोपियों की संख्या अधिक होने के कारण वे भाग नहीं सके। लिहाजा आरोपियों ने घेरकर उनके साथ मारपीट की और कुछ लोगों के बाल काट दिए। मारपीट में दर्जनभर किन्नरों को गंभीर चोट आई है।

### एक दिन पहले कोलार में हुआ था विवाद

मंगलवारा और बुधवारा के किन्नरों के गुटों में वर्चस्व को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। विवाद ने नया मोड़ रविवार सुबह कोलार के बीमाकुंज इलाके से ले लिया। यहां नेग मांगने पहुंचे किन्नरों के बीच विवाद हुआ और दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ लात मुक्कों से मारपीट की थी। विवाद में दोनों ओर से 5 किन्नर घायल हुए थे। कोलार पुलिस ने रविवार को मंगलवारा गुट की किन्नर रितिका ठाकुर गुरु सुरैया नायक (24) की शिकायत पर पल्लवी, जमीला, मोना व सिमरन किन्नर के खिलाफ और बुधवारा गुट की पल्लवी किन्नर गुरु पूजा ठाकुर (40) की रिपोर्ट पर काजल ठाकुर, काजल बंबईया, नानू विश्वास तथा नेहा शर्मा किन्नर के विरुद्ध गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था।

### चुनाव के बाद होनी थी पंचायत

रविवार को विवाद होने के बाद किन्नरों के गुरुओं के बीच बातचीत हुई थी। पल्लवी की गुरु पूजा ठाकुर ने बताया कि बात यह तय हुई थी कि बार बार विवाद न हो इसके लिए समाज की पंचायत बैठाई जाएगी। पूजा ठाकुर ने कहा कि अभी चुनाव का समय है और चुनाव होने के बाद बैठक बिठाकर विवाद न हो इसके लिए नियम बना लिए जाएगा। बात यह भी तय हुई थी कि जब तक बैठक नहीं होती है सभी अपना अपना काम करेंगे और आपस में विवाद और खूनखराब नहीं करेंगे। गुरु पूजा ठाकुर ने नेग मांगने जा रहे पल्लवी समेत अन्य किन्नरों को मना किया था कि कल ही विवाद हुआ है और अभी नेग मांगने जाने की जरूरत नहीं है। बावजूद इसके पल्लवी अपने साथियों के साथ नेग मांगने गई। विवाद होने की आशंका गुरु को थी और उन्होंने सभी को साथ रहने की बात कही थी और विवाद न करने की बात कही थी।

**शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या उमावि बैरसिया में आयोजन**

# कक्षा 10वीं और 12वीं की मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित, 13 मई तक चलेगा समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैरसिया



पीएम श्री शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या उमावि बैरसिया की प्राचार्या गीता जोशी एवं वरिष्ठ शिक्षक दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि हाई स्कूल की 54 एवं हायर सेकंडरी की 125, कुल 179 क्षात्राओं ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया है।

शाला प्रबंधन द्वारा आयोजित किए गए सम्मान कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली क्षात्राओं को प्रशस्ति-पत्र, प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर सम्मान समारोह में शाला की प्राचार्या गीता जोशी ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आगे भी छात्राएं इसी प्रकार की मेहनत और लगन से पढ़ाई करते हुए अपनी शाला, परिवार का नाम रोशन करेंगी, ऐसी अपेक्षा है। वहीं पीएम श्री योजना अन्तर्गत शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या उमावि बैरसिया में 13 मई तक समर कैम्प आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक की लगभग 250 क्षात्राओं ने अपना पंजीकरण कराया है।

## ट्रक की टक्कर से घायल एंबुलेंस चालक की मौत

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित तरावली के पास गत 30 अप्रैल की दोपहर ट्रक ने एंबुलेंस को टक्कर मार दी। वैन में बनी एंबुलेंस में सामने से जोरदार टक्कर लगने से एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए थे। स्थानीय लोग और पुलिस ने एंबुलेंस में फंसे घायल को बाहर निकालकर बैरसिया के अस्पताल पहुंचाया था। वहां स्थिति गंभीर देखते हुए घायल चालक को हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। हमीदिया अस्पताल में चले इलाज के दौरान रविवार देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ऋषि कुशवाह पुत्र स्वर्गीय राज कुशवाह (25) नारियलखेड़ा गौतम नगर में रहता था और एंबुलेंस चलाता था। गत 30 अप्रैल को वैन में बनी एंबुलेंस से मरीज को छोड़ने बैरसिया गया था। वहां से लौटते समय तरावली जोड़ पर सामने से आ रहे ट्रक ने एंबुलेंस को सामने से जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन सामने से बुरी तरह से चिपट गई थी।



# संत हिरदाराम कॉलेज के जर्नल ऑफ रिसेंट रिसर्च का चौथा संस्करण जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की अनुसंधान समिति ने एसएचजीसी जर्नल ऑफ रिसेंट रिसर्च इन साइंस एंड ह्यूमैनिटीज का चौथा संस्करण जारी किया है। प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने अनुसंधान समिति को बधाई देते हुए कहा कि यह जर्नल संस्था की विभिन्न विषयों में ज्ञान और अनुसंधान को आगे बढ़ाने के संकल्प और विशेषज्ञता का प्रमाण है। अनुसंधान समिति की संयोजक, डॉ. माधवी गौड़ ने संस्था के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और समिति के सभी सदस्यों के अथक प्रयासों और संस्था के उच्च शैक्षणिक स्तर को बनाने में उनकी अविचल निष्ठा के लिए धन्यवाद दिया। विज्ञान एवं मानविकी का यह जर्नल शोधकर्ताओं एवं मेधावी छात्रों को अपने शोध विषयक कार्य को प्रकट करने के लिए एक मंच प्रदान करता है तथा उन्हें अन्य शोध कर्ताओं, विषय विशेषज्ञों के समुदाय से परिचित भी कराता है।



# ताजनगर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में गैलरी वॉक आयोजित

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के फारुकनगर ब्लॉक के ताजनगर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में गैलरी वॉक का आयोजन मैजिक बस संस्था और हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। इसमें मैजिक बस संस्था से एसएसओ सुनीता, आशा और शिक्षा विभाग विभाग से एबीआरसी, नीलम यादव, बीआरपी संदीप जी, जगमोहन शामिल हुए। स्कूल हेड विजय यादव और जीवन कौशल के टीचर्स अनुज सर, अनिता गुलिया जी ने इस आयोजन को किया। इस प्रोग्राम की शुरुआत गांव के गणमान्य व्यक्ति और गांव के मुखिया सरपंच शिवताज ने किया। इस प्रोग्राम में पंच, आंगनवाड़ी वर्कर ,आशा वर्कर्स और बच्चों के पेरेंट्स के शामिल रहे। इस प्रोग्राम की शुरुआत गांव के सरपंच सरताज सिंह और स्कूल डैड द्वारा की गई। इसमें बच्चों ने मैजिक बुक में अपनी विभिन्न कौशलों के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। गांव के विभिन्न स्टेकहोल्डर्स, जिसमें आंगनबाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, गांव की युवा किशोरी और बच्चों के माता-पिता और एसएमसी मैम्बर्स शामिल रहे। बच्चों की गैलरी वॉक के माध्यम से मैजिक सीट से विभिन्न भावनाओं को समझने का प्रयास किया। आज के इस प्रोग्राम से बच्चों में बदलाव को देखते हुए गांव के रिटायर्ड धर्मेंद्र जी ने कहा कि मैं अपनी जगह को कम्युनिटी रिसोर्स सेंटर के तौर पर बच्चों के लिए देना का आश्वासन दिया। इस जगह पर बच्चों की जरुरतों को ध्यान में रखते हुए सारी सुविधाएं होगी। स्कूल हैड विजय यादव सर ने मैजिक बस संस्था का धन्यवाद करते हुए कहा कि ये प्रोग्राम काफी अच्छा लगा है। इसमें बच्चों के साथ , साथ टीचर्स के व्यवहार में भी काफी बदलाव देखने को मिला।

भाजपा अध्यक्ष ने ली बूथ समिति सदस्यों की बैठक

# भोपाल में मौजूद इस बूथ का एक भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण मतदान प्रतिशत बढ़ाने भोपाल के दानिश हिल्स स्थित बूथ क्रमांक 223 के बूथ समिति मे सदस्यों के साथ बैठक की। शर्मा इसी बूथ के मतदाता हैं। शर्मा ने कहा कि मैं भी अपने बूथ का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आप सभी से यही अपील करने आया हूं। बूथ क्रमांक 223 में कुल 1179 मतदाता हैं, जिनमें 726 लोगां ने विधानसभा में मतदान किया है। मैं अपील करता हूं कि इस बूथ के जो सम्मानित मतदाता शहर के बाहर हैं, वे भी आकर मतदान करें और लोकतंत्र को और मजबूत बनाएं।

### अधिक मतदान के लिए प्रयास करें

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इस बूथ के अधिक से अधिक मतदाताओं से मतदान कराने का प्रयास करें। लेकिन इस बूथ के जितने मतदाता वर्तमान में भोपाल में हैं, उन सभी से भाजपा कार्यकर्ता अपील करें कि सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। विधानसभा में 726 वोट पड़े थे, लेकिन लोकसभा में इस संख्या को और बढ़ाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता कल सुबह 6 बजे से लोगों से मतदान करने की अपील करें।*

देर रात तेज बारिश के साथ आई हवा में उड़ गया शेड

# बारिश से घर के बरामदे में सो रहे दंपती पर गिरा शेड, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले में सोमवार रात शुरू हुई बारिश से एक ओर जहां शहर के अधिकांश हिस्से में बिजली गुल हो गई। वहीं शहर से लगे नगरनार थाना क्षेत्र के ग्राम मगनपुर में शेड के गिरने से उसकी चपेट में आने से दंपती के साथ ही एक 10 साल का बच्चा भी इसकी चपेट में आ गया। घायलों को बेहतर उपचार के लिए मेकाज में भर्ती किया गया। जानकारी के मुताबिक, मगनपुर निवासी जग्गू नाग 41 वर्ष, उसकी पत्नी तुलसा 39 वर्ष, घर के एक 10 वर्षीय बच्चे को लेकर घर के बरामदे में सोए हुए थे। अचानक से देर रात से शुरू हुई बारिश और तेज हवाओं के चलते घर में लगा हुआ शेड पति-पत्नी के साथ ही बच्चे पर आ गिरा। इस घटना में पत्नी तुलसा के सिर के साथ ही पैर में गंभीर चोट आई है।



### एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश

**सरगुजा।** सरगुजा संभाग में दोपहर दो बजे से मौसम का मिजाज बिगड़ने की वजह से मतदान पर असर पड़ने की खबर है। सूरजपुर, सरगुजा समेत बलरामपुर जिलों में धूल भरी आंधी के साथ दोपहर 2 बजे के बीच बारिश भी शुरू हो गई थी। जो तकरीबन 1 घण्टे तक कई जगह झमाझम बारिश हुई। जिसके बाद 132 किलोवॉट ब्रेक होने की वजह से सूरजपुर जिले के कई मतदान केंद्रों में ब्लैकआउट देखने को मिला। वही बिजली गुल होने से मतदान केंद्रों में भी मतदान कर्मियों को टार्च जलाकर काम करना पड़ा है।

**श्रीलंका और फिलीपीन का दल पहुंचा भोपाल**

# विदेशी डेलीगेशन ने देखा मतदान सामग्री वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


लोकसभा चुनाव की सभी प्रक्रियाओं को देखने एवं उससे जुड़े विभिन्न चरणों को समझने श्रीलंका और फिलीपीन्स का 11 सदस्यीय डेलीगेशन भोपाल आया हुआ है। इस इन्टरनेशनल डेलीगेशन ने 6 मई को सुबह भोपाल में मतदान सामग्री वितरण स्थल पर पहुंचकर मतदान सामग्री वितरण प्रक्रिया को देखा और उसकी सिलसिलेवार जानकारी ली। इस दौरान डेलीगेशन के साथ संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, सीईओ जिला पंचायत ऋतुराज सिंह उपस्थित रहे। प्रतिनिधि दल को कलेक्टर सिंह एवं मास्टर ट्रेनर ने निर्वाचन प्रक्रिया की चरणवार विस्तृत जानकारी दी गयी। इवीएम, वीवीपैट, मतदान दल गठन, मतदान सामग्री वितरण, मॉनिटरिंग, सुरक्षा संबंधी व्यवस्था सहित निर्वाचन संबंधी अन्य प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया।



### ये हैं प्रतिनिधि मंडल के सदस्य

*डेलीगेशन में फिलीपीन्स के 'कमीशन ऑन इलेक्शन्स' की एसोसिएट कमिश्नर सोकोरों बी. इंटिंग, डायरेक्टर सेलिया बी. रोमेरो एवं एग्जीक्युटिव असिस्टेंट लेसली एन सी. कॉनक्विला तथा श्रीलंका के 'प्रेसीडेंशियल कमीशन ऑफ इन्क्वायरी टू मेक रिकमंडेशन्स फॉर इलेक्शन लॉ रिफार्म्स' के चेयरमैन जस्टिस वीवेज प्रियसथ गेरार्ड डेप, सुंथारम अरूमैनायाहम, अलीसंदारालेज सेनानायके, अहमद लेब्बे मोहम्मद सलीम, निमालका फर्नान्डो, थिरानागे दीपानी सामंथा रॉडरिगो,एलन करमाइकल वेरे तंबिनायागम डेविड सहित कमीशन सेकेट्री माधवा देवा सुरेन्द्र भोपाल आए हैं।*

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नामः** अज्ञात, **पुत्रः** अज्ञात, **पताः** अज्ञात, **उम्रः** लगभग 35–40 साल, **लिंगः** पुरूष, **कदः** 5 फुट 5 इंच, **रंगः** गेहुआ, **पहनावाः** लाल रंग की टी–शर्ट काले रंग का पैजामा एवं नीले रंग की अण्डरवियर जिसपर लीफ प्रिन्टेड है पहने हुए है दिनांक 03.05.2024 को समय 06.33 बजे सुबह रॉ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सेक्टर–04, बवाना, दिल्ली थाना अन्तर्गत बवाना, दिल्ली पर मृत अवस्था में पाया गया।
इस संदर्भ में **DD No. 12A, dated 03.05.2024** थाना बवाना, दिल्ली में दर्ज है।
हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना– बवाना, दिल्ली

DP/5433/ON/2024 (UIDB)
फोनः 011-27752534, 7065036321

## चिंतन

# कम मतदान लोकतंत्र के लिए चिंता का सबब

सरकार की लाख कोशिश के बावजूद मतदान के प्रति लोगों में वो उत्साह नहीं दिख रहा है, जैसा दिखना चाहिए। पहले व दूसरे के बाद तीसरे चरण में भी मतदान पिछले चुनावों के मुकाबले कम हुए हैं। तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 लोकसभा सीटों पर चुनाव हुए हैं, उसमें शाम सात बजे तक के आंकड़े के मुताबिक, 64.08 फीसदी मतदान हुए हैं। केंद्रीय निर्वाचन आयोग के आंकड़े के मुताबिक, पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 के चुनावों में पहले और दूसरे चरण में क्रमशः 69.43 प्रतिशत और 69.17 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को 102 निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ था और दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को 88 निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ था। 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में दोनों चरणों में मतदान में गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 66.89 फीसदी मतदान हुआ था। तीनों के चरण के ये तुलनात्मक आंकड़े बताते है कि इस बार मतदान कम हो रहे हैं। तीन चरण तक आधी सीटों पर चुनाव पूर्ण हो चुका है। अभी चार चरण के चुनाव बचे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद गुजरात में अपना वोट डालने के बाद लोगों से बढ़चढ़कर मतदान की अपील की है। लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान में कमी चिंता का सबब है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग को भी मतदान प्रतिशत का आंकड़ा चुनाव संपन्न होने के 24 घंटे के अंदर जारी कर देना चाहिए। ईवीएम सिस्टम में ऐसा मैकेनिज्म है कि वोटिंग का आंकड़ा जानने में बहुत वक्त नहीं लगता है। अभी दो चरण के मतदान के बाद चुनाव आयोग ने काफी देर से संशोधित आंकड़ा जारी किया, इससे जनता में, विपक्ष में असंतोष पनपता है। निष्पक्ष और सही तरीके से चुनाव कराना निर्वाचन आयोग का दायित्व है। भारतीय चुनाव आयोग की विश्वभर में साख है, प्रतिष्ठा है, ऐसे में उस पर अधिक जिम्मेदारी है। एक तो सात चरण में चुनाव का इतना लंबा शेड्यूल बना कर निर्वाचन आयोग ने चुनाव को पहले से ही नीरस बना दिया है। पांच चरण में पचीस दिन में चुनाव आराम से कराए जा सकते हैं। एक ही राज्य में अलग अलग चरण में चुनाव कराना भी ठीक नहीं है, इससे भी मतदान के प्रति उदासीनता बढ़ती है। एक राज्य में चुनाव के अलग अलग चरण होने से वहां मतदान के प्रति मोमेंटम बन ही नहीं पाता है। इस बार अप्रैल से जून तक चुनाव कराने का लंबा शेडयूल है। ज्यों ज्यों गर्मी बढ़ेगी, चुनाव कराना और कठिन होता जाएगा। गर्मी के चलते मतदाता बूथ तक आसानी से नहीं आएंगे। इसलिए 15 अप्रैल से 15 मई के बीच सभी चरण के चुनाव संपन्न करा लिए जाते तो, मतदान प्रतिशत के बढ़ने की संभावना अधिक रहती। केंद्रीय चुनाव आयोग को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि चुनाव के दिन, कोई भी दल, कोई भी नेता देश के किसी भी हिस्से में चुनाव प्रचार न करें। इस दिशा में चुनाव आयोग को सख्त नियम बनाना चाहिए। इससे चुनाव कम चरणों में व कम दिनों में चुनाव कराने में आयोग को मदद मिलेगी। यह जरूर है कि लक्षद्वीप में खूब वोटिंग हुई, पश्चिम बंगाल में उम्मीद के अनुरूप वोटिंग हो रही है, लेकिन बिहार, महाराष्ट्र, यूपी, एमपी जैसे राज्यों में कम वोटिंग हो रही है। कम मतदान सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों के लिए संदेश देता है कि क्या वे मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर पा रहे हैं?



## दो टूक

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# सियासत में वोट जिहाद अस्वीकार्य

> तीन चरण के चुनाव तक आते आते विकास से शुरू हुए मुद्दे 'वोट जिहाद' जैसे विभाजनकारी सोच तक पहुंच गए हैं। सियास का रूप बदरंग हो रहा है। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी व सपा की नेता मारिया आलम खां ने एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ वोट-जिहाद करने की अपील की है। मुसलमानों को एक होकर चुनाव में वोट जिहाद के नाम पर वोट डालन के लिए कहना एक ओछी कोशिश है और यह भारत की एकता को तोड़ने की कोशिश भी कही जा सकती है। भारत में जिहाद शब्द पर कायदे से प्रतिबन्ध लगना चाहिए। वोट जिहाद की भावना आना ही लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। मतदान सब करें, लेकिन किसी जिहाद की भावना से नहीं।

जब-जब चुनाव आते हैं, कुछ चौंकाने वाले विमर्श छिड़ जाते हैं। इस लोकसभा के लिए निर्धारित अब तक तीन चरण का चुनाव संपन्न हो चुका है। तीन चरण के बाद खास बात है कि भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर अपनी तीसरी पारी खेलने को लेकर आश्वस्त है। विपक्ष इंडी-गठबंधन के साथ एकजुट भी हैं और बिखरे हुए भी। अगर बीजेपी की सरकार बनती है तो तीसरी बार ऐसा होगा कि विपक्ष कमजोर होगा। तीन चरण के चुनाव तक आते आते विकास से शुरू मुद्दे 'वोट जिहाद' जैसे विभाजनकारी सोच तक पहुंच गए हैं। सियास का रूप बदरंग हो रहा है।

हमारे देश में जब-जब चुनाव होता है, पडोसी देशों और दुनिया के अनेक देशों की नज़रें भारत पर लगी रहती हैं। भारतीय चुनाव में अपनी दिलचस्पी दिखने वाले देशों के अपने-अपने निहितार्थ हैं। विश्व की मीडिया की नज़रें भी भारत पर बनी रहती हैं। कॉर्पोरेट जगत के लोगों की निगाह रहती है। धर्म के ठेकेदारों की भी नज़र भारत के चुनावों में होती है। अब इन सब काग-दृष्टि के बीच भारत अपनी डेमोक्रेसी को लेकर बहे जा रहा है। इस वर्ष एक नया मुद्दा विमर्श के केंद्र में आया है-वोट जिहाद का।

भारत में यह नया सत्य है या शिगूफा, यह तो आने वाला समय तय करेगा लेकिन मुद्दा दिलचस्प है और विष्फोटक भी है। वोट जिहाद अपनी नई टर्मिनोलॉजी के साथ अब दस्तक दे ही दिया है तो वोट में प्रतिभागिता कर रही पार्टियाँ एक-दूसरे को मुहतोड़ ज़वाब ददे रही हैं। भारतीय चुनाव हो और विवादित बोल न हों, मजहब और धर्म न टकराए, भारत पाक की चर्चा न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। एक-दूसरे पर आरोप लगाती पार्टियों में अब यही सब वोट बटोरने के तरीके बन गए हैं। यहाँ विकास व भारतीय उत्कर्ष के मुद्दे पीछे रह जाते हैं। यहाँ प्रकृति और पर्यावरण के मुद्दे पीछे रह जाते हैं। यहाँ संविधान को ताक पर रखकर मुह्जोरी शुरू हो जाती है जो कि देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। अब यह ताजा तकरार मारिया आलम खां के उस बयां से गरमाया है जिसमें उन्होंने एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ वोट-जिहाद करने की अपील कर डाली। मुसलामानों को एक होकर चुनाव में वोट जिहाद के नाम पर वोट डालन के लिए कहना एक ओछी कोशिश है और यह भारत की एकता-अखंडता को तोड़ने की कोशिश भी कही जा सकती है। भारत में जिहाद शब्द पर कायदे से प्रतिबन्ध लगना चाहिए, जिसकी सनातन परम्परा व साझी संस्कृति की लंबी विरासत है, उस देश में वोट जिहाद के माध्यम से भारतीय एकीकरण को खंडित करने, तोड़ने की यह क्रूर कोशिश मानी जा रही है। मारिया आलम खां कोई बच्ची नहीं हैं। वह चुनाव में एक जन-समूह को यदि संबोधित कर रही थीं, तो उन्हें ऐसा बयान देने का कोई हक तो नहीं ही है। विदेशों में राहुल गाँधी का संबोधन जिसमें उन्होंने अल्पसंख्यकों के साथ भारत में हो रहे अन्याय का जिक्र किया था और अब मारिया खां का वोट जिहाद के नाम पर सांप्रदायिक पार्टी बताकर बीजेपी को रोकने का जब बयान आया तो ये दोनों बातें कहीं न कहीं जुड़ती हैं। सत्ताधारी बीजेपी को ऐसे बयान के माध्यम से रोकने की कोशिश भले न कामयाब हो लेकिन मारिया के इस बयान



से विपक्ष और इंडी-गठबंधन को ज़रूर नुकसान होगा, यह तो तय है। इससे दो बातें और भी सामने उभरती हैं एक, क्या बीजेपी से डरी हुई बाहरी ताकतें यह सब प्रायोजित रूप से करवा रही हैं? या बीजेपी के तीसरी बार सत्ता में आने से उनमें डर समाया है, यह बात समझने की है। वोट जिहाद कोई मामूली नारा नहीं है। यह एक षड्यंत्रकारी कोशिश भी मानी जा सकती है जो भारतीय प्रजातंत्र के खिलाफ है। देखा जाए तो यह विद्वेष फ़ैलाने, भारतीय समरसता को समाप्त करने और भारत की विकास करने में एक अवरोध है। इसे सामान्य रूप से नहीं लिया जा सकता। यह एक गंभीर मामला है। यह राष्ट्र विरोधी बयान है जो चुनाव के तीसरे चरण आते-आते दस्तक दे दी है। इसमें ऐसी भी संभावना है कि कुछ खुद का साम्राज्य स्थापित करने वाली बर्चस्ववादी शक्तियों की जानी-समझी चाल हो, क्योंकि चुनाव के बीच ऐसा बयान आया है। बीजेपी ने हालांकि इस पर अपने मतदाताओं को सचेत किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसका दूरगामी परिणाम क्या होगा, इस पर टिपण्णी की है लेकिन ऐसे बोल भारत में बोले ही क्यों जाएँ, जो देश को हिलाकर रख दें। यद्यपि मारिया के पारिवारिक सदस्य और विपक्ष मारिया के उस बयान को उसका निजी बयान बताकर किनारा कर लिए हैं लेकिन बात निकली है तो दूर तलक जाएगी ही। अब सलमान खुर्शीद के परिवार को प्रगतिशीलता के आईने से नहीं देखा जाएगा, जैसा अब तक देखा जा रहा था। मारिया सलमान खुर्शीद की भतीजी हैं। चुनाव के दौरान बिगड़े बोल भारतीय मूल अस्मिता व पहचान को विद्रूप बना देते हैं। यदि असंसदीय भाषा, असंसदीय गतिविधि और अमर्यादित बयान इसी तरह जारी रहे तो राष्ट्र के लिए यह ठीक नहीं है। षडयंत्रकारी शक्तियां इससे अपने मंसूबों में कामयाब होंगी। देशहित तो कतई नहीं होगा। वोट जिहाद जैसी बात संविधान की गरिमा का अपमान है। कदाचित ऐसे अमर्यादित बयान से चुनाव में प्रतिभागिता कर रही पार्टियाँ बच नहीं सकती क्या? बिना हिन्दू-मुसलमान किये भी चुनाव हो सकता है। जाति, क्षेत्र, धर्म, मजहब अपने-बेगाने कहने सुनने से ज्यादा ज़रूरी है देश, संविधान, जन और सबके बीच सहिष्णुतापूर्ण जीवन-धर्म। राजनेता चाहे वे किसी भी दल के सदस्य हों, उन्हें देश की आत्मशक्ति को कमजोर करने से बचना चाहिए।

दुनिया में विघटनकारी शक्तियों की मंशा होती है तोड़ना। वे तोड़ेंगे। विखंडित करेंगे। अस्थिर करेंगे। इसके लिए वे हमारे बीच से ही किसी को मोहरा बनाकर अपने निजी स्वार्थ को सिद्ध करने की कोशिश करेंगे। चुनाव का समय इसके लिए सबसे ज्यादा उर्वर व उपजाऊ होता है। वे विषाद व विष के फसल उगाने की पूरी कोशिश करेंगे। इसमें आवारा पूंजी का निवेश करेंगे। भ्रमित करके लोकतंत्र की शक्ति को कमजोर करेंगे। ऐसे ही कोशिश से निकला है वोट। लव जिहाद, लैंड जिहाद के बाद वोट जिहाद कहीं हमारा व हमारी सदृढ़ भारतीय एकता का फ्यूचर किलर न बन जाये, इसे गंभीरता से नहीं सोचा गया तो भारत को कोई नहीं बचा पाएगा। मतदान के दौरान और बाद में भी भारत तो हम सबका है, फिर यहाँ किसी जिहाद की जगह आखिर हो ही क्यों? देश का जन-जन, सबका सुन्दर मन यदि किसी भी तात्कालिक उकसावे से ऊपर उठकर देश के बारे में नहीं सोचेगा, तो ऐसी विघटनकारी ताकत हम पर हावी होंगी। भारतीय गरिमा की रक्षा के लिए अच्छा क्या है और बुरा क्या है, इसे हम सभी को ही तो सोचना। आज जब वोट जिहाद जैसे प्रश्न हमारे सामने खड़े हों तो हमें भारतीय मन से ज्यादा सोचने की ज़रूरत है, जिसमें समष्टिगत लाभ निहित हैं। यदि भारतीय जन भारतीयता के मन से एकजुट रहेंगे तो नफ़रत रूपी रेत की भीत पर उगे वोट जिहाद की उम्र बिलकुल मामूली है, यह एक बड़ा सच है।

(लेखक भारत के महामहिम राष्ट्रपति जी के ओएसडी रह चुके हैं। आप पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में चेयर प्रोफेसर, अहिंसा आयोग और अहिंसक सभ्यता के पैरोकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## राजनीति

आर.के. सिन्हा



# सिर्फ हिन्दुओं की जातियों की चर्चा करने वाले कौन?

हर बार की तरह इस लोकसभा चुनाव में भी अपने को राजनीति का विद्वान बताने वाले ज्ञानियों ने किस संसदीय क्षेत्र में किसके हक में बयार बह रही है, इस विषय पर लिखना-बताना शुरू कर दिया है। वे अपना विश्लेषण रखते हुए बताते हैं कि वहां ( उस संसदीय क्षेत्र में ) इतने फीसद क्षत्रिय, ब्राह्मण, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, यादव वगैरह हैं। यहां तक तो सब ठीक है, पर जातियों का गणित बताने वाले मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों की जातियों पर मौन ही रहते हैं। उन्हें जातियों के बारे में सिर्फ हिन्दुओं की ही चर्चा करनी होती है। उन्हें लगता है कि मानों जातियां सिर्फ हिन्दू धर्म में ही हैं। जैसे कि बाकी धर्मावलंबी किसी जात-पात में यकीन नहीं करते। इससे एक बात बहुत साफ हो जानी चाहिए हमारे यह कथित विद्वान देश की जमीनी हकीकत से कितने नावाकिफ हैं। उन्हें यह मालूम ही नहीं है कि जाति भारत का सच है। कोई इंसान अपना धर्म बदल सकता है, पर जाति उसके साथ हमेशा रहती है। वह जाति से अपने को दूर नहीं कर पाता है। राममनोहर लोहिया यह बात बार-बार कहा करते थे।


अगर बात मुसलमानों की करें तो सब जानते हैं कि मुसलमान अशराफ, अजलाफ और अरजाल श्रेणियों में बंटे हैं। शेख, सैयद, मुगल और पठान अशराफ कहे जाते हैं। अशराफ का मतलब है, जो अफगान-अरब मूल के या हिन्दुओं की अगड़ी जातियों से धर्मांतरीत मुसलमान हैं। अजलाफ पेशेवर जातियों से धर्मांतरित मुसलमानों का वर्ग है। एक तीसरा वर्ग उन मुसलमानों का है, जिनके साथ शेष मुसलमान भी संबंध नहीं रखते। इन्हें ही पसमांदा मुसलमान कहते हैं। हालांकि इस्लाम में जाति का विचार तो नहीं है। इसके बावजूद सारा मुसलमान समाज जाति के दलदल में फंसा है। मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के अपने कब्रिस्तान तक हैं। राजधानी में पंजाबी मुसलमानों के कब्रिस्तान में गैर-पंजाबी मुसलमानों का प्रवेश निषेध है। शिया और सुन्नियों के तो प्रायः अपने अलग-अलग कब्रिस्तान होते ही हैं। शियाओं की अपनी मस्जिदें भी होती हैं। वे अन्य मस्जिदों में नहीं जाते। अपने को मुसलमानों का रहनुमा कहने वाले मुसलमान नेता भी पसमांदा मुसलमानों के मसलों को उठाने की जहमत नहीं दिखाते। मशहूर शायर मोहम्मद इकबाल बार-बार बताते थे कि उनके पुरखे हिन्दू पंडित थे।

खैर, अपने को बाबा साहब अंबेडकर का अनुयायी बताने वाले दलित नेताओं को शायद यह मालूम हो कि बाबा साहेब ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा को संबोधित करते हुए बहुत साफ शब्दों में कहा था, "जाति तो राष्ट्र विरोधी है। ...पर, भारत में जातियों के असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इनसे समाज बिखरता है।" भारत के कई राज्यों में ईसाई बहुमत में हैं और उन राज्यों के मुख्यमंत्री भी ईसाई हैं। पर इसका यह कतई मतलब नहीं है कि वहां जातियां नहीं हैं। ईसाई धर्म अनेक संप्रदायों में बिखरा हुआ है। ईसाई कैथोलिक, सीरियन, ओर्थोडोक्स, प्रोटेस्टेंट्स और अनेक असंगठित समूहों में फैला है। भारत में ईसाइयों का पहला प्रभावकारी स्वरूप कैथोलिक देश पुर्तगाल से 1498 ई. में पुर्तगालियों के आने से हुआ और ब्रिटिश, मूलतः एंग्लीकन या प्रोटेस्टेंट, का प्रभाव ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन 1757 से हुआ। उपर्युक्त सभी समूह स्वतंत्र हैं, परंतु अधिकांश लोगों के द्वारा एक आस्था रखने वाले समूह के रूप में देखे जाते हैं। जब कभी भारतीय ईसाइयों की तरफ देखा जाए तो इन वास्तविकताओं को समझना चाहिए। कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच उस तरह की कटुतापूर्ण स्थिति नहीं है जैसी हम मुसलमानों के सुन्नी और शिया संप्रदायों में देखते हैं। वहां पर तो कटुता ना होकर दुश्मनी है। सुन्नी देश में शिया की हत्याएं हो रही हैं।

सिख धर्म में जाति का मुद्दा काफी जटिल है। गुरु गोबिंद सिंह ने 13 अप्रैल, 1699 को खालसा की स्थापना के साथ सभी जातिगत असमानता को समाप्त कर दिया था। आस्थावान सिख जातिगत भेदभाव नहीं करते हैं लेकिन जाति सिख धर्म में मौजूद है, हालांकि शेष भारतीय समाज की तुलना में एक कमजोर रूप में। वैसे सिखों की कुछ प्रमुख जातियों में जाट, अरोड़ा, खत्री, रामगढ़िया, सैनी, छिम्बा आदि हैं। अब बड़ा सवाल यही है कि लोकसभा से लेकर ग्राम पंचायत के चुनावों में जातियों के महत्व पर बात करने वालों को सिर्फ हिन्दुओं की ही जाति क्यों दिखाई देती है। क्या उन्हें अन्य धर्मों में जाति के असर की जानकारी नहीं है? इससे साफ है कि बहुत सारे स्वयंभू विद्वान अपने को प्रगतिशील साबित करने के लिए हिन्दू धर्म में फैली गड़बड़ियों पर लिखते-बोलते हैं।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हमारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है




संकलित

## दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा। यही ध्यान है।

# तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय




संकलित

## प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान् के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान् श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पडा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गर्मी की दस्तक के साथ ही गहराया जलसंकट

छत्तीसगढ़ में बढ़ती गर्मी के प्रकोप के साथ ही हर वर्ष पानी की समस्या से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रदेश में तो हर गांव में पानी की किल्लत देखने को मिलती है। गर्मियों की दस्तक के साथ ही प्रदेश की राजधानी रायपुर में भी पानी का संकट शुरू हो गया है। गर्मियों के दौरान यह समस्या अमूमन हर साल शहर में देखने को मिलती है। अगर समय रहते जलशक्ति विभाग के अधिकारी पेयजल की सप्लाई सुचारू रखने की ओर ध्यान दें, तो इस समस्या से लोगों को राहत मिल सकती है और पानी के लिए इधर-उधर भटकना भी नहीं पड़ेगा। इसलिए सरकार को समय रहते ऐसी योजनाओं की ओर ध्यान देना चाहिए।

–संजय राठौर, रायपुर

## ट्रेंड

### अच्छी चिकित्सा सुविधा



श्री राधास्वामी सत्संग ब्यास द्वारा संचालित हमीरपुर के भोटा में चैरिटेबल हॉस्पिटल अनेक लोगों की अच्छी चिकित्सा सुविधा का माध्यम बना है, वहीं दूसरी तरफ़ब्यास के अनेक केंद्र सामाजिक, आध्यात्मिक उत्थान के केंद्र के रूप में स्थापित हैं।

-अनुराग ठाकुर, केंद्रीय मंत्री

### देश को मजबूत किया



आज देश के हर कोने में युवा-बेरोजगारी, महिलाएं-अत्याचार, दलित, आदिवासी, पिछड़े और माइनॉरिटी-भयंकर भेदभाव झेल रहे हैं। कांग्रेस ने सभी की तरक्की और वंचितों को न्याय दिलाने के साथ ही देश को मजबूत किया है।

-सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता

### जातियों को आरक्षण



आरक्षण का आधार धर्म नहीं बल्कि सामाजिक पिछड़ापन होता है। मंडल कमीशन हमने लागू करवाया है। मंडल कमीशन में 3500 पिछड़ी जातियों को आरक्षण मिलता है जिसमें अन्य धर्मों की भी सैकड़ों जातियों को आरक्षण मिलता है।

-लालू यादव, राजद नेता

### अपना वोट अवश्य डालें




मतदान अधिकार, विशेषाधिकार और एक जिम्मेदारी है जिसे महान राष्ट्र के नागरिक के रूप में हम सभी साझा करते हैं। हमारे लोकतंत्र में प्रत्येक वोट एक शक्तिशाली आवाज है। भारत के भविष्य को आकार देने के लिए अपना वोट डालें। जय हिन्द।

-गौतम अडाणी, उद्योगपति

## करंट अफेयर


# इजराइली सेना का रफह क्रॉसिंग पर नियंत्रण



इजराइली सेना ने कहा कि उसने सोमवार से मंगलवार की रात तक दक्षिणी गाजा पट्टी में रफह क्रॉसिंग के गाजा की ओर के हिस्से पर 'परिचालन नियंत्रण' स्थापित कर लिया है। इजराइली मीडिया पर प्रसारित फुटेज में क्रॉसिंग के गाजा की ओर एक इजराइली झंडा लहराता हुआ दिखाया गया। हालांकि इजराइली सेना ने इस झंडे पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इजराइली सेना ने सोमवार रात को कहा कि वह पूर्वी राफह में 'लक्षित हमले' कर रही है। इसमें कहा गया है कि अभियान में हमास के 20 आतंकवादी मारे गए और सुरंग में तीन शाफ्ट की खोज की गई। इजराइली सेना के एक अधिकारी ने कहा कि निकासी क्षेत्र में मौजूद अधिकतर लोग वहां से चले गए हैं। इजराइली रक्षा बलों और फलस्तीन के अधिकारियों ने कहा कि गाजा शहर के ठीक दक्षिण में क्रॉसिंग को इजराइली टैंकों ने अपने कब्जे में ले लिया है। ये टैंक हथियारों से लैस ब्रिगेड का हिस्सा हैं। फलस्तीनी क्रॉसिंग अथॉरिटी के प्रवक्ता वाएल अबू उमर ने कहा कि क्रॉसिंग युद्धग्रस्त पट्टी में मानवीय सहायता का मुख्य प्रवेश द्वार था, जो कि सेवा से बाहर था।

## ऑफ बीट

# शुक्र ग्रह अनुमान से ज्यादा तेजी से पानी खो रहा



आज, हमारे पड़ोसी ग्रह शुक्र का वातावरण पिज्जा ओवन जितना गर्म और पृथ्वी पर सबसे शुष्क रेगिस्तान से भी ज्यादा सूखा है – लेकिन यह हमेशा ऐसा नहीं था। अरबों साल पहले शुक्र ग्रह पर उतना ही पानी था जितना आज पृथ्वी पर है। यदि वह पानी कभी तरल था, तो शुक्र कभी रहने योग्य रहा होगा। समय के साथ, वह सारा पानी लगभग नष्ट हो गया है। यह पता लगाने से कि कैसे, कब और क्यों शुक्र ने अपना पानी खो दिया, मेरे जैसे ग्रह वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिलती है कि क्या चीज़ किसी ग्रह को रहने योग्य बनाती है – या क्या चीज़ एक रहने योग्य ग्रह को एक निर्जन दुनिया में बदल सकती है। वैज्ञानिकों के पास सिद्धांत हैं जो बताते हैं कि अधिकांश पानी क्यों गायब हो गया, लेकिन जितना उन्होंने अनुमान लगाया था उससे कहीं अधिक पानी गायब हो गया है। मई 2024 के एक अध्ययन में, मैंने और मेरे सहयोगियों ने पानी हटाने की एक नई प्रक्रिया का खुलासा किया जिस पर दशकों से ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन यह पानी की कमी के रहस्य को समझा सकता है। ऊर्जा संतुलन और पानी की शीघ्र हानि सौर मंडल में एक रहने योग्य क्षेत्र है – सूर्य के चारों ओर एक संकीर्ण वलय जिसमें ग्रहों की सतह पर तरल पानी हो सकता है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# लोकतंत्र के महापर्व में रहा ऐसा उत्साह...कोई बारिश के बीच छाता लगाकर पहुंचा मतदान करने तो किसी को दिव्यांगता भी नहीं रोक पाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर मतदान हुआ। तीसरे चरण के मतदान के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने मतदान किया। इस दौरान कई क्षेत्रों में बारिश होने के बावजूद मतदाता छाता लेकर वोट डालने पहुंचे।

वहीं दूसरी तरफ कुछ मतदाता ऐसे भी थे, जिन्होंने अपनी दिव्यांगता को मात देकर वोटिंग के लिए मतदान केंद्र आए। नेता, अभिनेता, दिव्यांग सभी लोग अपने मत का इस्तेमाल करने पहुंचे। इस दौरान कई क्षेत्रों में बारिश होने के बावजूद मतदाता छाता लेकर वोट डालने पहुंचे। छत्तीसगढ़ में सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया है। वोट डालने के लिए मतदाता सुबह 5 बजे से ही मतदान केंद्र के सामने कतार में लगे हुए थे। मतदान केंद्र खुलते ही मतदाताओं ने वोट डालना शुरू कर दिया है। मतदान के लिए लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं प्रदेश में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया है। सुबह से ही बूंदा-बांदी हो रही थी। वोटिंग शुरू होते ही रायपुर में जोरों की आंधी-तूफान चलने लगा।

## तीसरे चरण के मतदान में कई जगह सुबह 5 बजे से ही लग गईं थी कतारें

### मैनपुरी में मतदान के दौरान बवाल



**भाजपा-सपा कार्यकर्ता भिड़े, जमकर पथराव में दो लोग घायल**

मैनपुरी के किशनी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 176 तेजगंज पर बवाल हो गया। भाजपा प्रत्याशी ठाकुर जयवीर सिंहब के पुत्र सुमित प्रताप सिंह पहुंचे थे। इस दौरान हंगामा शुरू हो गया। देखते ही देखते पथराव होने लगा। इस दौरान मौके पर भगदड़ मच गई। कई गाड़ियां पथराव में क्षतिग्रस्त हो गईं।



### मोदी तीसरी बार पीएम बनें — मां को याद कर भावुक हुए पीएम के बड़े भाई



**अहमदाबाद।** पीएम नरेंद्र मोदी के बड़े भाई सोमाभाई मोदी तीसरे चरण के मतदान के दिन अपनी मां को याद करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उनकी मां हीराबेन मोदी स्वर्ग से पीएम मोदी को अपना आशीर्वाद दे रही होंगी। सोमाभाई मोदी ने बताया कि अन्य लोगों की तरह वह भी अपने भाई को तीसरी बार पीएम बनते हुए देखना चाहते हैं।पीएम मोदी हमेशा मतदान करने से पहले अपनी मां से गुजरात के गांधीनगर स्थित उनके आवास में मिलने जाते थे। हीराबेन मोदी का दिसंबर 2022 में निधन हो गया था। मतदान केंद्र के बाहर आंखों में आंसू लेकर सोमाभाई ने कहा कि मेरी मां अब इस दुनिया में नहीं है। लेकिन वे नरेंद्रभाई को अपना आशीर्वाद दे रही होंगी।

सोमाभाई ने मतदान केंद्र के बाहर अपने भाई पीएम मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनो भाइयों ने एक-दूसरे का हालचाल पूछा। पीएम मोदी के भाई ने कहा, "यहां के लोगों की तरह मैं भी चाहता हूं कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। उन्होंने लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने और सही पार्टी को मतदान कर सही नेता चुनने की अपील की है।

### वोट करने सात समंदर पार से खगड़िया पहुंची तेजस्विनी



**खगड़िया।** लोकसभा चुनाव के दौरान एक तरफ मतदान जारी है, वहीं दूसरी तरफ दूर-दराज से भी लोग वोटिंग करने पहुंच रहे हैं। मंगलवार को खगड़िया में एक ऐसी ही महिला मतदाता मिली, जो सात समंदर पार इंग्लैंड से मतदान करने के लिए अपने गांव पहुंची। वह महिला खगड़िया की बेटी तेजस्विनी है, जो प्रत्येक मतदान में इंग्लैंड से अपने गांव पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करती है। खगड़िया जिले के मशहूर डॉक्टर मुरारी पोद्दार की पुत्री तेजस्विनी इंग्लैंड में सकोलॉजिस्ट रिसर्चर की पढ़ाई कर रही हैं। तेजस्विनी बताती हैं कि देश में बेहतर सरकार के लिए संविधान ने हमें अपने मतदान का अधिकार दिया है। इसलिए सभी लोगों को चाहिए कि वह अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करें ताकि इसके जरिए हुए बेहतर सरकार को चुन सके और अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सके।

### वोट बहिष्कार को लेकर दो पक्षों में झड़प




**खगड़िया।** विकास नहीं होने की सूरत में मतदाताओं में उम्मीदवारों के लिए नाराजगी है। इस नाराजगी में खगड़िया और मधेपुरा में भड़के लोगों ने विकास नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाते हुए जमकर हंगामा किया। खगड़िया जिले के गोगरी अनुमंडल स्थित पौरा थाना क्षेत्र के बूथ संख्या 181, 182 पर लोगों ने हंगामा किया। इस दौरान दो पक्षों में झड़प भी हुई है। लोगों ने ईवीएम को भी नुकसान पहुंचाया। भारी संख्या में सुरक्षा बल की तैनाती की गई। सूचना मिलते ही गोगरी एसडीओ और एसडीपीओ वहां पहुंचे और क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया।

■ **प्रदर्शन के साथ ईवीएम को किया नुकसान**



**अहमदाबाद।** मतदान के बाद स्याही लगी अंगुली दिखाते गौतम अडाणी।



**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत सरमा ने सपरिवार डाला वोट।



**मुंबई।** मतदान के बाद अंगुली दिखाते उप मुख्यमंत्री अजित पवार



**नई दिल्ली।** एलजी वीके सक्सेना भी इंक लगी अंगुली दिखाते हुए।



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी किया मताधिकार का प्रयोग।



**गुवाहाटी।** असम के पोलिंग बूथ में अपनी बारी की इंतजार करते वोटर।

## अहमदनगर में इंडी गठबंधन पर पीएम मोदी ने किया बड़ा हमला

# अब कांग्रेस की 'बी' टीम सीमा पार सक्रिय, वह आतंकियों के बेकसूर होने का सर्टिफिकेट बांट रही

एजेंसी ▶▶ अहमदनगर

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के अहमदनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की 'बी' टीम सीमा पार सक्रिय हो गई है। कांग्रेस पार्टी आतंकवादी हमलों के लिए पाकिस्तान को क्लीन चिट दे रही है। 26/11 के मुंबई आतंकी हमले को लेकर महाराष्ट्र में कांग्रेस के नेता का बयान तो बहुत खतरनाक है। ये कांग्रेसी मिलकर अब आतंकी कसाब का पक्ष ले रहे हैं। कांग्रेस के समय विदेश राज्य मंत्री रहे और परिवार के करीबी ने भी कसाब को निर्दोष बता दिया है। ये मुंबई हमले में मारे गए सभी निर्दोष नागरिकों का अपमान है, ये मुंबई हमले में सभी आतंकियों को मार गिराने वाले सभी सुरक्षा बलों का अपमान है, ये शहीद तुकाराम ओम्बले जैसे शहीदों का अपमान है।

### पाकिस्तान ने भी स्वीकारा हमला, पर कांग्रेस...

उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र की धरती पर मुंबई में 26/11 का आतंकी हमला पाकिस्तान ने करवाया था या नहीं करवाया था? हमारे जवानों को किसने शहीद किया था, हमारे निर्दोष लोगों की हत्याएं किसने की थी? पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया को ये सच मालूम है, हमारे देश की अदालतें फैसला दे चुकी हैं, यहां तक की पाकिस्तान भी स्वीकार कर चुका है, लेकिन कांग्रेस पार्टी आतंकियों के बेकसूर होने का सर्टिफिकेट जारी कर रही है।



### मीडिया में कंपीटिशन इतना कि समय से आगे चलना पड़ रहा

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुजरात की गांधीनगर लोकसभा सीट पर मंगलवार को मतदान किया। इस सीट से गृहमंत्री अमित शाह चुनावी समर में उतरे हैं। पीएम ने मतदान के बाद मीडिया से भी बात की और पत्रकारों को अपनी सेहत का ख्याल रखने की सलाह दी। पीएम मोदी ने कहा कि गर्मी के दिनों में आप लोग दिन रात दौड़ लगा रहे हैं। चुनाव के दिनों में आपको बहुत मेहनत करनी पड़ी है। मीडिया का कंपीटिशन भी इतना है कि आपको समय से आगे दौड़ना पड़ता है। मैं तो मीडिया के साथियों से कहूंगा कि अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि मैं तो यही कहूंगा कि ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। इससे एनर्जी लेवल मेंटेन रहता है और तबीयत भी ठीक रहती है।

### चाईबासा में बोले राहुल: आरक्षण की 50 फीसदी लिमिट खत्म करेंगे



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने झारखंड के चाईबासा में चुनावी सभा को संबोधित किया जिसमें उन्होंने आरक्षण, जल, जंगल, जमीन और संविधान समेत अन्य कई मुद्दों को लेकर पीएम पर हमला बोला। उन्होंने कहा भाजपा ने झारखंड के आदिवासी सीएम हेमंत सोरेन को सलाखों के पीछे डाला। कांग्रेस आरक्षण की 50फीसदी लिमिट को खत्म कर देगी। राहुल ने कहा यह लोकसभा चुनाव संविधान और आदिवासियों, गरीबों और पिछड़ों के अधिकारों की रक्षा के लिए है और संविधान की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन के नेता अपनी जान की कुर्बानी देने के लिए भी तैयार हैं।

### सोनिया का वीडियो मैसेज: झूठ और नफरत फैलाने वालों को खारिज करें



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जनता से झूठ व नफरत फैलाने वालों को खारिज करने और सभी के लिए 'अधिक समान और उज्ज्वल' भविष्य सुनिश्चित करने के वास्ते कांग्रेस को वोट देने की अपील की। सोनिया ने कहा कि कांग्रेस और 'इंडिया' के घटक दल संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि झूठ और नफरत फैलाने वालों को खारिज करें और उज्ज्वल व समान भविष्य के लिए कांग्रेस को वोट दें। 'हाथ' का बटन दबाएं'। शांति और सद्भाव के लिए एकजुट भारत का निर्माण करें।

### भाजपा पर बरसीं ममता : वोट देने नहीं दोगे तो तुम्हारे खिलाफ वोट देंगे लाखों



**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत आज तीसरे चरण की वोटिंग हुई। इसी बीच बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने पीएम नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग पर निशाना साधा। ममता ने कहा कि मुझे खबर मिली है कि उत्तर प्रदेश में संख्यालघुओं को वोट देने नहीं दिया जा रहा लेकिन चुनाव आयोग कुछ नहीं करेगा क्योंकि मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट अब भाजपा कोड ऑफ कंडक्ट बन गया है। बंगाली की सीएम ने आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए कहा कि 5 लोगों को वोट देने नहीं दोगे तो उसके बदले 5 लाख लोग तुम्हारे ख़िलाफ वोट देंगे।

### प्रियंका का भाजपा पर आरोप: नेहरू-गांधी को भी कहा जाएगा देशद्रोही



**रायबरेली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रायबरेली लोकसभा सीट पर प्रचार किया। उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। प्रियंका ने कहा कि महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि देश की कोई सरकार एक दिन उन्हें देशद्रोही कहेगी। महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू और हमारे तमाम महापुरुषों ने आंदोलन किया, ताकि जनता के अधिकार मजबूत हों। वे सोच भी नहीं सकते थे कि एक ऐसी सरकार आएगी जो उन्हीं को देशद्रोही कहते हुए ये कहेगी कि हमें 400 सीट दे दो तो हम संविधान बदल देंगे।

## खबर संक्षेप

### 1.66 करोड़ मोबाइल कनेक्शन काटे

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने 30 अप्रैल 2024 तक कुल 1.66 करोड़ मोबाइल कनेक्शन काट दिए हैं। इनमें से 30.14 लाख उपयोगकर्ताओं की प्रतिक्रिया के आधार पर और 53.78 लाख नए सिम कार्ड खरीदने की व्यक्तिगत सीमा पार करने के कारण काटे गए हैं। विभाग ने साइबर अपराधों और वित्तीय धोखाधड़ी या नकली अथवा जाली दस्तावेजों पर लिए गए मोबाइल कनेक्शन में शामिल होने के कारण 1.58 लाख विशिष्ट मोबाइल फोन पहचान संख्या आईएमईआई को भी ब्लॉक कर दिया है। विभाग ने दो महीने पहले 'चक्षु' पोर्टल शुरू किया है। पोर्टल शुरू होने के बाद से विभाग ने दुर्भावनापूर्ण और गलत इरादे से एसएमएस भेजने में शामिल 52 इकाइयों को काली सूची में डाल दिया है। साथ ही अखिल भारतीय स्तर पर 348 मोबाइल हैंडसेट को ब्लॉक कर दिया है।

## अभिनेता शेखर सुमन ने भी भाजपा की सदस्यता ली

# कांग्रेस की पूर्व प्रवक्ता राधिका खेड़ा भाजपा में हुई शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस की पूर्व प्रवक्ता राधिका खेड़ा मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं। इस अवसर पर अभिनेता शेखर सुमन ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता रही खेड़ा ने अपने खिलाफ साजिश का आरोप लगाते हुए रविवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्हें अयोध्या में राम मंदिर का दौरा करने के लिए परेशान किया गया था। उन्होंने कहा कि आज की कांग्रेस महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं है, यह राम विरोधी, हिंदू विरोधी कांग्रेस है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे इस्तीफे में राधिका ने कहा कि उन्हें पार्टी के भीतर आलोचना का सामना करना पड़ा क्योंकि वे खुद को राम मंदिर जाने और राम लला की मूर्ति की एक झलक पाने से नहीं रोक सकीं।खेड़ा ने आरोप लगाया था कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पार्टी नेताओं ने उन्हें परेशान किया, उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। उन्होंने यह मुद्दा पार्टी नेताओं के सामने उठाया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।खेड़ा ने कहा कि रामलला के दर्शन करने के लिए कौशल्या माता की धरती पर जिस तरह मेरे साथ दुर्व्यवहार किया गया, अगर मुझे भाजपा सरकार का संरक्षण नहीं मिला होता तो मैं यहां तक नहीं पहुंच पाती।

## पश्चिम बंगाल में शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट ने दी बड़ी राहत

# रद्द नहीं होगी शिक्षकों की भर्ती: हाईकोर्ट के फैसले पर रोक, सीबीआई न करें गिरफ्तारी

**सीबीआई को जांच जारी रहेगी और कैबिनेट की भी जांच चलती रहेगी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया गया था।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने हालांकि, सीबीआई को अपनी जांच जारी रखने और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों की भी जांच करने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने सीबीआई से कहा कि वह जांच के दौरान किसी संदिग्ध को गिरफ्तार करने जैसी कोई जल्दबाजी भरी कार्रवाई न करे।



### कोर्ट ने व्यवस्थागत धोखाधड़ी बताया

इससे पहले अदालत ने कथित भर्ती घोटाले को व्यवस्थागत धोखाधड़ी करार देते हुए कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी थी कि वे 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित डिजिटल रिकॉर्ड संभाल कर रखते। पीठ कलकत्ता उच्च न्यायालय के 22 अप्रैल के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों व गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य घोषित कर दिया था।

### वकीलों ने व्यवस्थागत धोखाधड़ी बताया

प्रधान न्यायाधीश ने राज्य सरकार की ओर से पेश वकीलों से कहा कि सरकारी नौकरियां बहुत कम हैं... अगर जनता का विश्वास उठ गया तो कुछ भी नहीं बचेगा। यह व्यवस्थागत धोखाधड़ी है। सरकारी नौकरियां आज बहुत कम हैं और उन्हें सामाजिक विकास के रूप में देखा जाता है। अगर नियुक्तियों पर भी सवाल उठने लगें, तो व्यवस्था में क्या बचेगा? लोगों का विश्वास खत्म हो जाएगा, आप इसे कैसे स्वीकार कर सकते हैं?

### डेटा के संबंध में कुछ दिखाने को नहीं

पीठ ने कहा कि राज्य सरकार के पास यह दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है कि उसके अधिकारियों ने डेटा संभाल कर रखा। पीठ ने डेटा की उपलब्धता के बारे में भी पूछा। पीठ ने राज्य सरकार के वकीलों से कहा, या तो आपके पास डेटा है या नहीं है। डिजिटल रूप में दस्तावेज संभाल कर रखना आपकी जिम्मेदारी थी। अब यह जाहिर हो चुका है कि डेटा नहीं है। आपको यह बात पता ही नहीं है कि आपके सेवा प्रदाता ने किसी अन्य एजेंसी की सेवा ली है। आपको उसके ऊपर निगरानी रखनी चाहिए थी। इससे पहले, राज्य सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए कहा था कि अदालत ने मनमाने तरीके से नियुक्तियां रद्द कर दीं।

### ... इसके बावजूद नियुक्त क्यों दी?

सुप्रीम कोर्ट में बंगाल स्कूल सेवा आयोग के करीब 25,000 नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील पर सुनवाई हुई। देश के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली की बेंच ने इस दौरान पश्चिम बंगाल सरकार से कड़े सवाल पूछे। सीजेआई ने शुरुआत में बंगाल सरकार से पूछा कि उसने अतिरिक्त पद क्यों बनाए और वेटिंग लिस्ट वाले अभ्यर्थियों को नियुक्त क्यों किया? जबकि चयन प्रक्रिया को अदालत में चुनौती दी गई थी।

## खबर संक्षेप

### सीजी पावर शुद्ध लाभ 233.81 करोड़ रुपए



**चेन्नई।** सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 233.81 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में मुनाफा 426.22 करोड़ रुपये रहा था। सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड का 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में शुद्ध लाभ 1,427.61 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 962.97 करोड़ रुपये था।

### आईडीबीआई बैंक को मिला जीएसटी मांग का नोटिस

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसे कथित तौर पर अधिक इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने के लिए ब्याज और जुर्माने समेत 2.97 करोड़ रुपये की जीएसटी मांग का नोटिस मिला है। बैंक ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि देहरादून राज्य कर विभाग ने आईटीसी के कथित अतिरिक्त लाभ और उपयोग के लिए वित्त वर्ष 2018-19 से संबंधित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नियमों के तहत एक आदेश जारी किया है।

### सनकाइंड एनर्जी चार राज्यों में लगाएगी सौर रूफटॉप

**नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी सनकाइंड एनर्जी को पंजाब, हरियाणा समेत चार राज्यों में कुल 10 मेगावाट क्षमता की छतों पर लगने वाली सौर परियोजनाओं का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि सीडार टेक्सटाइल्स से दो मेगावाट (एमडब्ल्यू पी), आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी एबीआरईएल सोलर पावर से 1.5 मेगावाट, जिंदल स्टेनलेस से चार मेगावाट, जिंदल स्टील एंड पावर एक मेगावाट और एसबीएफ रैपिड से 1.5 मेगावाट की परियोजनाएं मिली हैं।

# वेटर रहे हुआंग की कमाई के सामने अंबानी-अदाणी फेल, बेजोस-मस्क के छूटे पसीने

## ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की सूची के अनुसार हुआंग जुकरबर्ग को पछाड़ बने नंबर एक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कभी वेटर रहे एक शख्स की इस चार महीने की कमाई के आगे दुनिया के बड़े से बड़ा अरबपति भी पिछड़ गया है। चाहे एलन मस्क हों या मार्क जुकरबर्ग या फिर दुनिया के सबसे अमीर बर्नार्ड अर्नाल्ट ही क्यों न हों, जेनसेन हुआंग से पिछड़ गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक जेनसेन हुआंग इस साल कमाई में मार्क जुकरबर्ग को पछाड़ नंबर वन बन गए हैं। जेनसेन हुआंग ने इस साल अबतक अपनी संपत्ति में 29.2 अरब डॉलर जोड़ने में कामयाब रहे। उनका कुल नेटवर्थ भले ही जुकरबर्ग के नेटवर्थ से काफी कम है, लेकिन इस साल इन्होंने कमाई में सभी को पीछे छोड़ दिया है। जेनसेन हुआंग 73.2 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें स्थान पर हैं।



हुआंग ने इस साल अबतक अपनी संपत्ति में 29. 2 अरब डॉलर जोड़े

### कभी वेटर थे हुआंग

हुआंग कंप्यूटर प्रोसेसर और एआई टेक्नॉलजी की अग्रणी कंपनी एनवीडिया के चेयरमैन हैं। हुआंग ने 1993 में कंपनी की सह-स्थापना की और 1999 में पहली ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट पेश की। हुआंग ने कभी वेटर का भी काम किया लेकिन, आज इनकी गिनती दुनिया के सबसे अमीर लोगों में होती है। हुआंग एक समय डेनीस रेस्टोरेंट में बतौर वेटर भी काम करते थे।

### हुआंग का जन्म हुआ ताइवान में

1963 में ताइवान के ताइनान में जन्मे हुआंग का परिवार पहली बार थाईलैंड में रिलोकेट हुआ जब वह पांच साल के थे। नौ साल के थे तो दोनों भाई चाचा के साथ रहने के लिए टैकोमा, वाशिंगटन चले गए। उन्होंने अलोहा हाई स्कूल से ग्रेजुएशन किया।



### जुकरबर्ग दूसरे नंबर पर

जुकरबर्ग इस मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर हैं। इन्होंने इस साल अबतक 28.3 अरब डॉलर की कमाई की है। इनका कुल नेटवर्थ 156 अरब डॉलर है। तीसरे नंबर पर अमेजन के पूर्व सीईओ जेफ बेजोस हैं। इनकी इस साल की कमाई 24.3 अरब डॉलर है। इनके पास 201 अरब डॉलर की संपत्ति है। एलन मस्क ने इस साल 37.5 अरब डॉलर गंवाया है। मस्क की कुल संपत्ति 191 अरब डॉलर रह गई है।

## नील्सनआईक्यू ने जारी तिमाही रिपोर्ट में किया आकलन पेश

# एफएमसीजी उद्योग की ग्रामीण खपत मार्च तिमाही में शहरी क्षेत्र से अधिक रहीः रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय एफएमसीजी (रोजमर्रा के उपभोग का सामान) उद्योग ने वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च अवधि में राष्ट्रीय स्तर पर मात्रा के मामले में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसके साथ ही पांच तिमाहियों में पहली बार ग्रामीण खपत ने शहरी मांग को पीछे छोड़ दिया है। नील्सनआईक्यू ने एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया है। उपभोक्ताओं से जुड़ी सूचनाएं मुहैया कराने वाली फर्म नील्सनआईक्यू (एनआईक्यू) ने दैनिक उपभोग वाले उत्पादों (एफएमसीजी) पर जारी तिमाही रिपोर्ट में कहा है कि खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों क्षेत्रों ने खपत बढ़ाने में योगदान दिया, लेकिन भोजन की तुलना में गैर-खाद्य श्रेणी में वृद्धि लगभग दोगुनी रही।


- पांच तिमाहियों में पहली बार ग्रामीण मांग ने शहरी मांग को पीछे छोड़ा

### उद्योग का मूल्य 6.6 फीसदी बढ़ा

मार्च तिमाही में घरेलू एफएमसीजी उद्योग का मूल्य 6.6 प्रतिशत बढ़ा है जिसका श्रेय अखिल भारतीय स्तर पर मात्रा में 6.5 प्रतिशत वृद्धि को जाता है। मात्रात्मक वृद्धि एक साल पहले की समान तिमाही में 3.1 प्रतिशत रही थी।

### खपत रुझानों से प्रेरित रही

एनआईक्यू के उपभोक्ता खंड के प्रमुख रूजवेल्ट डिसूजा ने कहा, 'एफएमसीजी उद्योग की वृद्धि जनवरी-मार्च तिमाही में खपत रुझानों से प्रेरित रही है, जिसमें पांच तिमाहियों में पहली बार ग्रामीण क्षेत्रों ने शहरी वृद्धि को पीछे छोड़ दिया है।'



- खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों क्षेत्रों ने खपत बढ़ाने में योगदान दिया
- भोजन की तुलना में गैर-खाद्य श्रेणी में वृद्धि लगभग दोगुनी रही

### बड़े आकार के पैक की बिक्री लोकप्रियता की वजह से

डिसूजा ने कहा कि खासकर घरेलू एवं व्यक्तिगत देखभाल (एचपीसी) श्रेणियों ने खाद्य श्रेणियों से बेहतर प्रदर्शन किया है। खाद्य श्रेणियों में अधिक इकाइयों की बिक्री हुई है जबकि एचपीसी श्रेणी में वृद्धि काफी हद तक बड़े आकार वाले पैक की लोकप्रियता की वजह से दर्ज हुई है।

### पारंपरिक कारोबार में तेजी बनी हुई

एनआईक्यू ने कहा कि शहरी और आधुनिक कारोबार में खपत मंद पड़ी है जबकि ग्रामीण और पारंपरिक कारोबार में तेजी बनी हुई है। एनआईक्यू ने कहा, 'ग्रामीण मांग वृद्धि ने धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ी है और शहरी क्षेत्र को पीछे छोड़ दिया है। शहरी उपभोक्ता मांग में क्रमिक गिरावट देखी जा रही है।'

### गैर-खाद्य में वृद्धि दोगुनी रही

रिपोर्ट कहती है कि अखिल भारतीय स्तर पर खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों क्षेत्रों ने उपभोग वृद्धि में योगदान दिया, लेकिन भोजन की तुलना में गैर-खाद्य में लगभग दोगुनी वृद्धि देखी गई।

### बड़ी कंपनियों का प्रदर्शन बेहतर रहा

एनआईक्यू ने कहा कि एफएमसीजी उद्योग में छोटी कंपनियों की तुलना में बड़ी कंपनियों का प्रदर्शन बेहतर है। हालांकि, बीती दो तिमाहियों में बड़ी कंपनियों की तुलना में छोटी कंपनियों ने गैर-खाद्य श्रेणियों में उच्च मात्रा वृद्धि दर देखी है।

# बड़े शहरों में खाली पड़े शॉपिंग मॉल की संख्या बढ़कर 64 हुई

- रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के आठ प्रमुख शहरों में खाली पड़े शॉपिंग मॉल की संख्या पिछले साल 57 से बढ़कर 64 हो गई। इसकी वजह खुदरा विक्रेता और उपभोक्ताओं के प्रीमियम संपत्तियों को तरजीह देना है। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने मंगलवार को 'थिंक इंडिया थिंक रिटेल 2024' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। इसमें 29 शहरों के शॉपिंग सेंटर और बड़े बाजारों पर गौर किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, आठ प्रमुख महानगरों में खाली पड़ी खुदरा संपत्तियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। करीब 1.33 करोड़ वर्ग फुट सकल पट्टे योग्य क्षेत्र वाले 64 शॉपिंग मॉल को 2023 में 'घोस्ट शॉपिंग सेंटर' के रूप में वर्गीकृत किया गया। 'घोस्ट शॉपिंग सेंटर' से तात्पर्य उन मॉल से है जो 40 प्रतिशत से अधिक खाली हैं।




**हैदराबाद में संख्या 19 फीसदी घटी :** हैदराबाद में केवल ऐसे मॉल की संख्या 19 प्रतिशत घटी है। कोलकाता में इनमें सबसे अधिक सालाना आधार पर 237 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, 'बढ़ती खर्च योग्य आय, युवा जनसांख्यिकी और शहरीकरण से प्रेरित उपभोग की गति संगठित खुदरा क्षेत्र के पक्ष में है।'

**PUBLIC NOTICE**

I, Vivek Gupta S/o Dr. M L Gupta R/o C-36, Sarita Vihar, Delhi-110076 have purchased a property bearing unit no. D1002, Plot Size-200 sqyd in Golf Country Noida, Gautam Buddha Nagar. I have lost the original allotment letter & payment receipts of the above said property, I have requested, to issue the duplicate allotment letter of the said property, if anybody or financial Institutions have objection, he/she may contact to M/s Suprtech Limited office Plot no-C-2, Sector 96, Noida 201303 UP, Within 15 Day.

### सोने में 200 रुपये की बढ़त चांदी में 700 रुपये का उछाल



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोना 200 रुपये की बढ़त के साथ 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 700 रुपये के उछाल के साथ 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 84,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### एनएसई 18 मई को करेगा विशेष सत्र का आयोजन

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने मंगलवार को कहा कि वह शेयर और इक्विटी वायदा एवं विकल्प खंड में 18 मई को विशेष सत्र का आयोजन करेगा। इस पहल का मकसद किसी प्रकार की बड़ी बाधा या विफलता की स्थिति से निपटने को लेकर तैयारियों का आकलन करना है। विशेष 'लाइव' कारोबारी सत्र के दौरान प्राथमिक साइट (पीआर) की जगह 'डिजास्टर रिकवरी' (डीआर) साइट का उपयोग किया जाएगा। किसी आपात स्थिति के दौरान प्राथमिक 'डेटा सेंटर' के उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे और परिचालन को बहाल करने के लिए 'डिजास्टर रिकवरी साइट' का उपयोग किया जाता है।

# सेंसेक्स 384 अंक टूटा, निफ्टी 140 अंक के नुकसान में

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 384 अंक टूट गया। शेयरों का मूल्यांकन ऊंचा होने को लेकर चिंता के बीच एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स ने शुरुआती बढ़त को गंवा दिया और अंत में यह 383.69 अंक की गिरावट के साथ 73,511.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 636.28 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 140.20 अंक की गिरावट के साथ 22,302.50 अंक पर बंद हुआ। असीत सी मेहता इन्वेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स लि. में सहायक उपाध्यक्ष हृषिकेश येदवे (तकनीकी और डेरिवेटिव्स रिसर्च) ने कहा, 'घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ खुला। हालांकि, कुछ उतार-चढ़ाव के बाद बाजार में बड़े स्तर पर मुनाफावसूली देखने को मिली।'



### ये शेयर रहे लाभ में

सेंसेक्स के शेयरों में पावरग्रिड, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### इनमें रहा नुकसान

दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर पांच प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। लाभ में रहने वाले अन्य शेयरों में टेक महिंद्रा, नेस्ले, आईटीसी, विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और कोटक महिंद्रा बैंक शामिल हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82Cr.PC देखिये**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजीव कुमार** पुत्र श्री डाल चंद, निवासी मकान नं.4/2559, गली नंबर-17, भोला नाथ नगर, शाहदरा, दिल्ली ने केस **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 179/2013 धारा 379/411 आईपीसी पुलिस थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजीव कुमार** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजीव कुमार** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती हैं कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 179/2013 धारा 379/411 आईपीसी पुलिस थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **राजीव कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.06.2024** को या उससे पहले हाजिर हों।

**आदेशानुसार**
**सुश्री छाया त्यागी**
**मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट(पूर्व)-05,**
**कमरा नंबर-03, दूसरी मंजिल,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5326/SHD/2024 (Court Matter)**

### कारोबारी घंटे बढ़ाने का एनएसई का प्रस्ताव सेबी ने ठुकराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने डेरिवेटिव सेगमेंट में शेयर बाजार में कारोबारी समय के विस्तार के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रस्ताव को वापस कर दिया है। ब्रोकर समुदाय के बीच आम सहमति की कमी के कारण सेबी ने ये फैसला लिया है। सेबी ने एक्सचेंजों की ओर से ट्रेडिंग समय बढ़ाने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। शेयर बाजार में कुछ समय से ट्रेडिंग के घंटे बढ़ाने के लिए कुछ वर्ग से मांग की जा रही थी जिस पर अब सेबी ने ये फैसला सुनाया है।

- डेरिवेटिव सेगमेंट में समय बढ़ाना का प्रस्ताव एनएसई को किया वापस




### आज कैसा है शेयर बाजार का हाल

बाजार की शुरुआत तो तेजी के साथ हुई थी लेकिन दिन के कारोबार के समय सेंसेक्स 248.85 अंक या 0.34 फीसदी की गिरावट के साथ 73,646 तक नीचे आ गया था। इसके अलावा निफ्टी में भी 73.80 अंकों की गिरावट के बाद 22,368 के लेवल पर कारोबार देखा गया।

### इंडिया रेटिंग्स ने भारत के वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाया

**मुंबई।** इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया। यह अनुमान रिजर्व बैंक के सात प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा अधिक है। घरेलू रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि सरकारी पूंजीगत व्यय बने रहने, कॉरपोरेट और बैंकिंग क्षेत्र के बही-खाते में कर्ज की कमी और आरंभिक निजी कॉरपोरेट पूंजीगत व्यय से मिले मजबूत समर्थन ने उसे वृद्धि अनुमान में संशोधन करने के लिए मजबूर किया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विवेक अग्रवाल** पुत्र उमेश अग्रवाल निवासी सी–90, गली नं. 4, महेन्द्रू एंकलेव, दिल्ली–110052 ने केस सं. 6700/17 धारा 138 एन.आई. अधिनियम थाना हौज काजी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विवेक अग्रवाल** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विवेक अग्रवाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस सं. 6700/17 धारा 138 एन.आई. अधिनियम थाना हौज काजी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **विवेक अग्रवाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.07.2024** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री नितीश कुमार शर्मा**
**महानगर दण्डाधिकारी, एनआई अधिनियम–01 (मध्य)**
**कमरा नं. 201, दूसरा तल, कोर्ट बिल्डिंग एनेक्सी–II,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5115/CD/24**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5504



**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

**शब्द पहेली -5503 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बं | दा | न | वा | ज | ■ | आ | स | मा | न |
| न | दी | ■ | र | ■ | ल | बा | दा | ■ | र | जा |
| ब | ■ | ज | म | ज | म | ■ | ब | री | ■ | क |
| जी | म | ना | ■ | ■ | ह | ठ | ■ | ता | क | त |
| ब | ■ | चा | ■ | जे | ल | ■ | पे | ■ | ता | ■ |
| न | ग | र | से | ठ | ■ | फ | ट | का | र | ना |
| ■ | री | ■ | ना | ■ | स | ना | ■ | ते | ■ | म |
| सु | ब | ह | ■ | दा | म | ■ | ■ | बा | री | क |
| र | ■ | क | श | ■ | झ | न | का | र | ■ | र |
| ता | प | ■ | प | र | दा | ■ | म | ■ | क | ण |
| ल | थ | प | थ | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5515

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5514 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# महिला टी-20 विश्व कप 2024: भारत की भिड़ंत 6 अक्टूबर को पाकिस्तान से

## बांग्लादेश में 3 अक्टूबर से शुरू होगा विश्व कप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बांग्लादेश में 3 से 20 अक्टूबर तक होने वाले 9वें आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 के शेड्यूल का ऐलान कर दिया। 18 दिन तक चलने वाले इस विश्व कप में 10 टीमों के बीच कुल 23 मुकाबले खेले जाएंगे। बांग्लादेश के दो वेन्यू शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम और सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप के मैच खेले जाएंगे। महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 का शेड्यूल ढाका में हुए एक कार्यक्रम में घोषित किया गया। कार्यक्रम के अनुसार भारत-पाकिस्तान के बीच 6 अक्टूबर को भिड़ंत होगी।

### पीएम शेख हसीना ने दी कप्तानों को बधाई

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड द्वारा कार्यक्रम की घोषणा के समय बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन, आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस और भारत और बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम की कप्तान- हरमनप्रीत कौर और निगार सुल्ताना ने भी हिस्सा लिया। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने घर पर भारतीय और बांग्लादेश की महिला टीम की कप्तानों से मुलाकात की और एक सफल विश्व कप के लिए शुभकामनाएं दीं।




### भारत-पाकिस्तान एक ही ग्रुप में

ग्रुप-ए में 6 बार के विजेता ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और क्वालीफायर 1 शामिल हैं, जिनके मैच सिलहट में होंगे। बी ग्रुप में मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और क्वालीफायर 2 के बीच ग्रुप-बी मैच ढाका में खेले जाएंगे।

### भारतीय टीम का शेड्यूल

पहला मैच 4 अक्टूबर, न्यूजीलैंड से
दूसरा मैच 6 अक्टूबर, पाकिस्तान से
तीसरा मैच 9 अक्टूबर, क्वालिफायर-1
चौथा मैच 13 अक्टूबर, ऑस्ट्रेलिया से

### ओपनिंग मैच साउथ अफ्रीका-इंग्लैंड के बीच

टी20 वर्ल्ड कप के शुरुआती दिन यानी 3 अक्टूबर को ढाका में शाम के मैच में बांग्लादेश का सामना क्वालीफायर 2 से होगा। इससे पहले, 2023 की रनरअप दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप के शुरुआती मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगी।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : लाहौर में भारत के मैच कराना चाहता है पाकिस्तान, आईसीसी को भेजा प्रस्ताव



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल पाकिस्तान में प्रस्तावित चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए रूपरेखा बनाना शुरू कर दिया है। इसके तहत उसने भारतीय क्रिकेट टीम के सभी मैच लाहौर में कराने का निर्णय किया है। इसको लेकर उसने इंटरनेशन क्रिकेट काउंसिल को प्रस्ताव भेज दिया है। हालांकि, वनडे प्रारूप में होने वाले 8 टीमों के इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम को अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन इसके फरवरी के मध्य में शुरू होने की संभावना है।

### भारत के पाक जाने पर संशय

इस योजना के बाद भी भारत के अभी चैंपियन ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने को लेकर संशय बना हुआ है। इसका कारण दोनों देशों के बीच तनाव और पिछले साल एशिया कप के लिए भारत द्वारा पाकिस्तान जाने से इनकार करना है। ऐसे में पीसीबी की इस योजना के बाद भी भारत के वहां जाने पर कुछ कहा नहीं जा सकता है। इसी तरह अभी पीसीबी को अपनी योजना पर आईसीसी की इजाजत मिलने का भी इंतजार करना होगा।

**पहली बार पाक में होगा चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन**
पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी का मौजूदा चैंपियन है, जिसने 2017 में ओवल में खेले गए फाइनल में भारत को हराया था। यदि पाकिस्तान इस मेगा टूर्नामेंट का आयोजन करता है तो यह पहली बार होगा, जब उसे इस टूर्नामेंट की मेजबानी मिलेगी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 |
| बेंगलोर | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |

ऑरेंज कैप

विराट कोहली
542 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप

जसप्रीत बुमराह
18 विकेट
मुंबई

**बाउंड्री मीटर**
1703 चौके
972 छक्के


### खबर संक्षेप



### सीएसके फैन पर टूटा मिचेल का कहर, एक शॉट से दिए दो जख्म

**नई दिल्ली।** पांच बार की आईपीएल विजेता चेन्नई सुपर किंग्स ने न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डैरिल मिचेल को आईपीएल 2024 की नीलामी में 14 करोड़ की भारी-भरकम रकम देकर खरीदा था। मिचेल ने टीम को अभी तक कुछ खास फायदा तो पहुंचाया नहीं है बल्कि उल्टा टीम के फैन का अच्छा-खासा का नुकसान कर दिया। दरअसल, मिचेल जब प्रैक्टिस कर रहे थे तब उन्होंने ऐसा शॉट लगाया कि उनकी गेंद वीडियो बना रहे एक फैन के आईफोन पर लगा जिससे न केवल आईफोन टूट गया बल्कि उसे चोट भी पहुंची। इस घटना के बाद मिचेल तुरंत उसके पास पहुंचे और इसकी भरपाई करने की कोशिश भी की। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मिचेल ने इसकी भरपाई करने अपने ग्लव्स उसे तोहफे में दे दिए।

### केकेआर की टीम ने काशी विश्वनाथ के दरबार में टेका माथा



**मुंबई।** कोलकाता ने रविवार को लखनऊ को उसके ही घर में घुसकर 98 रनों से करारी हार दी। इस जीत के बाद सोमवार को टीम को अपने घर कोलकाता में जाना था। टीम फ्लाइट में बैठ गई थी लेकिन कोलकाता में मौसम बिगड़ने के कारण फ्लाइट को गुवाहाटी भेज दिया गया लेकिन खराब मौसम के कारण यहां भी टीम नहीं उतर सकी और फिर सुबह तीन बजे टीम वाराणसी उतरी। इस मौके का टीम ने पूरा फायदा उठाया और काशी विश्वनाथ मंदिर व मां गंगा के दर्शन किए। टीम के खिलाड़ियों ने वाराणसी में रुकने का पूरा फायदा उठाया और काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए। कई खिलाड़ियों ने अपने इंस्टाग्राम पर इसके फोटो पोस्ट किए। कई खिलाड़ियों ने गंगा नदी में वोटिंग का भी लुत्फ लिया।

## कैपिटल्स की उम्मीदें कायम, राजस्थान का प्लेऑफ का इंतजार बढ़ा

# पोरेल व फ्रेजर-मैकगर्क के अर्धशतक दिल्ली ने रॉयल्स को 20 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सलामी बल्लेबाजों अभिषेक पोरेल और जेक फ्रेजर-मैकगर्क के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 20 रन से हराकर प्ले ऑफ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। दिल्ली के 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन (46 गेंद में 86 रन, आठ चौके, छह छक्के) के बड़े अर्धशतक के बावजूद रॉयल्स की टीम आठ विकेट पर 201 रन ही बना सकी। रियान पराग (27) और शुभम दुबे (25) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। दिल्ली की तरफ से कुलदीप यादव ने 25, मुकेश कुमार ने 30 जबकि खलील अहमद ने 47 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। इस जीत से दिल्ली के 12 मैच में छह जीत से 12 अंक हो गए हैं। टीम हालांकि अंक तालिका पर छठे स्थान पर ही बनी हुई है। रॉयल्स की टीम 11 मैच में 16 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। दिल्ली ने इससे पहले पोरेल (36 गेंद में 65 रन, सात चौके, तीन छक्के) और फ्रेजर-मैकगर्क (50 रन, 20 गेंद, सात चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक और दोनों के बीच पहले विकेट की 4.2 ओवर में 60 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 221 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स (20 गेंद में 41 रन, तीन छक्के, तीन चौके) ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स ने पारी की दूसरी गेंद पर ही यशस्वी जायसवाल (04) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने खलील अहमद की गेंद पर मिड ऑफ पर अक्षर पटेल को कैच थमाया। सैमसन शुरूआत से ही अच्छी लय में नजर आए। उन्होंने खलील पर चौका और छक्का जड़ने के बाद इशांत शर्मा के ओवर में दो चौके और एक छक्का मारा। सलामी बल्लेबाज जोस बटलर आठ रन के निजी स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब मुकेश कुमार की गेंद को हवा में लहरा गए लेकिन स्टब्स ने कवर में उनका कैच टपका दिया। सैमसन ने इसी ओवर में लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का मारा। बटलर ने अगले ओवर में पटेल पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 19 रन बनाए। रॉयल्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 67 रन बनाए।

**दिल्ली-221/8 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| जेक का फरेरा बो मैकगर्क | 50 |
| अभिषेक का संदीप बो अश्विन | 65 |
| शाई होप रन आउट | 01 |
| अक्षर का पराग बो अश्विन | 15 |
| ऋषभ पंत का बोल्ट बो चहल | 15 |
| ट्रिस्टन स्टब्स पगबाधा बो संदीप | 41 |
| गुलबदीन का अश्विन बो बोल्ट | 19 |
| रसिख सलाम रन आउट | 09 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 05 |

अतिरिक्त: 01
कुल:20 ओवर में आठ विकेट पर: 221 रन
गेंदबाजी: बोल्ट 4-0-48-1, संदीप 4-0-42-1, आवेश 2-0-42-0, अश्विन 4-0-24-3, पराग 2-0-17-0, चहल 4-0-48-1

**राजस्थान-201/8 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का अक्षर बो खलील | 04 |
| जोस बटलर बो अक्षर | 19 |
| संजू सैमसन का होप बो मुकेश | 86 |
| रियान पराग बो रसिख | 27 |
| शुभम दुबे का स्टब्स बो खलील | 25 |
| रोवमैन पावेल बो मुकेश | 13 |
| डोनोवन पगबधा बो कुलदीप | 01 |
| अश्विन का होप बो कुलदीप | 02 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 02 |
| आवेश खान नाबाद | 07 |

अतिरिक्त: 15
कुल:20 ओवर में आठ विकेट पर: 201 रन
गेंदबाजी: खलील 4-0-47-2, इशांत 3-0-34-0, मुकेश 3-0-30-2, अक्षर 3-0-25-1, कुलदीप 4-0-25-2, रसिख 3-0-36-1

### लखनऊ-सनराइजर्स में आज पहली बार होगी भिड़ंत, प्ले ऑफ की दौड़ में दोनों टीमें

**हैदराबाद।** अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ आज बुधवार 8 मई को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रन रेट (माइनस 0 . 065) लखनऊ (माइनस 0 . 371) से बेहतर है। अंकतालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं। सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 57वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स हैदराबाद में होगा। एसआरएच ने इस सीजन 11 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से 6 में टीम को जीत और 5 में हार मिली है। एलएसजी ने भी 11 मैच खेले हैं, जिसमें से उसे भी 6 में जीत और 4 मुकाबलों में हार मिली है। यह मैच आज हैदराबाद स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा।

## प्रीति सहित सात भारतीय मुक्केबाजों ने स्वर्ण जीते

भाषा ▶▶| अस्ताना (कजाकिस्तान)



पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकीं प्रीति उन सात भारतीय मुक्केबाजों में शामिल हैं जिन्होंने यहां एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन मंगलवार को स्वर्ण पदक जीते और भारत के कुल पदकों की संख्या को 43 पर पहुंचाया। प्रीति (54 किग्रा) ने पहले दौर में 0-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और फाइनल में कजाकिस्तान की बजरोवा एलिना पर 3-0 से जीत दर्ज करके स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय मुक्केबाजों ने इस प्रतियोगिता में 12 स्वर्ण, 14 रजत और 17 कांस्य पदक जीते तथा वह मेजबान कजाकिस्तान (48 पदक) के बाद दूसरे स्थान पर रहा। भारत को मंगलवार को पहला पदक विश्वनाथ सुरेश ने 48 किग्रा भार वर्ग में दिलाया। उन्होंने फाइनल में कजाकिस्तान के कराप येरनार को 5-0 से पराजित किया। निखिल ने 57 किग्रा भार वर्ग में कजाकिस्तान के साबिर येरबोलट को हराकर स्वर्ण पदक जीता। रेफरी ने यह मुकाबला तीसरे दौर में रोककर भारतीय मुक्केबाज को विजेता घोषित किया। आकाश गोरखा (60 किग्रा) ने कजाकिस्तान के रुसलान कुजेउबायेव पर 4-1 से जीत हासिल करके पुरुष वर्ग में भारत के लिए दिन का तीसरा स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग में पूनम पूनिया (57 किग्रा) और प्राची (63 किग्रा) ने क्रमशः कजाकिस्तान की साकिश एनेल और अनार तुर्सिनबेक को समान 4-1 के अंतर से हराया। मुस्कान (75 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान की जोकिरोवा अजीजा को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 3-2 से हराकर भारत को दिन का सातवां स्वर्ण पदक दिलाया। प्रीत मलिक (67 किग्रा), गुड्डी (48 किग्रा), तमन्ना (50 किग्रा), सनेह (70 किग्रा) और अल्फिया पठान (81 किग्रा) को हालांकि रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय अंडर-22 टीम ने सात स्वर्ण, पांच रजत और नौ कांस्य सहित कुल 21 पदक जीते।

### भारतीय टीम ने एशियाई ओपन पिकलबॉल में तीन स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीते

**नई दिल्ली।** भारत ने वियतनाम में एशियाई ओपन पिकलबॉल चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीतकर दमदार प्रदर्शन किया। मिश्रित युगल 'इंटरमीडिएट 35+ वर्ग में' सचिन पाहवा और प्रियंका छाबड़ा की जोड़ी ने रुबेन हेलबर्ग और चितलदा हेमासी पर 11-9, 5-11, 11-9 की रोमांचक जीत से स्वर्ण पदक हासिल किया। ईशा लखानी और पेई चुआन काओ ने महिला युगल ओपन वर्ग में जीत का सिलसिला जारी रखते हुए डांग किम नगन और टायक के को हराकर देश के लिए दूसरा स्वर्ण जीता। पुरुष युगल स्पर्धा में अनिकेत पटेल और रोहित पाटिल ने निक एलेसेंड्रो इसागन और लेस्टर गा को कड़े मुकाबले में हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 5-11, 11-6, 11-8 से जीत दर्ज की। विजय मेनन ने पुरुष एकल 'एडवांस 35+ वर्ग ' में यू हसन चेर को हराकर कांस्य पदक हासिल किया। प्रियंका छाबड़ा ने महिला एकल 'इंटरमीडिएट 35+ वर्ग' में मारिसा फोंगसिरिकुल को हराकर कांस्य पदक जीता।

## आईपीएल के एक सीजन में इन सलामी जोड़ियों ने बनाए हैं सर्वाधिक रन



एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अब तक सभी टीमों ने कम से कम 10 मैच खेल लिए हैं और अब तक ये संस्करण बल्लेबाजों के लिए जोरदार बीता है। इस संस्करण में कई टीमों ने 200 से ज्यादा रन का आंकड़ा पार किया है और दूसरी टीमों ने रोमांचक खेल में इन्हें चेस भी किया है। इस बीच कुछ सलामी जोड़ियों ने कमाल का प्रदर्शन किया है। आईपीएल के इतिहास में किसी एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली सलामी जोड़ियों में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस तथा दूसरे नंबर पर रुतुराज व फाफ के नाम दर्ज है।

### विराट कोहली- डु प्लेसिस (939 रन, 2023)

आईपीएल 2023 में विराट कोहली और डु प्लेसिस की सलामी जोड़ी ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इन प्रमुख बल्लेबाजों ने 67.07 की औसत से 939 रन जोड़े थे, जिसमें 3 शतक और 5 अर्धशतक शामिल थे। डु प्लेसिस ने 730 रन बनाए, वहीं कोहली ने 639 रनों के साथ अपना अभियान समाप्त किया था। तमाम कोशिशों के बावजूद आरसीबी की टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थी।

### गायकवाड़ और डु प्लेसिस (756 रन, 2021)

सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ और फाफ डु प्लेसिस ने 2021 के संस्करण में चेन्नई सुपर किंग्स की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। क्रिकइंफो के अनुसार, इस जोड़ी ने आईपीएल 2021 में 47.25 की औसत से 756 रन बनाए थे। इसमें 2 शतक और 5 अर्धशतकीय साझेदारी भी शामिल हैं। गायकवाड़ ने जहां 635 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल की, वहीं डु प्लेसिस (633) उनसे मामूली अंतर से पीछे रह गए थे।



### अप्रैल महीने के लिए तीन खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नॉमिनेट

**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की तरफ से हर महीने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बढ़िया प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द मंथ के रूप में चुना जाता है। यह अवार्ड खिलाड़ियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए हर महीने दिया जाता है। वहीं अप्रैल महीने के लिए आईसीसी ने तीन खिलाड़ियों को नॉमिनेट कर लिया है, पाकिस्तान समेत यूएई और नामीबिया के खिलाड़ी शामिल है। गौर करने वाली बात यह है कि इसमें एक भी भारतीय खिलाड़ी का नाम शामिल नहीं है, क्योंकि मार्च महीने के आखिर से भारतीय खिलाड़ी आईपीएल खेल रहे हैं। आईसीसी ने प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को नॉमिनेट किया है। दरअसल, हाल ही में न्यूजीलैंड के साथ खेले गए टी20 सीरीज में शाहीन शाह अफरीदी ने कमाल की गेंदबाजी की थी।


नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरासमस को अप्रैल महीने में प्लेयर ऑफ द मंथ खिलाड़ी के रूप में नॉमिनेट किया

## एआईसीएफ के प्रेसिडेंट नारंग ने शतरंज के विकास के लिए 65 करोड़ का बजट पेश किया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



निर्वाचित अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के प्रेसिडेंट (अध्यक्ष) नितिन नारंग ने मंगलवार को भारत में शतरंज के खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए 65 करोड़ रुपये का विशाल बजट पेश किया है। एआईसीएफ की देर शाम आयोजित आम सभा में प्रस्तावित प्रमुख पहलों पर चर्चा की गई। इन पहलों की मदद से पेशेवर और जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को वित्तीय और संस्थागत सहायता प्रदान करके भारत में शतरंज के खेल को मजबूती प्रदान करना है। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए एआईसीएफ प्रो और एआईसीएफ पॉपुलर जैसे कार्यक्रमों का शुभारंभ करने की योजना है, जो हर घर शतरंज के नजरिए को साकार करने में सहायक होगा। मेरा मिशन 'घर-घर शतरंज-हर घर शतरंज' के मोटो के साथ शतरंज को हर घर तक पहुंचाना है। हम जिला संघों को सीधे सहायता देने वाले पहले खेल महासंघ हैं। हम 15 लाख रुपये तक की सहायता के साथ तीन साल के लिए राज्य संघों को सपोर्ट करेंगे। इसके साथ ही भारत के लिए खास प्लेयर रैंकिंग सिस्टम की शुरुआत करते हुए एआईसीएफ प्रो के तहत सभी आयु वर्ग में 2 करोड़ के बजट के साथ 42 खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी अनुबंध शुरू करेंगे। टॉप 20 एफआईडीई-रेटेड खिलाड़ियों को 25,00,000 रुपये और 12,50,000 रुपये प्रति वर्ष का अनुबंध मिलेगा, जिसका कुल खर्च 4 करोड़ रुपये होगा। इस बैठक में एक चेस डेवलपमेंट फंड बनाने, सभी स्तरों पर खिलाड़ियों के साथ अनुंबध और कोचिंग के जरिए वित्तीय सहायता देने, जिला और राज्य संघों को आर्थिक सहायता देने, विशिष्ट स्तर के प्रशिक्षण के लिए एक अत्याधुनिक नेशनल चेस एरेना (एनसीए) की स्थापना जैसे कई प्रस्ताव पास किए गए।

### धोनी टी20 करियर में पहली बार 9वें नंबर पर बैटिंग करने उतरे

# पंजाब किंग्स के खिलाफ धोनी ने रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

आईपीएल 2024 का 53वां मुकाबला पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच हिमाचाल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन, धर्मशाला में खेला गया है। इस मैच में पंजाब किंग्स को 28 रनों से शिकस्त झेलने पड़ी। वहीं सीजन में पहली बार महेंद्र सिंह धोनी गोल्डन डक पर आउट हुए। हालांकि गोल्डन डक पर आउट होने के बावजूद उन्होंने आईपीएल में इतिहास रचते हुए एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।



### 150 कैच पूरे करने वाले धोनी पहले विकेटकीपर

महेंद्र सिंह धोनी ने पंजाब किंग्स के खिलाफ दूसरी पारी में इतिहास रचते हुए एक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, सिमरजीत सिंह के ओवर में जितेश शर्मा का कैच लपककर महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल में अपने 150 कैच पूरे कर लिए हैं। वहीं आईपीएल में 150 कैच पकड़ने वाले महेंद्र सिंह धोनी पहले विकेट कीपर बन गए हैं। आपको बता दें एमएस धोनी ने यह रिकॉर्ड अपने 261वें मुकाबले में बनाया।

### गोल्डन डक पर आउट हुए धोनी

पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में एमएस धोनी टी20 करियर में पहली बार ऐसा हुआ, जब वे 9वें नंबर पर बैटिंग करने उतरे। इसके अलावा आईपीएल 2024 में पहली बार धोनी गोल्डन डक पर आउट हुए। महेंद्र सिंह धोनी 18.5वें ओवर में हर्षल पटेल के ओवर में गोल्डन डक का शिकार हुए।

### आईपीएल में सर्वाधिक कैच पकड़ने वाले विकेटकीपर

महेंद्र सिंह धोनी- 150, दिनेश कार्तिक- 144, एबी डिविलियर्स- 118

### ज्यादा शिकार बनाने वाले विकेटकीपर

महेंद्र सिंह धोनी- 188, दिनेश कार्तिक- 172, ऋद्धिमान साहा- 113, ऋषभ पंत- 93, रॉबिन उथप्पा- 90




भारत की भागीदारी से पर्यटन उद्योग और बड़े पैमाने पर अर्थव्यवस्था के लिए अपार संभावनाएं

# मिडिल ईस्ट के पर्यटन बाजार में मजबूती से पैर जमाने के लिए भारत ने अरेबियन ट्रैवल मार्ट 2024 में रखा कदम



- अभियान का लक्ष्य भारत को ओवरऑल डेस्टिनेशन के रूप में बढ़ावा देना
- मंडप का उद्घाटन दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत सतीश कुमार ने किया
- पर्यटन क्षेत्र में राजस्व एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद
- भारत इस आयोजन में 6 मई से लेकर 9 मई तक भाग ले रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पर्यटन मंत्रालय ने दुबई में आयोजित अरेबियन ट्रैवल मार्ट 2024 में भाग लिया। मंत्रालय ने पूरे वर्ष के दौरान भारत को एक समग्र गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने हेतु 'कूल समर्स ऑफ इंडिया' अभियान की शुरुआत की। बता दें भारत इस आयोजन में 6 मई से लेकर 9 मई तक भाग ले रहा है। अरेबियन ट्रैवल मार्ट 2024 में भारत की भागीदारी से पर्यटन उद्योग और बड़े पैमाने पर अर्थव्यवस्था के लिए अपार संभावनाएं हैं।

यह आयोजन पर्यटन से जुड़ी भारतीय कंपनियों को अपनी पेशकश प्रदर्शित करने, उद्योग के भीतर गठबंधन बनाने और मेना क्षेत्र के आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। बदले में, इससे पर्यटन क्षेत्र में राजस्व एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

*दुबई में आयोजित हो रहे अरेबियन ट्रैवल मार्ट 2024 में भाग लेना भारत की उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अतुल्य भारत मंडप का उद्घाटन सोमवार को दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत सतीश कुमार सिवन ने किया।*

## मॉरीशस में जाएगा भारत का गैर-बासमती चावल



केंद्र सरकार ने मॉरीशस को 14 हजार मीट्रिक टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की मंजूरी दे दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि मॉरीशस को 14 हजार मीट्रिक टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है। डीजीएफटी ने कहा कि मॉरीशस को यह निर्यात राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से की जाएगी। इससे पहले भारत सरकार ने तंजानिया, जिबूती और गिनी-बिसाऊ सहित कुछ अफ्रीकी देशों को गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दी थी। इसके अलावा नेपाल, कैमरून, कोटे डि-आइवरी, गिनी, मलेशिया, फिलीपींस और सेशेल्स जैसे देशों को भी गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है। केंद्र सरकार ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए 20 जुलाई, 2023 से ही गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है।

**'कूल समर्स ऑफ इंडिया' अभियान**

उल्लेखनीय है कि पर्यटन मंत्रालय ने अरेबियन ट्रैवल मार्ट में 'कूल समर्स ऑफ इंडिया' अभियान की शुरुआत की है। यह डिजिटल अभियान गर्मी के मौसम में यात्रा की दृष्टि से भारत के बेहद गर्म होने की धारणा को चुनौती देता है और इसमें हिमालय सहित विभिन्न पहाड़ी रिसॉर्ट्स से संबंधित पेशकश पर जोर दिया गया है।

## बाजार पर कब्जा करने का लक्ष्य

संयुक्त अरब अमीरात के संपूर्ण बाजार पर कब्जा करने के लक्ष्य के साथ, इस मंडप ने शानदार ढंग से अपना कदम रखा है। टूर ऑपरेटरों, लक्जरी होटल, वेलनेस रिसॉर्ट्स और भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए भारत खुद को 365-दिवसीय गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करने के लिए तैयार है।

नौसेना ने की दक्षिण चीन सागर में पूर्वी बेड़े की तैनाती

# चीन पर नकेल कसेगा भारत, तीन जहाज 'दिल्ली, शक्ति और किल्टन' पहुंचे सिंगापुर



*पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग आरएडीएम राजेश धनखड़ के नेतृत्व में नौसेना के जहाज दिल्ली शक्ति और किल्टन 6 मई को सिंगापुर पहुंचा है। जहां सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के कर्मियों और सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त ने स्वागत किया।*

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

दक्षिण चीन सागर में नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में तीन भारतीय नौसेना जहाज सिंगापुर पहुंचे हैं।

भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रियर एडमिरल राजेश धनखड़ के नेतृत्व में भारतीय नौसेना के जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन सोमवार को सिंगापुर पहुंचा है। मौजूदा तैनाती दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित करती है। यह यात्रा दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती का हिस्सा है।

- सीमा सड़क संगठन 18 परियोजनाओं पर कार्य करने वाला महत्वपूर्ण संगठन
- सिंगापुर नौसेना और भारतीय उच्चायुक्त ने गर्मजोशी से स्वागत किया
- यह प्रक्रिया दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित करती है

## सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ मित्र देशों में भी सड़कें बनाईं



सीमा सड़क संगठन ने मंगलवार को अपना 65वां स्थापना दिवस मनाया। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा कि बीआरओ ने भूटान, म्यांमार, अफगानिस्तान और तजाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ-साथ मित्र देशों में भी सड़कें बनाई हैं।

## सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा संगठन

उन्होंने सीमा सड़क संगठन को एक अत्यंत महत्वपूर्ण संगठन बताया, जो सीमावर्ती क्षेत्रों में देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रक्षा सचिव ने आग्रह किया कि परियोजनाओं को तीव्र गति से पूरा करने के लिए नवीनतम तकनीक अपनाई जाए। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने सिल्कयारा सुरंग ढहने और सिक्किम बाढ़ के दौरान राहत और बचाव प्रयासों में सीमा सड़क संगठन कर्मियों के बहुमूल्य योगदान को याद किया। रक्षा सचिव अरमाने ने सेला सुरंग पर कुछ पुस्तकों का अनावरण भी किया। उन्होंने वर्ष 2023-24 के लिए सीमा सड़क संगठन कर्मियों को उत्कृष्टता पुरस्कार और महिलाओं को सम्मानित किया।

## स्थानों को जोड़ने का कार्य जारी रखें

*सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने कहा कि बीआरओ की टैगलाइन 'इन द साइलेंस ऑफ आवर ग्रेट माउंटेन्स-वर्क स्पीक्स' संगठन के समर्पण, दृढ़ता और देश के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन पर प्रभाव को दर्शाती है। उन्होंने सभी रैंकों से जुड़े कर्मियों का आह्वान किया कि वे स्थानों को जोड़ने का कार्य करें।*



# 3 नए आपराधिक कानूनों पर पाठ्यक्रम की शुरुआत

कर्मयोगी भारत के निदेशक मंडल की 12वीं बैठक में चर्चा



एजेंसी ▶▶ मुंबई

कर्मयोगी भारत के निदेशक मंडल की 12वीं बैठक का आयोजन 3 मई को मुंबई में किया गया। बोर्ड ने आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर एक करोड़ पाठ्यक्रम नामांकन और 1,000 पाठ्यक्रमों के दोहरे मील के पत्थर को स्वीकार किया। बोर्ड ने संसद द्वारा पारित 3 नए आपराधिक कानूनों पर पाठ्यक्रमों का शुभारंभ किया गया है। यह भारतीय न्याय संहिता 2023, नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, साक्षी अधिनियम 2023 और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम हैं।







मनी लॉड्रिंग में ईडी के पास रकम व संपत्ति को जब्त करने का अधिकार

# छापेमारी में जब्त 'नोटों के पहाड़'... बन जाती है सरकार की संपत्ति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रांची में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी में 35 करोड़ रुपए से ज्यादा बरामद किए हैं। ये छापेमारी झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के हाउस हेल्पर के यहां की गई थी। ईडी ने सोमवार को संजीव लाल के हाउस हेल्पर जहांगीर आलम के यहां छापा मारा था।

जहांगीर आलम के फ्लैट से ईडी ने 35.23 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। जबकि, दूसरे ठिकाने से 2.13 करोड़ से ज्यादा की जब्ती की गई है। ईडी ने ये छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में की है। पैसों की जब्ती के अलावा ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे और सवालों को टाल रहे थे। कुल मिलाकर अब तक इस मामले में 37 करोड़ से ज्यादा की नकदी जब्त की जा चुकी है।



## आपराधिक आय की जब्ती

प्रिवेन्शन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट के मुताबिक, पैसों की हेराफेरी या गबन कर कोई संपत्ति या नकदी जुटाई गई तो वो आपराधिक आय होती है और उसे मनी लॉड्रिंग माना जाता है। 'अपराध की आय' का मतलब ऐसी कमाई से है, जो व्यक्ति किसी आपराधिक गतिविधि के जरिए कमाता है। ईडी के दायरे में यही आता है। वहीं, जब मामला 'बेहिसाब नकदी' का हो, तो उसकी जांच आयकर विभाग करता है।

## जब्त नकदी का क्या होता है?

**यह है कंडीशन**

कानूनन ईडी को पैसे जब्त करने का अधिकार तो है, लेकिन वो इस बरामद नकदी को अपने पास नहीं रख सकती। जब भी एजेंसी नकदी बरामद करती है तो आरोपी से उसका सोर्स पूछा जाता है।

जब्त नकदी का इस्तेमाल न तो ईडी कर सकती है, न ही बैंक और न ही सरकार। ईडी एक अटैचमेंट ऑर्डर तैयार करती है। 6 माह में पुष्टि की जाती है।

## सीजर मेमो किया जाता तैयार

*कुल कितना कैश बरामद हुआ? किस करंसी के कितने नोट हैं? ये सबकुछ सीजर मेमो में नोट किया जाता है। सील करने और सीजर मेमो तैयार होने के बाद बरामद नकदी को एसबीआई की ब्रांच में जमा कराया जाता है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109